**आज का विचार**

खुदगर्ज की बस्ती में एहसान भी एक गुनाह है। तैरना जिसे सिखाओं वही डुबाने को तैयार रहता है।

# दैनिक सिटी दर्पण

आईना सच का



6

सिटी दर्पण-राष्ट्रीय दैनिक हिंदी समाचार पत्र की अधिकारिक वेबसाइट पर जाने के लिए स्कैन करें।

चंडीगढ़ | मंगलवार, 1 अक्तूबर, 2024 | वर्ष 22, अंक 241, मूल्यः 3 रुपए | RNI Regn No.: CHAHIN/2003/09265 Established 2003 | www.citydarpan.com

# भगवंत मान ने पराली जलाने की समस्या के समाधान के लिए स्थायी अभियान चलाने की वकालत

## स्वास्थ्य लाभ कर रहे सीएम ने पराली प्रबंधन पर की बैठक की अध्यक्षता, आगे की रणनीति तैयार करने के लिए अधिकारियों के साथ की बैठक

**सिटी दर्पण**
चंडीगढ़



- डिप्टी कमिश्नरों को अपने जिलों में जोर-शोर से अभियान शुरू करने के निर्देश
- पिछले तीन वर्षों में पंजाब में पराली जलाने की घटनाओं में 52 प्रतिशत की कमी
- पराली प्रबंधन मशीनों के लिए उन्नत एप पर 1.07 लाख आवेदन प्राप्त हुए

पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने राज्य में पराली जलाने की घटनाओं को और कम करने के लिए किसानों को पराली प्रबंधन के प्रति जागरूक करने के लिए एक स्थायी अभियान चलाने की आवश्यकता पर जोर दिया है। फसल अवशेष प्रबंधन की तैयारियों पर बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को प्रचार अभियान के माध्यम से पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक किया जाना चाहिए। उनको पराली प्रबंधन के लिए उपलब्ध मशीनों पर मिलने वाली सब्सिडी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसानों को यह भी बताया जाए कि कस्टम हायरिंग सेंटर्स के माध्यम से वे पराली प्रबंधन पर होने वाले खर्च को कम कर सकते हैं। भगवंत सिंह मान ने पंचायतों और अन्य साझा स्थानों पर कस्टम हायरिंग सेंटर (सीएचसी) स्थापित करने का भी निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने डिप्टी कमिश्नरों को निर्देश दिया कि पराली जलाने के दुष्प्रभावों के बारे में किसानों को जागरूक करने के लिए जोर-शोर से अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि इससे पराली जलाने के खिलाफ जंग को जन आंदोलन में बदलने में मदद मिलेगी। भगवंत सिंह मान ने कहा कि कृषि और किसान कल्याण विभाग ने फसल अवशेष प्रबंधन अभियान 2024-25 के तहत ॠ्ल्ली१८स्त्रु्ड्ढ पोर्टल के माध्यम से सब्सिडी प्राप्त करने के इच्छुक किसानों से आवेदन मांगे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जून 2024 तक कुल 63,904 आवेदन प्राप्त हुए थे। उन्होंने कहा कि जिलों की मांग पर इस पोर्टल को 13 सितंबर से 19 सितंबर 2024 तक फिर से खोला गया था, और इस पर 19 सितंबर तक कुल 1.07 लाख आवेदन प्राप्त हुए हैं। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों को 14,000 मशीनें और जिलों में कस्टम हायरिंग सेंटरों को 1,100 मशीनें प्रदान करने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार ने 'उन्नत किसान' मोबाइल एप्लिकेशन भी लॉन्च किया है, जिसकी मदद से धान की कटाई सीजन-2024 से पहले किसान फसलों के अवशेष प्रबंधन (सीआरएम) मशीनें प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस एप के जरिए छोटे और सीमांत किसानों के लिए ये मशीनें अधिक सुलभ हो जाएंगी।

उन्होंने कहा कि एप पर किसानों के लिए 1.30 लाख से अधिक सीआरएम मशीनों को मैप किया गया है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि इस मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से किसान अपने आस-पास उपलब्ध कस्टम हायरिंग सेंटरों (सीएचसी) से आसानी से मशीनें बुक कर सकते हैं। अधिक सुविधा के लिए, ग्राम स्तरीय नोडल अधिकारी/क्लस्टर हेड पहले ही किसानों की पसंदीदा मशीन तय कर देंगे, ताकि किसान आसानी से मशीन बुक कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह खुशी की बात है कि मशीनों के उपयोग और बड़े पैमाने पर जागरूकता अभियान के कारण फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि 2021-22 में फसल अवशेष जलाने की 76,929 घटनाओं की तुलना में 2022-23 में ये घटनाएं (71,159) 30 प्रतिशत तक कम हो गईं और 2022-23 में 71,159 घटनाओं की तुलना में 2023-24 में 26 प्रतिशत की कमी के साथ यह संख्या 49,922 तक रह गई। भगवंत सिंह मान ने आगे कहा कि 2020-21 की तुलना में 2023-24 में फसल अवशेष जलाने की घटनाओं में कुल 52 प्रतिशत की कमी आई है।

# भाजपा के पास है निर्दलियों और छोटे दलों का कंट्रोल, सावधानी से करें वोट : राहुल गांधी

## कहा- किसान, मजदूर, गरीब, दलित, पिछड़े, बुजुर्ग व महिलाओं की जेब में पैसे डालेगी कांग्रेस

**सिटी दर्पण**
नारायणगढ़



- भाजपा ने किसान-जवान-पहलवान सभी का किया अपमान, चुनाव में बदला लेगा हरियाणा : प्रियंका गांधी
- भारत जोड़ो यात्रा से राहुल गांधी ने भरी थी ऊर्जा, उनके चुनाव में आने से जागा नया जोश : हुड्डा

भाजपा सरकार की वजह से आज देश में दो हिन्दुस्तान बन गए हैं। एक अदानी-अंबानी जैसे बड़े पूंजीपतियों का, जो सिर्फ 5 प्रतिशत लोगों के लिए है। तो दूसरी तरफ 95 प्रतिशत गरीब, मजदूर, किसान, दलित, पिछड़े वर्ग का हिन्दुस्तान। मोदी सरकार 95 प्रतिशत लोगों की जेब से पैसा खींचकर अपने चंद अरबपति दोस्तों की जेब में डाल रहे हैं। अदानी की जेब में सुनामी की तरह धड़ाधड़ पैसा जा रहा है और गरीब की जेब से तूफान की तरह पैसा निकल रहा है। इसलिए लोगों को दो हिन्दुस्तान नहीं बल्कि सबके साथ न्याय वाला एक हिन्दुस्तान चाहिए। इसलिए कांग्रेस सरकार अपनी कल्याणकारी नीतियों के जरिए 95 प्रतिशत वंचित वर्गों की जेब में पैसा डालती है ताकि अमीर-गरीब के बीच का अंतर खत्म हो सके।

य बात लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी ने नारायणगढ़ में आयोजित जनसभा में कही। राहुल गांधी इसके बाद अंबाला, यमुनानगर और कुरुक्षेत्र जिले की विजय संकल्प यात्रा पर सड़क मार्ग से निकले। इस यात्रा को लेकर जनता में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। उनके साथ कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल, पूर्व मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सिरसा से सांसद कुमारी सैलजा और कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष चौधरी उदयभान भी मौजूद रहे। मंच पर दिखी तमाम नेताओं की एकजुटता ने बीजेपी के पूरे एजेंडे को धराशाही कर दिया और कांग्रेस के सभी नेताओं ने पुरजोर तरीके से चुनाव मैदान में बीजेपी के खिलाफ ताल ठोकी।


अपने संबोधन में राहुल गांधी ने कहा कि सरकार के भीतर सभी वर्गों का सम्मान जरूरी है। लेकिन साथ ही उनका आर्थिक उद्धार भी आवश्यक है। क्योंकि हर वर्ग को शिक्षा, स्वास्थ्य और बच्चों के भविष्य के लिए पैसा चाहिए। लेकिन भाजपा सरकार अपनी नीतियों के जरिए देश का जितना पैसा अंबानी-अदानी जैसे अरबपतियों की जेब में डालती है। लेकिन कांग्रेस चाहती है कि उतना ही पैसा कल्याणकारी योजनाओं के जरिये गरीब, किसान, मजदूर, दलित और पिछड़े वर्गों को भी मिले। अगर मोदी सरकार बड़े पूंजीपतियों का 16 लाख करोड़ रुपए का कर्जा माफ कर सकती है तो गरीब, किसान का क्यों नहीं? यह अन्याय बर्दाश्त नहीं होगा। देश में दो तरह की नीतियां नहीं चल सकतीं।

राहुल गांधी ने कहा कि भाजपा के 10 साल में हरियाणा से रोजगार खत्म हुआ है। युवा मजबूरी में खेत बेचकर और मोटे ब्याज पर 50 लाख रुपए तक लेकर जंगलों व समुद्र के रास्ते डंकी रूट से विदेश जा रहे हैं। किसानों की जमीनें विकास के नाम पर छीनी जा रही हैं। लेकिन पूंजीपतियों की जमीन कभी सरकार नहीं लेती। किसानों पर तीन काले कानून थोपे गए तो मजबूरन किसानों को सड़क पर उतरना पड़ा।

देशभक्ति की भावना लेकर किसान, मजदूर व मध्यम वर्ग के बच्चे फौजी बनकर बॉर्डर पर जाता थे। तो वहां भी भाजपा ने उन्हें ठगने का काम किया है और अग्निवीर के नाम पर मोदी ने फौजियों की पक्की नौकरी व पेंशन छीन ली। इसीलिए कांग्रेस ने ऐसा मैनिफेस्टो बनाया है, जो बताता है कि बीजेपी सरकार द्वारा छीना गया रुपया, वापिस जनता को कैसे दिया जाए। इसीलिए कांग्रेस सरकार बनने पर महिलाओं को हर महीने 2 हजार रुपए, 500 रुपए में गैस सिलेंडर दिया जाएगा। 300 यूनिट बिजली मुफ्त होगी तो किसानों को एमएसपी की कानूनी गारंटी दी जाएगी। 2 लाख पक्की भर्तियां निकालकर युवाओं को पक्की नौकरी दी जाएगी। गरीबों को 100-100 गज के प्लाट व मकान बनाने के लिए साढ़े 3 लाख रुपए दिए जाएंगे। 25 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त होगा।

# मोदी को लेकर खरगे की टिप्पणी अत्यंत खराब और अपमानजनक है: अमित शाह

**एजेंसी**
नई दिल्ली



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की जम्मू-कश्मीर में एक जनसभा के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर की गई टिप्पणी को सोमवार को अत्यंत खराब और अपमानजनक करार दिया। शाह ने कहा कि कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए खरगे ने यह कहकर अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नाम बिना वजह ही घसीटा कि वह मोदी को सत्ता से हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

जम्मू-कश्मीर के जसरोटा में रविवार को आयोजित एक रैली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की तबीयत खराब हो गई, लेकिन कुछ देर रुकने के बाद उन्होंने अपना भाषण जारी रखा और सत्तारूढ़ दल पर हमला करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को सत्ता से हटाने से पहले वह मरेंगे नहीं। खरगे ने कांपती आवाज में कहा, जब हमारी सरकार आएगी तो हम आतंकवाद को खत्म कर देंगे। इसके बाद वह कुछ देर के लिए रुके, जिसके बाद मंच पर मौजूद उनके सहयोगी और अन्य लोग उनके पास आए और उन्हें कुर्सी पर बैठने में मदद की।

रैली स्थल पर चिकित्सा सहायता मिलने के बाद खरगे ने कहा, ‏‏‏ह्लहम राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए लड़ेंगे। कुछ भी हो, हम इसे छोड़ने वाले नहीं हैं। मैं 83 साल का हो गया हूं, मैं इतनी जल्दी मरने वाला नहीं हूं। जब तक (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी को सत्ता से नहीं हटाएंगे, तब तक मैं जिंदा ही रहूंगा। आपकी बात सुनूंगा। आपके लिए लड़ूंगा।

शाह ने खरगे की इस टिप्पणी को लेकर उन पर निशाना साधा। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे जी ने अपने भाषण में कल अत्यंत खराब और अपमानजनक व्यवहार किया। शाह ने लिखा, कटु तरीके से नफरत दिखाते हुए उन्होंने अपने निजी स्वास्थ्य के मामले में प्रधानमंत्री मोदी को अनावश्यक रूप से घसीटा और कहा कि वह प्रधानमंत्री मोदी को हटाने से पहले नहीं मरेंगे।

उन्होंने कहा कि खरगे की टिप्पणी से पता चलता है कि कांग्रेस के लोगों में प्रधानमंत्री मोदी के प्रति कितनी नफरत और डर है तथा वे लगातार उन्हीं के बारे में सोचते रहते हैं। मंत्री ने कहा, जहां तक खरगे जी के स्वास्थ्य का सवाल है, तो मोदी जी, मैं और हम सभी प्रार्थना करते हैं कि वह दीर्घायु हों और स्वस्थ जीवन जिएं। वह अनेक वर्षों तक जीवित रहें। वह 2047 तक विकसित भारत का निर्माण होता देखने के लिए जीवित रहें।

### आतंकवाद का हमारी में कोई स्थान नहीं: मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अपने इजराइली समकक्ष बेंजामिन नेतन्याहू से पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम पर बात की और इस बात पर जोर दिया कि आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। मोदी ने कहा कि क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पश्चिम एशिया के हालिया घटनाक्रम के बारे में प्रधानमंत्री नेतन्याहू से बात की। आतंकवाद के लिए हमारी दुनिया में कोई जगह नहीं है। क्षेत्रीय तनाव को रोकना और सभी बंधकों की सुरक्षित रिहाई सुनिश्चित करना महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत शांति और स्थिरता की शीघ्र बहाली के प्रयासों का समर्थन करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री मोदी ने किसी विशेष घटना का जिक्र नहीं किया, लेकिन पिछले सप्ताह लेबनान में किए गए इजराइली हमलों में आतंकवादी समूह हिज्बुल्ला के सात उच्च पदस्थ कमांडर और अधिकारी मारे गए, जिनमें समूह का प्रमुख हसन नसरल्ला भी शामिल था।

# कृषि कर्ज वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाएं क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक: निर्मला सीतारमण

**एजेंसी**
ईटानगर



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों (आरआरबी) को जमीनी स्तर के कृषि कर्ज वितरण में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सीतारमण ने क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों से बागवानी और सुअर पालन, मुर्गी पालन, डेयरी तथा मत्स्य पालन जैसी संबद्ध कृषि गतिविधियों पर विशेष ध्यान देने को कहा। सीतारमण ने यहां सचिवालय में पूर्वोत्तर राज्यों में सक्रिय क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने इन बैंकों से विभिन्न केंद्रीय योजनाओं के तहत ऋण मंजूर करते समय सही लाभार्थियों की पहचान पर ध्यान देने का आग्रह किया।

बैठक में कारोबार प्रदर्शन, डिजिटल प्रौद्योगिकी सेवाओं को उन्नत करने और संबद्ध कृषि गतिविधियों और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम) में व्यापार बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया गया। बैठक में आरआरबी और प्रायोजक बैंकों के चेयरपर्सन, भारतीय रिजर्व बैंक, नाबार्ड और सिडबी के प्रतिनिधियों के अलावा सभी पूर्वोत्तर राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

# औद्योगिक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा, देश रख सकता है अब नौ प्रतिशत वृद्धि का लक्ष्य: नीति सीईओ

**एजेंसी**
नई दिल्ली

नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) बी वी आर सुब्रह्मण्यम ने सोमवार को कहा कि भारत का औद्योगिक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है और देश अब नौ प्रतिशत से अधिक की आर्थिक वृद्धि हासिल करने का लक्ष्य रख सकता है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा उद्योगों के वार्षिक सर्वेक्षण (एएसआई) जारी होने के बाद यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, सुब्रह्मण्यम ने कहा कि भारत का विनिर्माण क्षेत्र पर्याप्त संख्या में रोजगार पैदा कर रहा है।

सर्वेक्षण के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण उद्योगों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या वर्ष 2022-23 में 7.5 प्रतिशत बढ़कर 1.85 करोड़ हो गई, जो पिछले वर्ष 1.72 करोड़ थी। एमओएसपीआई के एक बयान में कहा गया है कि वर्ष 2022-23 में इस क्षेत्र में लगे लोगों की अनुमानित संख्या महामारी-पूर्व स्तर (2018-19) से 22.14 लाख से अधिक हो गई है, साथ ही औसत पारिश्रमिक में भी पिछले वर्ष की तुलना में वृद्धि दर्ज की गई है।

उन्होंने कहा, ₹भारत में औद्योगिक क्षेत्र तेजी से बढ़ रहा है, इसकी लोग अनावश्यक रूप से आलोचना कर रहे हैं।₹ नीति आयोग के सीईओ ने कहा, विनिर्माण क्षेत्र में वृद्धि व्यापक है और सभी क्षेत्रों से आ रही है। ऐसे में भारत नौ प्रतिशत से अधिक की वृद्धि का लक्ष्य रख सकता है।

# तिरुपति लड्डू विवाद: न्यायालय का नायडू के दावे पर सवाल; कहा–कम से कम देवताओं को राजनीति से दूर रखें

**एजेंसी**
नई दिल्ली



तिरुपति मंदिर लड्डू विवाद में सोमवार को कहा कि कम से कम देवताओं को तो राजनीति से दूर रखा जाना चाहिए। साथ ही न्यायालय ने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू के इस सार्वजनिक बयान पर सवाल उठाया कि वाई एस जगनमोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार के शासन के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में कथित तौर पर पशुओं की चर्बी का इस्तेमाल किया गया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रयोगशाला परीक्षण रिपोर्ट बिलकुल भी स्पष्ट नहीं है और प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि अस्वीकृत घी का परीक्षण किया गया था।

न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति के. वी. विश्वनाथन की पीठ ने कहा, रिपोर्ट से साफ है कि यह वह घी नहीं है, जिसका इस्तेमाल किया गया है। जब तक आप आश्वस्त न हों, आप इसे लेकर जनता के बीच कैसे गए? आंध्र प्रदेश सरकार की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी से पीठ ने कहा, यह बिलकुल भी स्पष्ट नहीं है और प्रथम दृष्टया संकेत मिलता है कि यह अस्वीकृत घी था, जिसका परीक्षण किया गया। अगर आपने खुद ही जांच के आदेश दे दिए हैं तो प्रेस में जाने की जरूरत कहां रह जाती है?

शीर्ष अदालत कई याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी, जिनमें तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशु चर्बी के कथित इस्तेमाल की अदालत की निगरानी में जांच का अनुरोध करने वाली याचिकाएं भी शामिल थीं। यह देखते हुए कि ये दलीलें एक ऐसे मुद्दे से संबंधित हैं जो दुनिया में रहने वाले करोड़ों लोगों की भावनाओं को प्रभावित करता है, पीठ ने कहा कि मुख्यमंत्री ने सार्वजनिक रूप से यह बयान दिया था कि पिछले शासन के तहत तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने में पशु चर्बी का उपयोग किया गया।

इसने कहा कि राज्य सरकार के अनुसार, मामले में प्राथमिकी 25 सितंबर को दर्ज की गई और विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन 26 सितंबर को किया गया। पीठ ने कहा, इस प्रकार यह देखा जा सकता है कि मुख्यमंत्री द्वारा दिया गया बयान 26 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज होने और एसआईटी गठित होने से भी पहले का है। मुख्यमंत्री 18 सितंबर को जनता के बीच जा चुके हैं।

इसने कहा, हमारा प्रथम दृष्टया यह मानना है कि जब जांच प्रक्रिया जारी है, तो एक उच्च संवैधानिक पदाधिकारी के लिए सार्वजनिक रूप से जाकर ऐसा बयान देना उचित नहीं है, जो करोड़ों लोगों की भावनाओं को प्रभावित कर सकता है। पीठ ने सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता से यह निर्णय लेने में सहायता करने को कहा कि क्या राज्य सरकार द्वारा गठित एसआईटी की जांच जारी रहनी चाहिए या किसी स्वतंत्र एजेंसी से जांच कराई जानी चाहिए।

शीर्ष अदालत ने मामले की सुनवाई तीन अक्टूबर को तय करते हुए शीर्ष विधि अधिकारी से इस मुद्दे पर विचार करने और इस संबंध में सहायता करने को कहा। पीठ ने कहा कि कुछ समाचार रिपोर्ट हैं जिनके अनुसार तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के कार्यकारी अधिकारी ने भी बयान दिया था कि मिलावटी घी का इस्तेमाल कभी नहीं किया गया।

रोहतगी ने कहा कि इनमें से कुछ याचिकाएं प्रामाणिक नहीं हैं और वे वर्तमान सरकार पर हमला करने के अलावा पूर्ववर्ती सरकार के हितों का समर्थन करने के लिए दायर की गई हैं। टीटीडी की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता सिद्धार्थ लूथरा ने कहा कि चूंकि पहले आपूर्ति किया गया घी दूषित पाया गया था, इसलिए नमूनों की जांच कराना जरूरी समझा गया। उन्होंने कहा, रिपोर्ट आने के बाद ही कदम उठाए गए।

पीठ ने कहा, आपने एसआईटी को जांच के आदेश दिए थे और जांच के नतीजे आने तक प्रेस में जाने की क्या जरूरत थी? इसने कहा, कम से कम, हम उम्मीद करते हैं कि देवताओं को राजनीति से दूर रखा जाएगा। पीठ ने कहा कि रिपोर्ट जुलाई में प्राप्त हुई थी और मुख्यमंत्री ने 18 सितंबर को बयान दिया था। इसने पूछा, क्या वह घी, जिसके नमूने मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए, का उपयोग लड्डू बनाने में किया गया था? पीठ ने पूछा कि जब राज्य सरकार ने जांच का आदेश दिया था तो फिर प्रेस के पास जाने की क्या आवश्यकता थी।

इसने कहा, आप जानते हैं, इससे एक लाख या दो लाख लोगों की नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों की भावनाओं पर असर पड़ा है। पीठ ने पूछा, इस बात का सबूत कहां है कि यह वही घी था जिसका इस्तेमाल लड्डू बनाने में किया गया था? इसने पूछा कि क्या कोई द्वितीयक राय ली गई थी। मेहता ने कहा कि यह आस्था का मामला है और अगर मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया है, तो यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि किसी को इस सवाल पर गौर करना होगा कि क्या मिलावटी घी का इस्तेमाल किया गया था, कौन जिम्मेदार था और क्या यह लापरवाही थी या जानबूझकर ऐसा किया गया। पीठ ने जब लूथरा से टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी के कथित बयान के बारे में पूछा, तो वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि याचिकाकताओं ने अखबार की खबरों पर भरोसा किया है।

# तेज रफ्तार बस गांव के बस स्टॉप से टकराई,14 साल के बच्चे समेत तीन की मौके पर मौत

## बस में 32 यात्री थे, तीन की मौत, 18 घायल और 18 में से 11 अमृतसर रेफर

सिटी दर्पण
बटाला



बटाला के गांव शाहबाद में सोमवार की शाम को दिल दहला देने वाले सड़क हादसे से पूरा शहर त्रहा उठा। करीब तीन बजे बटाला से निकली एक प्राइवेट बस गांव शाहबाद के पास एक स्कूटी सवार को बचाते बचाते खुद गांव शाहबाद के एक बस स्टॉप से जा टकराई और तेज रफ्तार बस स्टॉप को चीरते हुए आगे निकल गई। इस हादसे में अपने पिता की स्कूटी की पिछली सीट पर एक 14 साल के बच्चे , बस सवार एक महिला और बस सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे में अभी तक कुल 3 लोगों की मौत हुई जबकि 18 घायल है। इन 18 में से 11 की गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें अमृतसर रेफर कर दिया गया है। वहीं बटाला पुलिस ने शवों को अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई के लिए बटाला के सिविल अस्पताल में शवों को भेज दिया है। सूचना मिलते ही बटाला से आप के विधायक अमनशेर सिंह शैरी कलसी,प्रताप सिंह बाजवा,सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा और एसएसपी बटाला सुहेल कासिम मीर पहुंचे।

मृतकों की पहचान अभिजोत ( 14 ) निवासी संगतपुरा ,बस सवार मनजीत राज ( 25 ) निवासी जिला होशियारपुर और बलविंदर कौर ( 40 ) निवासी गांव नंगल झोर के रूप में हुई है। हादसा इस कधर भयानक था कि उक्त तीनों के परखचे उड़ गए।

जानकारी के अनुसार एक निजी बस जो बटाला से सोमवार की शाम को चली। इस बस ने बटाला से चल कर कादियां,घुमान,श्री हरगोबिंदपुर से होते हुए मोहाली जाना था। रास्ते में करीब साढ़े तीन बजे के करीब जब बस गांव शाहबाद पहुंची तो शाहबाद की सड़क क्रास कर रहे एक स्कूटी सवार को बचाने के प्रयास में बस सीधा गांव के अडडे पर स्थित एक बस स्टॉप में जा घुसी और बस स्टॉप को चीरते हुए आगे निकल गई। आगे जब बस रूकी तो बस पूरी से क्षतिग्रस्त हो चुकी थी और बस में कोलाहल मचा हुआ था। जानकारी के अनुसार मृतक मनजीत राज जो जिला होशियारपुर का रहने वाला था और अपनी पत्नी के साथ बटाला में अपने ससुराल आया हुआ था और आज वापिस अपने घर जा रहा था। वहीं 13 वर्षीय मृतक अभिजोत अपना पिता की स्कूटी के पीछे बैठ कर पास ही के गांव जा रहा था। बटाला इस संबंध में एसएसपी सुहेल कासिम मीर ने बताया कि बस में कुल 32 यात्री थे। पुलिस सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को देख रही हैं ताकि इस बात चल सके कि वास्तव में दुर्घटना कैसे हुई थी। प्रशासन की तरफ से राहत कार्य जारी हैं।

### मान ने जताया दुख

चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने आज बटाला-कादियां रोड पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया, जिसमें तीन लोगों की मौत हो गई और 18 लोग घायल हो गए। इस भयानक हादसे पर शोक व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के सदस्यों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट की। उन्होंने परमात्मा से प्रार्थना की कि वह दिवंगत आत्माओं को अपने चरणों में शाश्वत निवास प्रदान करें और इस कठिन समय में उनके परिवारों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति दें। इस दौरान भगवंत सिंह मान ने कहा कि वह लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं और स्थिति पर नजर रख रहे हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि उन्होंने पहले ही जिला प्रशासन को सभी घायलों का मुफ्त इलाज करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की।

# पंजाब विधानसभा के स्पीकर द्वारा बॉक्सिंग चैंपियन गुरसीरत कौर का सम्मान



सिटी दर्पण
चंडीगढ़

पंजाब विधानसभा के स्पीकर स.कुलतार सिंह संधवां ने आज माउंट कार्मल स्कूल, सेक्टर 47, चंडीगढ़ की 14 वर्षीय छात्रा गुरसीरत कौर को एशियन स्कूल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में शानदार उपलब्धि के लिए सम्मानित किया। उल्लेखनीय है कि 28 अगस्त से 10 सितंबर, 2024 तक अबू धाबी, यू.ए.ई. में हुई मुक्केबाजी चैंपियनशिप में गुरसीरत ने अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल जीता है। यह भी ध्यान देने योग्य है कि गुरसीरत ने यह जीत 8 से 11 अगस्त तक हरियाणा के रोहतक में आयोजित एशियन जूनियर और स्कूल लड़कों और लड़कियों की मुक्केबाजी चैंपियनशिप के ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन के बाद हासिल की, जहां उसने पहला स्थान प्राप्त किया था।

स्पीकर स.संधवां ने गुरसीरत के दृढ़ संकल्प और कड़ी मेहनत की प्रशंसा करते हुए उसे इसी तरह देश का मान बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने खेल के क्षेत्र में देश का नाम रोशन करने के लिए दृढ़ संकल्प और जुनून की आवश्यकता पर बल देते हुए युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के महत्व पर जोर दिया।

श्री संधवां ने कहा कि गुरसीरत की उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत है, जिसने खेल के क्षेत्र में देश के युवाओं की क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि गुरसीरत के समर्पण और लगन का परिणाम है, जो मुक्केबाजी में उसके उज्ज्वल भविष्य का प्रमाण है।

श्री संधवां ने युवा एथलीटों की उपलब्धियों का लगातार समर्थन करने और उन्हें उचित सम्मान देने की बात कही। इससे पहले उन्होंने जापान से यादगार अनुभव लेकर लौटे छात्रों को भी सम्मानित किया था। वह हमेशा स्कूल के छात्रों को कड़ी मेहनत करके अपनी प्रतिभा को और निखारने के लिए प्रेरित करते रहते हैं।

# हरजोत सिंह बैंस द्वारा मोहाली के स्कूल ऑफ एमिनेंस के विद्यार्थियों से मुलाकात

सिटी दर्पण
साहिबजादा अजीत सिंह नगर



पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स.हरजोत सिंह बैंस ने आज मोहाली के फेस 11 स्थित स्कूल ऑफ एमिनेंस का दौरा किया।

इस दौरे के दौरान शिक्षा मंत्री ने स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से मुलाकात की और उनसे स्कूल के शैक्षणिक माहौल के बारे में जानकारी प्राप्त की। मुलाकात के दौरान उन्होंने विद्यार्थियों को अपने भविष्य के लक्ष्यों को हासिल करने के लिए पूरी ईमानदारी और लगन के साथ मेहनत करने की सलाह दी।

इस दौरे के दौरान उन्होंने स्कूल की इमारत, खेल मैदान, लैब और कक्षाओं का भी दौरा किया। उन्होंने स्कूल में तैयार की जा रही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (ए.आई.) लैब का दौरा किया और आशा जताई कि यह लैब यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए बहुत लाभकारी होगी, क्योंकि भविष्य में अधिकांश काम ए.आई. के जरिए ही होंगे। स.हरजोत सिंह बैंस ने इस मौके पर स्कूल स्टाफ से भी बातचीत की और कहा कि विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं के लिए तैयार किया जाए, ताकि पंजाब राज्य का नाम रोशन हो सके।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार राज्य को रंगला पंजाब बनाने के लिए लगातार काम कर रही है, और शिक्षा विभाग इसमें अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# कैबिनेट मंत्री महिंदर भगत द्वारा बागवानी विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न योजनाओं संबंधी समीक्षा बैठक

सिटी दर्पण
चंडीगढ़



मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार राज्य के किसानों को अधिक से अधिक खुशहाल बनाने और आर्थिक दृष्टि से मजबूत करने के लिए लगातार काम कर रही है। इसी उद्देश्य की पूर्ति के लिए रक्षा सेवाएं कल्याण , स्वतंत्रता संग्राम और बागवानी मंत्री महिंदर भगत द्वारा सोमवार को चंडीगढ़ में किसानों की भलाई के लिए बागवानी विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों और विभिन्न योजनाओं संबंधी अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

इस बैठक के दौरान विशेष मुख्य सचिव बागवानी श्री के.ए.पी.सिन्हा ने मंत्री को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर वेजिटेबल, करतारपुर (जालंधर), सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर पोटैटो, धोगड़ी (जालंधर), पठानकोट में लीची के बाग और सैरिकल्चर कर रहे किसानों संबंधी विस्तृत जानकारी दी। बैठक के दौरान बागवानी निदेशक शैलिंदर कौर ने विभाग के कार्यों और किसानों के हित में चल रही विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

इस मौके कैबिनेट मंत्री महिंदर भगत ने बागवानी विभाग के अधिकारियों को किसानों की भलाई के लिए चल रही मौजूदा योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया। मंत्री ने कहा कि किसानों की भलाई की योजनाओं को किसानों तक पहुंचाने के लिए विशेष कैंप लगाए जाएंगे ताकि किसानों को राज्य सरकार की किसानों की भलाई योजनाओं संबंधी और जानकारी मिल सके। इस मौके मंत्री ने किसानों से अपील की कि वे बागवानी गतिविधियों को अधिक से अधिक अपनाएं।

बैठक के दौरान निदेशक बागवानी शैलिंदर कौर ने बताया कि भारत सरकार की योजना एग्रीकल्चर इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड के तहत पंजाब राज्य से बागवानी विभाग नोडल एजेंसी है और इस योजना के तहत देश में पंजाब राज्य में सबसे अधिक प्रगति होने पर भारत सरकार से विभाग ने पहले नंबर का पुरस्कार प्राप्त किया है, जिस पर मंत्री जी ने खुशी जाहिर की। निदेशक बागवानी ने बताया कि राज्य में सैरिकल्चर योजना को उत्साहित करने के उद्देश्य से मलबरी और एरी सिल्क के अलावा टसर रेशम के उत्पादन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं। इस पर मंत्री द्वारा आदेश दिए गए कि इस गतिविधि को और उत्साहित किया जाए। पंजाब राज्य को आलू बीज हब बनाने के उद्देश्य से मंत्री ने आदेश दिए कि आलू बीज काश्तकार किसानों के साथ जल्दी ही बैठक की जाएगी।

कैबिनेट मंत्री महिंदर भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान की अगुवाई वाली पंजाब सरकार किसानों की भलाई के लिए वचनबद्ध है। उन्होंने कहा कि किसानों की आमदन बढ़ाने वाली गतिविधियों में राज्य सरकार किसानों की हर संभव सहायता करेगी। इस बैठक के दौरान सचिव बागवानी अजीत बालाजी जोशी, उप निदेशक बागवानी हरमेल सिंह और हरप्रीत सिंह सेठी मौजूद थे।

# पराली में आग लगाने वाले किसानों का चालान काटा जाएगा और रेड एंट्री की जाएगी: उपायुक्त

सिटी दर्पण
फरीदकोट




धान और बासमती की फसल के मौसम के दौरान पराली जलाने से किसानों द्वारा लगाई जाने वाली आग को रोकने और इसके मानव और पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रतिकूल प्रभावों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए क्लस्टर नियुक्त किया गया अशोक चक्र मीटिंग हॉल में उपायुक्त श्री विनीत कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त (जे) ओजस्वी आईएएसवी विशेष रूप से उपस्थित थे।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार प्रशासन कोई कोताही नहीं बरतेगा और आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आग लगाने वाले किसानों के ज्यादा से ज्यादा चालान काटे जाएं और इस संबंध में गांव के गुरुद्वारों में मुनादी कराकर किसानों और आम लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि किसान कंबाइन के आगे हार्वेस्ट एवं सुपर एसएमएस लगाकर ही धान की कटाई करें।

उपायुक्त ने कहा कि ढाई एकड़ में आग लगाने वाले किसान पर 2500 रुपये, ढाई से पांच एकड़ में आग लगाने वाले किसान पर 5000 रुपये और ढ़ाई से पांच एकड़ में आग लगाने वाले किसान पर 15000 रुपये का जुमार्ना लगाया जायेगा. पांच एकड़ से अधिक भूमि में आग लगाने पर उनके भूमि रिकॉर्ड में लाल प्रविष्टि दर्ज की जाएगी। इसके अलावा उन्होंने निर्देश दिया कि नोडल अधिकारी ग्रामीणों से मिलें और उन्हें पराली जलाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दें और जिला प्रशासन द्वारा छपवाए गए पंपलेट को प्रत्येक किसान को वितरित करें।

उपायुक्त ने कहा कि इस बार पराली प्रबंधन को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क है. उन्होंने कहा कि सभी नोडल अधिकारी बिना किसी डर के आग लगाने वाले किसानों के खिलाफ कार्रवाई करें। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गांवों में अनुदानित मशीनरी की उपलब्धता और किराये की सूची भी लगाई जाए। उन्होंने कहा कि अनुदानित मशीनरी को गांव के सार्वजनिक स्थान पर रखा जाए ताकि कोई भी किसान इसे किराये पर लेकर उपयोग कर सके।

इस अवसर पर जीए मैडम तुशिता गुलाटी, मुख्य कृषि अधिकारी डॉ. अमरीक सिंह, पुलिस विभाग व कृषि कार्यालय के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# शीशपाल राणा मरणोपरांत दे गये दो लोगो को रोशनी

सिटी दर्पण
डेराबस्सी

डेराबसी प्रेस क्लब के सीनियर पत्रकार सरबजीत भट्टी और सुनील भट्टी के पिता श्री शीशपाल राणा जी की लंबी बीमारी के बाद निधन हो गया । मरणोपरांत उनके परिवार द्वारा उनकी आँखें दान की गई ।जिससे की दो लोगो के अंधकार जीवन में उजाला हो गया । जनरल मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल सेक्टर 32 चंडीगढ़ से आयी डॉक्टर्स की टीम द्वारा यह आई डोनेशन किया गया ।शीशपाल राणा जेसलमेर राजस्थान से काफी साल पहले मगरा गॉव में आकर रहने लगे थे । शीशपाल राणा बहुत मेहनती और ईमानदार व्यक्तित्व के मालिक थे । उन्होंने यह संस्कार अपने बच्चों में भी कुटकुट कर भरे हुए थे ।शीशपाल राणा अपने पीछे अपने 5 बेटो सरबजीत भट्टी परदीप भट्टी संजीव भट्टी अनिल भट्टी और सुनील भट्टी समेत पोता पोतियो से भरपूर परिवार छोड़ कर गये हैं । उनका पोता मनप्रीत भट्टी हाई कोर्ट चंडीगढ़ में प्रैक्टिस करता हैं । लायंस क्लब डेराबसी के प्रयासों से परिवार द्वारा यह आँखें डोनेट की गई ।लायंस क्लब के पवन धीमान ने बताया कि लायंस क्लब अब तक 8 लोगो की मरणोपरांत आँखें डोनेट कर चुका हैं जिससे की 16 लोगो के अंधकार जीवन में उजाला हो सके ।लायंस क्लब द्वारा फैमिली का धन्यवाद किया गया । इस अवसर पर एमएलए कुलजीत रंधावा पूर्व एमएलए एनकेशर्मा सीनियर कांग्रेसी नेता दीपेन्द्र ढिल्लों बीजेपी नेता संजीव खन्ना मनप्रीत सिंह बन्नी संधु अमृतपाल सिंह डेराबसी म्युनिसिपल कमेटी के नरेश उपनेजा प्रेस क्लब के समस्त मेंबर्स और लायंस क्लब के समस्त मेंबर्स ने शीशपाल राणा के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया हैं ।

## संक्षिप्त-समाचार

### पावरकॉम ठेका मुलाजिमों के संगठन द्वारा संघर्ष का किया गया ऐलान

जीरकपुर। पावरकॉम एंड ट्रांसको कॉन्ट्रैक्ट इंप्लाइज यूनियन पंजाब लगातार पंजाब सरकार और पावरकॉम मैनेजमेंट के खिलाफ संघर्ष कर रही है। संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी समिति की बैठक प्रदेश अध्यक्ष बलिहार सिंह एवं प्रदेश सह सचिव टेक चंद की अध्यक्षता में हुई। प्रेस को बयान जारी करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बलिहार सिंह, प्रदेश महासचिव राजेश कुमार मोर, प्रदेश सहायक सचिव टेक चंद, सर्कल प्रधान सुखपाल सिंह, सुखचैन सिंह ने कहा कि 16 अगस्त 2024 को खरड़ में लगातार परिवारों के साथ धरना प्रदर्शन किया गया था। मांग पत्र में मांगों के समाधान के लिए प्रशासन की ओर से 28 अगस्त को लिखित बैठक का समय दिया गया था। लेकिन उस बैठक में बिजली मंत्री की अनुपस्थिति के कारण किसी भी मांग पर कोई ठोस चर्चा नहीं हो सकी। इसके चलते वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने 6 सितंबर को लिखित समय तय किया, लेकिन 6 सितंबर को होने वाली बैठक भी 16 सितंबर को दोपहर 2 बजे तय की गई। लेकिन देर करते-करते 15 सितंबर की बैठक स्थगित करने का पत्र जारी कर दिया गया, जिसके बाद पंजाब सरकार के डिप्टी सेक्रेटरी नवराज सिंह बराड़ और पंजाब सरकार और पावरकॉम के प्रतिनिधियों के साथ बैठक हुई। इस बैठक में 27 सितंबर 2024 को वित्त मंत्री और श्रम मंत्री और बिजली मंत्री समेत अधिकारियों के साथ यूनियन नेताओं की बैठक तय की गई थी, लेकिन पंजाब राज्य में पंचायत चुनाव के बहाने 27 सितंबर को होने वाली बैठक को 21 अक्टूबर 2024 तक के लिए टाल दिया गया है। नेताओं ने कहा कि अगर मांगों का समाधान न हुआ तो वे 23 अक्टूबर 2024 को परिवारों और बच्चों के साथ मोहाली में लगातार रोष प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि मैदान में आने पर मुख्यमंत्री समेत बिजली मंत्री, वित्त मंत्री और श्रम मंत्री समेत बिजली बोर्ड के चेयरमैन और निदेशक को काले झंडे दिखा कर विरोध किया जायेगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष हरमेश सिंह, उपाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुखविंदर सिंह, मंडल सचिव हरदीप सिंह, सहायक सचिव इंद्रपाल सिंह व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### डेराबस्सी में तीन दिवसीय दिव्य गीता सत्संग आयोजित

डेराबस्सी। श्री राम मंदिर नजदीक रेलवे फाटक डेराबस्सी में तीन रोज श्री कृष्ण कृपा परिवार डेराबस्सी की ओर दिव्य गीता सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इसमें महामंडलेश्वर गीता मनीषी स्वामी श्री ज्ञानानंद जी महाराज ने दो दिन शाम को और आखिरी दिन दोपहर को संगीतमय प्रवचन के साथ सत्संग से हजारों श्रद्धालुओं को निहाल किया। स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि गीता में ज्ञान का अथाह सागर है, जो हमें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है। विद्यार्थियों को चाहिए कि वह गीता की बारिकियों से परिपूर्ण होकर एक संकल्प लेकर आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि गीता हमारे देश की धरोहर है और संस्कृति है। गीता का ज्ञान घर-घर और प्रत्येक इंसान तक पहुंचना जरूरी है। यह शरीर पूरी तरह से नश्वर है तथा मौत की कोई दवा नहीं है। उन्होंने कहा कि जब तक इंसान को जीने का मौका मिलता है, तब तक उसे प्रभु भक्ति लीन ही रहना चाहिए क्योंकि मुक्ति का केवल एक ही मार्ग है और वह प्रभु स्मरण। स्वामी ज्ञानानंद जी के धारा प्रवाह सत्संग और प्रवचन का सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पूर्ण भक्ति रस के साथ आनंद लिया। कथा उपरांत भंडारे की भी पूर्ण व्यवस्था की गई थी।

दैनिक सिटी दर्पण आईना सच का
न्वोन्मेषक: स्व. कृष्णा शर्मा
स्व. गीता शर्मा
संस्थापक: सतपॉल शर्मा

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक भुपेंद्र शर्मा द्वारा इंप्रेशन्ज प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट न. 22, ग्राउंड फ्लोर, फेस-2, इंडस्ट्रियल एरिया, पंचकूला-134113 (हरियाणा) पर मुद्रित एंव 801/1 सेक्टर-40ए, चंडीगढ़ से प्रकाशित

सभी विवादों का केंद्र न्यायालय चंडीगढ़ होगा।

स्थानीय कार्यालय
801/1, सेक्टर-40ए, चंडीगढ़।
संपर्क: 7888450261
Email: citydarpan1@gmail.com

# एक तरफ टूटी सड़कें और दूसरी तरफ बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटें दे रही है हादसों को न्योता

सिटी दर्पण
जीरकपुर

**संबंधित अधिकारी नहीं उठाते हैं फोन**

जीरकपुर शहर में स्थानीय निवासी रात के समय स्ट्रीट लाइट के ना जलने के कारण परेशानी का सामना कर रहे हैं। सबसे ज्यादा परेशानी उन लोगों को आ रही है जो सुबह के समय शहर के लिए निकलते हैं। एक तरफ शहर की टूटी हुई सड़के हैं और दूसरी तरफ स्ट्रीट लाइट बंद होने के कारण कई लोग हादसे का शिकार हो चुके हैं।

कई जगहों पर स्ट्रीट लाइट्स मेंटेनेंस होने के चलते खराब हो रही है। रात के समय में शहरवासियों और राहगीरों को काफी सड़क से गुजरने में दिक्कत होती है, इसके अलावा पैदल यात्रियों को काफी परेशानी हो रही है। स्ट्रीट लाइट के अभाव में रात के समय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। रात के समय में लोग सड़कों पर सैर करने के लिए भी निकलते हैं। इसके अलावा सड़कों पर अंधेरा होने से अनहोनी घटनाओं का अंदेशा बना हुआ है।

ढकोली से मुबारिकपुर की तरफ जाती सड़क पर स्ट्रीट लाइट पिछले कई सालों से नहीं चली है। जबकि इस सड़क पर रोज हजारों की संख्या में वाहन गुजरते है। इसी रोड पर दर्जनों सोसायटियां स्थित है लेकिन नगर परिषद द्वारा इस रोड पर रोशनी का प्रबंध नहीं किया जा रहा है। शाम ढलते ही सड़क अंधेरे में डूब जाती है ऐसे में हादसे की आशंका बढ़ जाती है और आपराधिक वारदातें भी होने खतरा रहता है।

अंधेरा होने के कारण रात के समय पैदल इस सड़क से गुजरने में परहेज करते है। लोगों को डर रहता है कि कोई रात के अंधेरे में अनहोनी न हो जाए। आसपास की सोसायटी में रहने वाले लोगों का कहना है कि वे इस संबंधी नगर परिषद के अधिकारियों को कई बार शिकायत कर चुके है। लेकिन कोई समाधान नहीं हो सका।


## मुख्यमंत्री ने राज्य में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई

# पंजाब राज्य सहकारी बैंक ने ग्राहकों के लिए यूपीआई सेवा शुरू की

सिटी दर्पण
चंडीगढ़

सहकारी क्षेत्र में बैंकिंग सेवा में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में पंजाब सरकार ने ग्राहकों को ऑनलाइन लेन-देन की सुविधा प्रदान करने के लिए पंजाब राज्य सहकारी बैंक में यूपीआई सेवा शुरू की है।

इस पहल के बारे में बात करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सुविधा सहकारी बैंकों में डिजिटल लेन-देन को प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने बैंक की 18 शाखाओं में यूपीआई की सुविधा शुरू की है। इसका उद्देश्य बैंक की कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी और उत्तरदायी बनाना है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि अब बैंक के ग्राहक गूगल पे, व्हाट्सएप, फोन पे, पेटीएम, भीम और अन्य एप्स के जरिए लेन-देन कर सकेंगे।




मुख्यमंत्री ने बताया कि इस सुविधा के साथ बैंक के ग्राहक अन्य बैंक खातों से पंजाब राज्य सहकारी बैंक के खातों में पैसे भेज और प्राप्त कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रारंभ में ग्राहक यूपीआई के माध्यम से प्रतिदिन 50,000 रुपए तक का लेन-देन कर सकेंगे, जिसे आने वाले दिनों में बढ़ाकर 1 लाख रुपए किया जाएगा। भगवंत सिंह मान ने कहा कि राज्य सरकार पंजाब में सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके लिए कोई कमी नहीं छोड़ी जा रही है।

इस दौरान बैंक के चेयरमैन जगदेव सिंह बाम ने कहा कि यह सुविधा बैंक के ग्राहकों के लिए एक बड़ी सौगात है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में इस सुविधा को बैंक की अन्य शाखाओं में भी शुरू किया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि बैंक पहले से ही मोबाइल बैंकिंग सेवाएं प्रदान कर रहा है, जिसके माध्यम से ग्राहक आईएमपीएस और आरटीजीएस के जरिए लेन-देन कर सकते हैं।

# हरियाणा में सरकार बनाना कांग्रेस के मुंगेरीलाल के सपने जैसा, भाजपा लगाएगी हैट्रिक: अनुराग सिंह ठाकुर

## कांग्रेस की रैली में पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारे, राहुल गांधी के मुँह पर दही क्यों: अनुराग ठाकुर

सिटी दर्पण
पलवल

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद श्री अनुराग सिंह ठाकुर ने हरियाणा विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत पलवल में पार्टी प्रत्याशी श्री गौरव गौतम के पक्ष में विशाल जनसभा को संबोधित कर पलवल के विकास को बनाए रखने के लिए श्री गौरव गौतम को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा आज हरियाणा में कांग्रेस के अंदर एक अनार सौ बीमार की स्थिति है। हरियाणा में कांग्रेस सरकार बनाने के नाम पर मुंगेरीलाल के हसीन देख रही है। हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने वाली है, हैट्रिक लगने वाली है, कमल खिलने वाला है। हरियाणा में भी कांग्रेस का सरकार बनाने का गुब्बारा राजस्थान और मध्यप्रदेश की तरह फूटेगा। हिमाचल प्रदेश में भी इन्होंने



झूठ बोलकर सरकार बनाई और आज प्रदेश को आर्थिक बदहाली की ओर धकेल दिया है। भारत में अगर सबसे बड़ा सांप्रदायिक दल कोई है तो वह कांग्रेस है। कांग्रेस की सांप्रदायिकता की सजा हरियाणा भी भुगत रहा है। कांग्रेस के विधायक की धमकी सुनी होगी, कांग्रेस अगर जीती तो लोगों को घर छोड़ना होगा। सत्ता तो अभी मिली नहीं है, लेकिन ये कांग्रेस जनता को भड़काने का काम कर रही है। कांग्रेस की रैलियों में पाकिस्तान ज़िंदाबाद के नारे लगते हैं मगर राहुल गांधी मुँह पर दही जमा कर बैठे रहते हैं। ठाकुर ने कहा राहुल गांधी हर रोज झूठ बोलते हैं, कहते हैं कि हम टरढ पर कानून लाएंगे। 10 साल कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन गेंहू और धान के अलावा किसी और फसल को कांग्रेस टरढ पर नहीं खरीदती थी। कांग्रेसी नेता बतायें आपका एक भी राज्य ऐसा है, जो 24 फसलों को टरढ पर खरीदता है? भाजपा सरकार ने हरियाणा में 24 फसलों को टरढ पर खरीदने का निर्णय लिया है। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा हरियाणा में कांग्रेस ने अपने शासन काल में लूट और भ्रष्टाचार को चरम पहुँचा दिया था। इनकी सरकार में पूरे हरियाणा में दलाल और दामाद का बोलबाला था। दबंगों द्वारा किसानों की जमीन हड़पना, अवैध कब्जा करना आम बात हो गई थी। भाजपा आई और हरियाणा को इस अभिशाप से मुक्ति दी, मगर कांग्रेस अब फिर से प्रदेश में वही जंगलराज वापस लाने के सपने देख रही है। पूरे देश में कांग्रेस से बेईमान व धोखेबाज पार्टी कोई नहीं है। हरियाणा की जनता कांग्रेस के इन मंसूबों को कभी कामयाब नहीं होने देगी और फिर से एक बार भाजपा सरकार बना कर कांग्रेस को विपक्ष में बैठायेगी। अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा 5 अक्तूबर के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनेगी तो हम प्रदेश की सभी महिलाओं को लाडो लक्ष्मी योजना के तहत प्रतिमाह 2,100, प्रति शहर 50,000 स्थानीय युवाओं को नौकरी देने के लिए उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन, चिरायु-आयुष्मान योजना के तहत प्रत्येक परिवार को 10 लाख तक का मुफ्त इलाज एवं परिवार के 70 वर्ष से अधिक प्रत्येक बुजुर्ग को अलग से 5 लाख तक के मुफ्त इलाज की सुविधा, 24 फसलों की घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) पर खरीद, 2 लाख युवाओं को 'बिना पर्ची बिना खचर्ची' पक्की सरकारी नौकरी, हर घर गृहणी योजना तहत 500 में सिलेंडर, हर हरियाणवी अग्निवीर को सरकारी नौकरी की गारंटी, छोटी पिछड़े समाज की जातियों (36 बिरादरियों) के लिए पर्याप्त बजट के साथ अलग-अलग कल्याण बोर्ड जैसी कई सुविधाएँ देने जा रही है।

# मतदाता की भी सुनो बैलगाड़ी यात्रा पहुंची विभिन्न गांवों में, ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

सिटी दर्पण
तोशाम



ग्राम स्वराज किसान मोर्चा द्वारा गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के सहयोग से निकाली जा रही मतदाता की भी सुनो बैलगाड़ी यात्रा सोमवार को कैरू, जुई, गोलागढ़, दुल्हेड़ी, गोलागढ़ सहित अन्य गांवों में पहुंची। गांव गोलागढ़ सहित विभिन्न गांवों में पहुंचने पर ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया। गांव गोलागढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री चौ. बंसीलाल की समाधि स्थल पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत ग्रामीणों को मतदाता की भी सुनो बैलगाड़ी यात्रा का उद्देश्य बताने के साथ-साथ गांवों में व्याप्त विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गई। यात्रा के संयोजक गौ किसान समृद्धि ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा द्वारा किया जा रहा है, जिसके सारथी किसान मनफूल उर्फ. लिला पटौदी है। यात्रा के विभिन्न गांवों में पहुंचने पर युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने ग्रामीणों से गांवों की पीने के पानी की समस्या, बरसाती पानी की निकासी, स्कूलों में स्टाफ की कमी, पशु अस्पताल में स्टाफ की कमी व भवन की कमी, पशुओं को पानी पीने के लिए गांवों में जोहड़ नहीं है जहा जोहड़ हैं उनमें पानी नहीं है। सहित अन्य समस्याओं पर चर्चा की। युद्धवीर मंगल सिंह खरेटा ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का कार्य अपने क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के समाधान पर गौर करना है, लेकिन जनप्रतिनिधियों का उस ओर विशेष ध्यान नहीं है। ऐसे में चुनावी दौर में नागरिकों के पास मतदान की अपील करने वाले राजनीतिक दलों के समक्ष अपने हितों की आवाज मजबूती उठाने के लिए नागरिकों को प्रेरित करना ही इस यात्रा का उद्देश्य है। खरेटा ने कहा कि किसान को पूर्ण रूप से कर्ज मुक्त करने, एमएसपी गारन्टी ू६+50% लागू करने, डब्ल्यूटीओ से भारत को बाहर करने, पंचायत एक्ट-1994 लागू करने, बढ़ती बीमारियों पर भी बात करने ऐवम बिमारियाँ क्यों बढ़ रही है जैसे मुद्दों के बारे में ग्रामीणों को अवगत करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि अब तक यह यात्रा करीबन 80 गांवों में जा चुकी है, जहां पर इस यात्रा का जोरदार स्वागत ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यात्रा के माध्यम से शहीद किसान योद्धा मंगल सिंह खरेटा के कृषि व ग्रामीण आंचल को सशक्त व आत्मनिर्भर बनाने के विचारों को आगे बढ़ाया जा रहा है, ताकि प्रत्येक जन उस दिशा में कार्य कर सकें। पहलवान अमरचंद, बलजीत दांगी, पमानंद नंबरदार सरपंच, मा. रघुबीर, हरिसिंह बेडवाल, धर्मपाल बलौदा, राजपाल दांगी, अशोक उर्फ लाखन, देशराज सोनी सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग से सेवानिवृत हुए सदस्य भजन पार्टी, बलवान सिंह



सिटी दर्पण
कैथल

सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग में कई वर्षों की सेवा देने उपरांत सदस्य भजन पार्टी बलवान सिंह सोमवार को सेवानिवृत्त हो गए। इस उपलक्ष्य में जिला कार्यालय में विदाई समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें बलवान सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट करते हुए विदाई दी। जिला सूचना एवं जन संपर्क अधिकारी संजय कुमार ने कहा कि बलवान सिंह ने विभाग में अपनी बेहतरीन सेवाएं दी। उन्होंने अपनी कार्यशैली से विभाग में एक अलग ही छाप छोड़ी हैं, जिससे अन्य कर्मचारियों को भी प्रेरणा मिलती रहेगी। आगामी सुखद भविष्य की कामना करते हुए कहा कि उन्होंने विभाग में ईमानदारी से अपनी ड्यूटी का निर्वहन करते हुए अपनी अलग पहचान बनाई है, जोकि आने वाले लोगों के लिए प्रेरणा दायक है। इन्होंने अपने कार्य के साथ-साथ कार्यालय के अन्य कार्यों में भी रूचि लेकर काम किया है, जो सराहनीय है।

# शेयर बाजार में खरीद फरोख्त के लिए डीमैट अकाउंट जरूरी

सिटी दर्पण
यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के वाणिज्य विभाग व आईसीआईसीआई बैंक यमुनानगर के संयुक्त तत्वावधान में भारत में डीमैट अकाउंट का प्रचलन विषय पर एक्सटेंशन लेक्चर का आयोजन किया गया। कॉलेज प्रिंसिपल डॉ मीनू जैन ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। ब्रांच मैनेजर अजय गर्ग, डिप्टी मैनेजर करण कपूर व अमन सोनी, सेल्स के क्षेत्रीय अधिकारी सुशील शर्मा व संजीत सिंह ने बैंक व खाते से संबंधित विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ सुरिंद्र कौर की देखरेख में हुआ।



अजय गर्ग ने कहा कि बैंक संबंधी कार्य ऑनलाइन होने की वजह से धोखाधड़ी के केस में इजाफा हुआ है। धोखाधडी करने वाले लोग इंटरनेट के जरिए फर्जी प्रोफाइल का प्रयोग करते है। करण कपूर ने कहा कि धोखाधड़ी से बचने के लिए अपना खाता नंबर, पासवर्ड, क्रेडिट कार्ड नंबर, अज्ञात ओटीपी इत्यादि को किसी के साथ साझा न करें।

अमन सोनी ने कहा कि धोखाधड़ी से निपटने के मामले में बैंक व ग्राहक की जिम्मेदारी होती है। ग्राहकों को अपने खाते की सुरक्षा करनी चाहिए तथा संदिग्ध गतिविधियों के बारे में बैंक को रिपोर्ट करें। बैंक को चाहिए कि खाते से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई करे।

संजीत सिंह ने कहा कि शेयर की खरीद फरोख्त के लिए डीमैट अकाउंट की जरूरत पडती है। यह खाता एक लॉकर की तरह कार्य करता है। उन्होंने डिमैट अकाउंट के लाभ के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही इस अकाउंट से ट्रेडिंग के बारे में भी बताया।

सुशील शर्मा ने छात्राओं को म्युचुअल फंड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इस फंड में कई निवेशकों का पैसा एक जगह जमा किया जाता है। जिसके बाद इस फंड में से बाजार में निवेश किया जाता है। इस फंड को एसेट मैनेजमेंट कंपनियों द्वारा मैनेज किया जाता है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विभाग की प्राध्यापिका निशी ग्रोवर, रितिका, डॉ मोनिका शर्मा, पूजा सिंदवानी, डॉ शिखा व बैंक के क्षेत्रीय अधिकारी अशोक धीमान ने सहयोग दिया।

## संक्षिप्त-समाचार

### सहारा इंटरनेशनल स्कूल में इंटर स्कूल तैराकी प्रतियोगिता और वाटर गेम्स ने बच्चों को किया रोमांचित

लाडवा। सहारा इंटरनेशनल स्कूल, लाडवा में दो दिवसीय इंटर स्कूल तैराकी प्रतियोगिता और वाटर गेम्स का सफल आयोजन किया गया। पहली से तीसरी कक्षा तक के बच्चों के लिए 'बैलेंस द बॉल', 'कलेक्ट द कोन', और 'पासिंग द बॉल' जैसे मजेदार और रोमांचक वाटर गेम्स का आयोजन किया गया। जिसका बच्चों ने खूब आनंद लिया। वहीं चौथी कक्षा से ऊपर के छात्रों के लिए तैराकी प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें विभिन्न प्रकार की रेस और वाटर गेम्स शामिल किये गए। प्रतियोगिता में उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्रों को सर्टिफिकेट व मेडल दिए गए क इस अवसर पर स्कूल प्रबंधक समिति के अध्यक्ष विक्रांत अग्रवाल व गीतिका अग्रवाल ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएँ छात्रों के आत्मविश्वास और मानसिक विकास को प्रोत्साहित करती हैं। उन्होंने आगे बताया कि सहारा इंटरनेशनल स्कूल छात्रों की प्रतिभा को संवारने और उन्हें नई ऊँचाइयाँ छूने के अवसर प्रदान करने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करता रहता है। उप-प्रधानाचार्या रितु गोगिया ने कहा कि वाटर गेम्स और तैराकी बच्चों के लिए रोमांचक और दिलचस्प गतिविधियाँ हैं। अर्धवार्षिक परीक्षा के बाद ऐसी गतिविधियाँ बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार करती है।

### पोषण माह का प्रतिदिन आंगनवाड़ी केंद्रों पर रहा रोचक और प्रभावकारी: वीना

नीलोखेड़ी। नीलोखेड़ी के आंगनवाड़ी केन्द्र पर पोषण माह का समापन दिवस मनाया गया।जिसमे बच्चों के द्वारा बहुत से क्रियाकलाप करवाए गए।इस अवसर पर आंगनवाड़ी सुपरवाइजर नेहा व वीना ने कहा कि पोषण माह प्रत्येक आंगनवाड़ी केंद्र के लिए बहुत ही रोचक व प्रभावकारी रहा।प्रतिदिन अलग अलग क्रियाकलाप बच्चों व महिलाओं से करवाए गए।इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं भी करवाई गई। जिसमें रंगोली, बच्चों का नृत्य,बच्चों की राइम्स,वेस्ट सामान से प्रयोगात्मक चीजे बनाना आदि और भी बहुत कुछ सिखाया गया।इन सभी प्रतियोगिता में प्रथम,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर माता पिता भी इस दौरान शामिल रहे।जब छोटे छोटे बच्चें एक्टिविटी करते थे तो माता पिता को बहुत खुशी होती थी।इस अवसर पर सुपरवाइजर नेहा व वीना ने कहा कि आगे भी हमें अपने सभी केंद्रों को ऐसे हो रुचिकर बनाए रखना है।ताकि माता पिता व बच्चों का रुझान आंगनवाड़ी केंद्रों पर बढ़े।हम इस अवसर पर माता पिता का बहुत बहुत आभार प्रकट करते है जिन्होंने अपने बच्चों के साथ शामिल रहकर इस पोषण माह को एक विशेष माह बनया।प्रत्येक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ने भी इसमें विशेष भूमिका निभाई।

### ट्राला की चपेट में आने से बरेली निवासी 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर की हुई दर्दनाक मौत



तोशाम। तोशाम-भिवानी मार्ग पर बाईपास के नजदीक ट्राला की चपेट में आ जाने से उत्तरप्रदेश के बरेली निवासी 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस में मृतक के भाई की शिकायत पर ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार उत्तरप्रदेश के बरेली निवासी 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर पींकू मेहनत मजदूरी का काम करता था। सोमवार को वह किसी काम से भिवानी मार्ग पर गया हुआ था। दोपहर करीबन साढ़े बारह बजे तोशाम की तरफ से भिवानी की तरफ जा रहे ट्राला की चपेट में आ गया। ट्राला की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मृतक में भाई नन्दराम की शिकायत पर अज्ञात ट्राला चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

### रोड शो के लिए राजनैतिक दल या उम्मीदवार को लेनी होगी परमिशनः जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह

करनाल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा ने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के लिए 5 अक्तूबर को मतदान होगा। इन चुनावों में प्रत्येक राजनैतिक पार्टी व उम्मीदवार को निर्वाचन आयोग के नियमों की पालना करनी होगी। इस जिला में निर्वाचन आयोग के निदेशार्नुसार पारदर्शी व निष्पक्ष तरीके से चुनाव करवाए जाएंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी उत्तम सिंह ने कहा कि किसी भी राजनैतिक दल को कोई रैली या रोड शो का काफिला निकालना है तो इसके लिए सबंधित क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी से अनुमति लेनी जरूरी है। जहां से रोड शो का काफिला निकलता है तो उससे रोड पर जाम नहीं होना चाहिए और जहां अस्पताल व ट्रॉमा सेंटर होगा वहां से कोई भी राजनैतिक पार्टी रोड शो का काफिला नहीं निकाल सकेगी। इसके अतिरिक्त रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर का प्रयोग नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दौरान राजनैतिक दलों द्वारा किसी भी रेस्ट हाउस, डाक बंगला और सरकारी मकान का प्रयोग नहीं किया जाएगा। इसके अतिरिक्त कोई भी राजनैतिक व्यक्ति अपने भाषण में जाति, धर्म से संबंधित शब्दों को प्रयोग नहीं कर सकेगा। डीसी ने कहा कि राजनैतिक दल अपने बैनर पर मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वारा व चर्च की फोटो का प्रयोग भी नहीं कर सकेगा। इन चुनावों में खर्च निगरानी टीम उम्मीदवार के कार्यक्रमों पर नजर रख रही हैं। सभी चुनावी कार्यक्रमों में उम्मीदवार आदर्श चुनाव आचार संहिता का ध्यान रखें। उम्मीदवारों को अपने खर्चे का विवरण चुनाव कार्यालय में जमा करवाना होगा। उन्होंने कहा कि सभी राजनैतिक दलों व प्रत्याशियों को जिला निर्वाचन विभाग का सहयोग करना चाहिए। सभी के सहयोग के साथ चुनावों को पारदर्शिता व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाए जा सकेगा। इस जिला में तमाम प्रकार की चुनावी गतिविधियों पर नजर रखने के लिए एसएसटी, एफएसटी सहित अन्य टीमों का गठन किया गया है। इन टीमों की विधानसभा अनुसार ड्यूटियां लगाई गई है।

# राज्य स्तरीय खेल स्पधाओं में के.एल. आर्य डी.ए.वी. के खिलाडियों का शानदार प्रदर्शन

सिटी दर्पण
हिसार

के.एल. आर्य डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में अपना दम-खम दिखाते हुए अपनी अद्वितीय प्रतिभा का परचिय दिया। कक्षा बारहवीं की छात्रा नेहा ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अंडर-19 आयु वर्ग के 65-69 केजी ग्रुप में स्वर्ण पदक प्राप्त करके विद्यालय को गौरवान्वित किया। इसी प्रकार कक्षा ग्यारहवीं के छात्र शिवम ने अंडर-17 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। वैट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में कक्षा ग्याहरवीं के छात्र माधव ने अंडर-17 में स्वर्ण पदक प्राप्त करके अपनी असाधारण प्रतिभा का परिचय दिया। जिम्नास्टिक प्रतिस्पर्धा में कक्षा सातवीं के छात्र जशन ने अंडर-14 आयु वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार अपने साथी खिलाड़ी को कड़ी



टक्कर देते हुए कक्षा बारहवीं के छात्र आर्यन ने रेसलिंग प्रतियोगिता के अंडर-17 में रजत पदक हासिल किया। कक्षा बारहवीं की छात्रा नीतू ने कराटे प्रतियोगिता के अंडर-19 आयु वर्ग के 40-44 के.जी. ग्रुप में रजत पदक हासिल किया। अपनी विलक्षण योग्यता का परचम लहराते हुए कक्षा नवीं के छात्र हार्दिक ने अंडर-14 आयु वर्ग में लोंग जम्प में रजत पदक प्राप्त किया। इसी प्रकार अपना शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय की क्रिकेट टीम ने सेमिफाइनल में चयनित होकर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओ.पी. यादव ने सभी विजेता प्रतिभागियों को उनके समर्पण और कठिन परिश्रम के लिये हार्दिक बधाई दी। उन्होंने बताया कि खेल हमें विनम्रता, परिपक्वता और कठिन परिस्थितियों से जूझने की ओर प्रेरित करता है। खेलों के माध्यम से छात्रों को अधिक से अधिक जीवन मूल्य सिखाये जा सकते हैं।

# स्वर्ण जयंती पार्क में चलाया स्वच्छता अभियान, पौधरोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

सिटी दर्पण
यमुनानगर

यमुनानगर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में शहर को बेहतर रैंक दिलाने के लिए नगर निगम ने स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया हुआ है। पखवाड़े के तहत सोमवार को नगर निगम ने वार्ड 16 के स्वर्ण जयंती पार्क में स्वच्छता अभियान चलाकर सफाई की। वहीं, पार्क में सैर करने आए लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया।

नगर निगम द्वारा इस दौरान पार्क में पौधरोपण कर लोगों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।नगर निगम आयुक्त आयुष सिन्हा के निदेर्शों पर 17 सितंबर से दो अक्टूबर तक नगर निगम द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा चलाया जा रहा है। पखवाड़े के तहत जोन एक में सीएसआई हरजीत सिंह व जोन दो में सीएसआई सुनील दत्त के नेतृत्व में सभी




वार्डों की हर कॉलोनी व हर गांव में सफाई की जा रही। वहीं, डोर टू डोर लोगों व दुकानदारों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। सोमवार को सफाई निरीक्षक सुशील कुमार की टीम ने जोन दो के वार्ड 16 में स्वच्छता अभियान चलाया। सफाई कर्मियों ने पहले स्वर्ण जयंती पार्क के कोने कोने की सफाई की। गंदगी को साफ कर निगम के वाहन में पहुंचाया और पार्क में आए लोगों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने और खुले में गंदगी न फैलाने को जागरूक किया।

# श्रीमद् भागवत कथा से ही जीव का कल्याण है : राजेश वत्स



सिटी दर्पण
कुरुक्षेत्र

सिद्ध पीठ मां श्री बंगलामुखी मंदिर शीला नगर में संगीतमयी श्रीमद भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन कथा व्यास पं. आचार्य राजेश वत्स महाराज ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा से ही जीव का कल्याण है। जहां भागवत कथा का गुणगान होता है वहां प्रभु खुद दर्शन देते हैं। श्रीमद् भागवत कथा हमें भगवान श्री कृष्ण ने विश्व कल्याण के लिए जो संदेश दिया है उसकी आज समाज को जरूरत है। हमें हमेशा प्रभु सिमरन के साथ जोडकर जीवन व्यतीत करना चाहिए। वत्स जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा का श्रवण मनुष्य जीवन को सार्थक बनाती है। जन्म तो हर प्राणी एवं मनुष्य लेता है लेकिन उसे अपने जीवन का अर्थ बोध नहीं होता है। उन्होंने बताया कि बाल्यावस्था से लेकर मृत्यु तक वह सांसारिक गतिविधियों में ही लिप्त होकर इस अमूल्य जीवन को नश्वर बना देता है। कथा में आचार्य राजेश वत्स महाराज ने भगवान श्री कृष्ण के भजन सुनाए जिस पर भक्त भजन खूब झूमे। कथा में दूर-दराज से आए भक्तों ने आरती में भाग लिया।

कथा में आज के मुख्य यजमान के रूप में सुरेश शर्मा पानीपत, नरेश शास्त्री पिपली, राजकुमार शर्मा, सौरव शास्त्री, सन्नी चौहान, डोनल चौहान, सवी चौहान, माया देवी, कमलेश धीमान, अन्नू अरोड़ा, अनुज शर्मा, सत्यनारायण शर्मा, सावित्री देवी आदि भक्तों ने तर्पण और पूजा में भाग लिया।

## भाजपा युवा मोर्चा के सम्मेलन में उमड़ा युवाओं का जनसैलाब

# करनाल के विकास का नया इतिहास लिखेगी युवा पीढ़ी : जगमोहन

सिटी दर्पण
करनाल

करनाल से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द ने कहा कि युवाओं के जोश और संकल्प से करनाल के विकास का नया इतिहास लिखा जाएगा। देश का विकास युवाओं के बिना संभव नहीं है इसलिए युवा शक्ति अपनी ताकत को पहचाने और चुनाव के इस पर्व में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करे। सही मायने में युवा पीढ़ी ही एक ऐसी ताकत है, जिनका हमारे देश के विकास में अहम योगदान होता है। यह विचार जगमोहन आनन्द ने आज गुलमोहर बाग में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा द्वारा आयोजित युवा सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किये। इस सम्मेलन में युवा शक्ति ने एकजुट होकर भाजपा को जितवाने का संकल्प लिया। सम्मेलन में युवाओं का जोश और उत्साह देखने योग्य था। चारो ओर भाजपा के उद्घोषों से पूरा पंडाल गूंज उठा। जगमोहन



आनन्द ने सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए कहा कि आगामी 5 अक्टूबर को अपने मतदान के अधिकार का सदुपयोग कर क्षेत्र को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाएं। इस कार्यक्रम के आयोजक युवा मोर्चा के अध्यक्ष शुभम गुप्ता अध्यक्ष को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि भाजपा युवा मोर्चा ने युवा शक्ति को एकजुट करने का सराहनीय प्रयास किया है। सोमवार को करनाल से भाजपा प्रत्याशी जगमोहन आनन्द अपने जनसम्पर्क अभियान के तहत दौलतपुर रतनगढ़, पालनगर सैदपुरा, रविदासपुरा न्यू चार चमन, आनंद विहार कालोनी, हांसी रोड, शिव कालोनी, सैक्टर-12 करनाल, वजीरचंद कालोनी, सैक्टर-16 कम्युनिटी सैंटर, स्कूटर मार्किट करनाल, गुरुनानक पुरा कालोनी में पहुंचे, जहां भारी संख्या में मौजूद लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को अपना समर्थन दिया और विश्वास दिलाया कि करनाल से कमल का फूल खिलाकर जगमोहन आनन्द को चंडीगढ़ भेजने का काम करेंगे। इसके पश्चात माल रोड स्थित योगेश गुप्ता के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचना हुआ, जहां उन्होंने अपील की कि भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में मतदान कर क्षेत्र के विकास को नई ऊंचाइयों पर ले जाने में सहयोग दें। तत्पश्चात वार्ड नंबर-3 विकास नगर दुर्गा कॉलोनी में कृष्ण कुमार द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शिरकत की, जहां उन्होंने करनाल की तरक्की और हरियाणा की उन्नति के लिए भारतीय जनता पार्टी को वोट देकर क्षेत्र को प्रगति की दिशा में आगे बढ़ाने की अपील की। रतनगढ़ में बलजिंदर और रवि कश्यप द्वारा आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने का अवसर मिला। इस दौरान कश्यप समाज के लोगों ने बड़े उत्साह के साथ मुझे समर्थन दिया, जिसके लिए सभी का आभारी हूं। जगमोहन आनन्द ने कहा कि आप सभी का यह समर्थन और आशीर्वाद मेरे लिए प्रेरणादायक है।

दैनिक सिटी दर्पण
आईना सच का




संपादकीय

# अब विज्ञान पुरस्कार विजेताओं की चयन प्रक्रिया भी सवालों के घेरे में

विभिन्न पुरस्कार विजेताओं की चयन प्रक्रिया की भांति अब विज्ञान से जुड़े पुरस्कार विजेताओं के चयन पर भी सवाल उठने लगे हैं यह सवाल देश के जाने माने वैज्ञानिकों के एक समूह ने उठाने शुरू किये हैं। उन्होंने हाल ही में भारत के प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार अजय कुमार सूद को एक पत्र लिखकर 'विज्ञान युवा शांति स्वरूप भटनागर (एसएसबी) पुरस्कार 2024' के पाने वालों के चयन में अपनाई गई प्रक्रियाओं पर संदेह जाहिर किया है। इस संदेह ने विज्ञान के क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। याद रहे विज्ञान के क्षेत्र के ये पुरस्कार विज्ञान और प्रौद्योगिकी के किसी भी क्षेत्र में असाधारण योगदान देने वाले युवा वैज्ञानिकों को प्रोत्साहित करने के लिए दिये जाते हैं। इस पत्र को पूर्व में एसएसबी पुरस्कार प्राप्त कर चुके 26 वैज्ञानिकों द्वारा लिखा गया था, जिसमें कहा गया है, 'हमारे सवाल परेशान करने वाली उन मीडिया रिपोर्टों से प्रेरित हैं, जो बताती हैं कि इस बार इस पुरस्कार को पाने वाले लोगों के अंतिम सूची के नामों को अनुचित गैर-वैज्ञानिक विचारों ने प्रभावित किया हो सकता है, जिसके लिए विशेषज्ञ समिति की सिफारिशों को दरकिनार किया गया है।' इस पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं में शिव अत्रेय, इंद्रनील विश्वास, विवेक बोरकर, आतिश दाभोलकर, सुमित दास, अभिषेक धर, दीपक धर, अनीश घोष, राजेश गोपकुमार, अमिताभ जोशी, निसिम कानेकर, महान एमजे, सत्यजीत मेयर, शिराज मिनवाला, सुनील मुखी, जयकुमार राधाकृष्णन, एमएस रघुनाथन, सुजाता रामदोराई, मदन राव, देब शंकर रे, श्रीकांत शास्त्री, अशोक सेन, कृष्णेंदु सेनगुप्ता, शुभा तोले, संदीप त्रिवेदी और विदिता वैद्य के नाम शामिल हैं। पत्र के हस्ताक्षरकर्ताओं का कहना है कि 'अगर यह खबर सच है, तो ये इस प्रतिष्ठित पुरस्कार की वैज्ञानिक निष्पक्षता और अखंडता से समझौता करने वाली बात है, जो वैचारिक नियंत्रण की दिशा में एक प्रयास की ओर इशारा करती है। इसलिए मेरा मानना है कि यह बड़ी चिंता का विषय है। उन्होंने यह भी कहा कि ये उन कठिन अवसरों में से एक था, जब उन्हें डर लगा कि पुरस्कार विजेताओं के चयन में इस तरह की चूक हुई है। इन हस्ताक्षरकर्ता ने अपनी शैक्षणिक संबद्धता के कारण अपना नाम न छापने को कहा है। गौरतलब है कि एसएसबी पुरस्कार को भारत में वैज्ञानिकों के लिए नोबेल पुरस्कार के समान माना जाता है, इसे वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) द्वारा प्रदान किया जाता है, जो केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के अंतर्गत आता है. यह पुरस्कार उस व्यक्ति को दिया जाता है, जिसने विज्ञान और अनुसंधान परिषद की राय में, मानव ज्ञान और प्रगति के लिए मौलिक और व्यावहारिक प्रयास के विशेष क्षेत्र में महत्वपूर्ण और उत्कृष्ट योगदान दिया हो। इन क्षेत्रों में जैव विज्ञान, रासायनिक विज्ञान, पृथ्वी, वायुमंडल, महासागर और ग्रह विज्ञान, इंजीनियरिंग विज्ञान, गणितीय विज्ञान, चिकित्सा विज्ञान और भौतिक विज्ञान के कार्य शामिल है। वैज्ञानिकों ने अपने पत्र में यह भी कहा है, 'हम मानते हैं कि राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार समिति (आरवीपीसी) ने इस वर्ष के पुरस्कार विजेताओं के लिए एक सिफारिश की। हम यह सवाल पूछने के लिए पत्र लिख रहे हैं कि क्या आरवीपीसी की सिफारिशों को पूरी तरह से स्वीकार कर लिया गया, या आगे की समितियों या अधिकारियों द्वारा उसमें कोई संशोधन किया गया।' वैज्ञानिकों ने सूद से यह भी बताने को कहा है कि अगर इन सिफारिशों में कोई संशोधन हुआ है तो इसे किसने या किस प्राधिकारी ने किया है। पत्र में लिखा है, 'यदि कोई संशोधन किया गया है, तो हम अनुरोध करते हैं कि इन समितियों की प्रकृति और उनके निर्णयों पर पहुंचने में नियोजित मानदंडों का विवरण सार्वजनिक किया जाए, क्योंकि हमें सरकारी वेबसाइट पर इसका कोई उल्लेख नहीं मिला है।' जहां तक पुरस्कार के नियमों का सवाल है, नियम 10.5, जो प्राप्तकर्ताओं के चयन से संबंधित है, कहता है, 'आरवीपीसी की सिफारिश के अलावा ये पुरस्कार किसी और को नहीं दिया जाएगा।' नियम 10.7 में कहा गया है कि आरवीपीसी द्वारा अनुशंसित व्यक्तियों के नाम अनुमोदन के लिए विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री को प्रस्तुत किए जाएंगे। इसमें दिलचस्प बात ये है कि इन नियमों को पुरस्कारों से पहले सार्वजनिक नहीं किया गया है। खैर दूसरी ओर यह भी सच है कि सरकार ने देश में विज्ञान की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए अगले पांच वर्षों में 50,000 करोड़ रुपये खर्च करने की योजना बनाई है। हालांकि, राजनीतिक विचारों से संबंधित इस नए 'पारिस्थितिकी तंत्र' की संवेदनशीलता को लेकर डर भी देखने को मिल रहा है जो नहीं होना चाहिए सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरता से विचार करनो चाहिए।

## आज का राशिफल

| | |
|---|---|
|  | **मेष:** जीवनसाथी को आप उपहार दे सकते हैं। सन्तान के व्यवहार से आपका मन गदगद हो जायेगा। घर का वातावरण काफी सुखद रहने वाला है। घर के बुजुर्गों से सहयोग मिलेगा। धार्मिक स्थल में जाने का विचार बनेगा। |
|  | **वृषभ:** दूसरों की नकारात्मक बातों पर ज्यादा ध्यान न दें। आपका मन अशान्त हो सकता है। सिरदर्द और माइग्रेन के रोगियों के लिये दिन शुभ नहीं है। किसी वाहन में खराबी आने की आशंका है। बुरे विचार आपको परेशान कर सकते हैं। |
|  | **मिथुन:** कार्यक्षेत्र में आप किसी महत्वपूर्ण कार्य में फँसे रहेंगे। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे। आपको प्रेमी जन से बड़ा उपहार मिल सकता है। विद्यार्थी अपने करियर को लेकर एकाग्र रहेंगे। व्यवसाय में मित्रों का सहयोग ले सकते हैं। |
|  | **कर्क:** कार्यक्षेत्र में दुविधापूर्ण स्थितियाँ निर्मित हो सकती हैं। पारिवारिक जीवन बहुत ही सुखदायक रहने वाला है। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। कुछ लोग आपके काम को लेकर टोंका-टांकी कर सकते हैं। मौसमी बीमारियों की चपेट में आ सकते हैं। |
|  | **सिंह:** आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरी हो सकती है। सम्पत्ति के क्रय-विक्रय से धन लाभ होगा। बड़े प्रोजेक्ट्स में आप निवेश कर सकते हैं। विपरीत लिंग के लोगों के प्रति आकर्षित रहेंगे। मन में कामुक विचार पनपते रहेंगे। युवा अपने करियर को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। |
|  | **कन्या:** आपका मनोबल थोड़ा कमजोर हो सकता है। असंयमित भोजन के कारण आपका स्वास्थ्य खराब रहेगा। शत्रु आपको नुकसान पहुँचाना चाहेंगे। आँखों में थोड़ी परेशानी हो सकती है। परिवार जनों के साथ आपको अपना व्यवहार अच्छा रखना चाहिये। |
|  | **तुला:** व्यापार में नये अनुबन्ध होने के योग बन रहे हैं। परिवार का वातावरण सुखद रहेगा। आपके जनसम्पर्क में वृद्धि होगी। आपकी कार्यप्रणाली में सुधार होगा। पैतृक कारोबार में धन लाभ होगा। विदेशी भूमि से आपको धन लाभ मिल सकता है। |
|  | **वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र में बड़ी जिम्मेदारी मिलने की सम्भावना बन रही है। लोग स्वार्थवश आपसे सम्पर्क में रहना चाहेंगे। नया रोजगार शुरू कर सकते हैं। शेयर मार्केट में किया गये पूर्व निवेश से लाभ मिलेगा। स्वास्थ्य कुछ कमजोर रहेगा। |
|  | **धनु:** आपके कार्य अपेक्षाकृत देरी से पूरे होंगे। आप की उपलब्धियों से आपके सीनियर्स काफी प्रसन्न रहेंगे। बच्चों की शिक्षा को लेकर आप काफी ध्यान देंगे। दाम्पत्य सम्बन्ध काफी प्रगाढ़ रहने वाले हैं। नयी नौकरी ढूँढ रहे हैं तो आपको सफलता मिलेगी। |
|  | **मकर:** आज आपको काफी व्यस्त रहना पड़ेगा। किसी भी काम में ज्यादा मन नहीं लगा पायेंगे। अनजान लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें। वर्तमान वातावरण को लेकर आपको अपना ध्यान रखना चाहिये। भारी उद्योग से जुड़े लोगों को मशीनरी सम्बन्धी समस्या हो सकती है। |
|  | **कुंभ:** अपनी बौद्धिक क्षमता का कुशल प्रयोग कर पायेंगे। आलस्य से आपको बचना चाहिये। प्रेम सम्बन्धों को लेकर आज का दिन बेहद शुभ है। मन में परोपकार की भावना रहेगी। लम्बी दूरी की यात्रा करने के योग बन रहे हैं। |
|  | **मीन:** सरकारी कार्यों के लिये दिन बहुत शुभ है। अति महत्वपूर्ण कार्यों को आप समय पर पूरा करेंगे। परिवार में किसी कारण अशान्ति हो सकती है। लेन-देन के मामलों में सावधानी रखें। लोग आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। साझेदारी वाले व्यापार में आपको धन लाभ होगा। |

# तीन अक्तूबर से नवरात्रि प्रारंभ, जानें देवी दुर्गा के नौ स्वरूपों के बारे में

**शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हर साल आश्विन मास की कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि से होती है। इस साल शारदीय नवरात्रि की शुरुआत 3 अक्तूबर से होगी और इसका समापन 11 अक्तूबर को होगा। इस साल शारदीय नवरात्रि पर घटस्थापना के लिए 2 शुभ मुहूर्त हैं। कलश स्थापना का पहला मुहूर्तः प्रातः 6:15 बजे से प्रातः 7:22 बजे तक है। इसके अनुसार मातारानी के भक्तों को घटस्थापना के लिए 1 घंटा 6 मिनट का शुभ समय प्राप्त होगा। जो लोग सुबह में कलश स्थापना करना चाहते हैं, उनके लिए यह समय ठीक है। नवरात्रि के घटस्थापना के लिए दूसरा शुभ मुहूर्त प्रातः 11:46 से दोपहर 12:33 बजे के बीच तक है है। सुबह के बाद दिन में कलश स्थापना के लिए 47 मिनट का मुहूर्त है। नवरात्रि के दौरान माता रानी की पूजा करने की परंपरा है। इस दौरान भक्त नौ दिनों तक देवी दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा करते हैं। आइए जानते हैं मां के नवस्वरूपों के बारे में और कैसे करें इन स्वरूपों को प्रसन्न।**



## मां शैलपुत्री करती हैं जीवों की रक्षा

नवरात्रि के प्रथम दिन भक्त नौ विग्रह रूपों में माता के पहले स्वरूप 'शैलपुत्री' की उपासना करते हैं। पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। सती स्वरूप द्वारा यज्ञ अग्नि में स्वयं को भस्म करने के पश्चात उन्होंने पर्वतराज हिमालय की पुत्री पार्वती के रूप में जन्म लिया। उनका यह स्वरूप लावण्यमयी एवं अतिरूपवान है। माता के एक हाथ में त्रिशूल तथा दूसरे में कमल का फूल सुशोभित होता है। उनका वाहन वृषभ अर्थात बैल है। भगवान शंकर की भांति वे भी पर्वतों पर निवास करती हैं। प्रत्येक प्राणी में उनका स्थान नाभि चक्र से नीचे स्थित मूलाधार चक्र में है। यही वो स्थान है, जहां उनकी शक्ति 'कुंडलिनी' के रूप में विराजमान रहती है। नवरात्रि के पहले दिन इनकी उपासना में योगी एवं साधक अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं, क्योंकि इसी स्थान से योग साधना का प्रारंभ होता है। माता शैलपुत्री अपने साधकों को साधना में लीन होने की शक्ति, साहस एवं बल प्रदान करती हैं, साथ ही आरोग्य का वरदान भी देती हैं। नवरात्रि के पहले दिन जो भक्त सच्ची भक्ति उपासना द्वारा उनके इस स्वरूप को जागृत करता है, माता उसका निस्संदेह कल्याण करती हैं।

**कैसे करें प्रसन्न** : देवी संवाद अनुसार, माता को सफेद एवं लाल रंग की वस्तुएं बहुत पसंद हैं, इसलिए नवरात्रि के पहले दिन उनके इस स्वरूप के समक्ष सफेद या लाल रंग के पुष्प अर्पित कर लाल सिंदूर लगाएं। गाय के दूध से बने पकवान एवं मिष्ठान का भोग लगाने से माता भक्तों से प्रसन्न होकर उनकी मनोकामनाएं पूरी करती हैं। साथ ही भक्तों के घर की दरिद्रता को दूर करके उनके परिवार के सभी सदस्यों को रोगमुक्त कर देती हैं। भक्त को संशय रहित होकर माता का पूजन करना चाहिए।

## मां ब्रह्मचारिणी देती हैं स्मरण शक्ति

प्रत्येक प्राणी के अंतर्मन में स्थित देवी का दूसरा रूप शक्ति विग्रह ब्रह्मचारिणी या तपस्चारिणी अर्थात तप का आचरण करने वाला है। सत, चित्त, आनंदमय ब्रह्म की प्राप्ति कराना ही मां के दूसरे स्वरूप का उद्देश्य एवं स्वभाव है। उनकी आभा पूर्ण चंद्रमा के समान निर्मल, कांतिमय है। उनकी शक्ति का स्थान 'स्वाधिष्ठान चक्र' में है। उनके एक हाथ में कमंडल तथा दूसरे में जप की माला रहती है। नवरात्रि के दूसरे दिन भक्त माता के इसी विग्रह की पूजा, अर्चना और उपासना करते हैं। माता भक्तों को उनके प्रत्येक कार्य में सफलता प्रदान करती हैं। उनके उपासक सन्मार्ग से कभी नहीं हटते हैं। माता ने इस रूप में भगवान शिव को पाने के लिए कठोर तप किया था, जिससे उनका शरीर कई बार क्षीण हुआ। उस समय मां मैना ने उनकी यह दशा देखकर 'उ मा, ओ नहीं-नहीं' कहकर उन्हें तपस्या से विरत करने की कोशिश की। इसी कारण उनका नाम 'उमा' पड़ा। उस समय माता सूक्ष्म से सूक्ष्म रूपों में भी शिव प्राप्ति के लिए तप करती रहीं। तीनों लोकों में उनका तेज व्याप्त हो गया, तब ब्रह्मा जी ने आकाशवाणी से भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने का वरदान दिया। माता के इस स्वरूप के पूजन से भक्त दीघार्यु एवं मनोवांछित फल प्राप्त करते हैं।

**कैसे करें प्रसन्न** : माता को गुड़हल और कमल के फूल बहुत पसंद हैं। नवरात्रि के दूसरे दिन इन्हीं पुष्पों को अर्पित करने तथा चीनी, मिश्री और पंचामृत का भोग अर्पित करने से मां अतिशीघ्र प्रसन्न होकर लंबी आयु एवं सौभाग्य प्रदान करती हैं। संशयमुक्त होकर उनकी स्तुति करने वाला भक्त त्रिलोक में विजयी होता है।

## मां चंद्रघंटा प्रदान करती हैं आरोग्य-संपदा

मां के तीसरे शक्ति विग्रह का नाम चंद्रघंटा है, जिनका पूजन-अर्चन नवरात्रि के तीसरे दिन किया जाता है। चंद्रघंटा स्वरूप में मां का रंग सोने के समान चमकीला और तेजस्वी है। उनके मस्तक पर घंटे के आकार का अर्द्धचंद्र है, इसी कारण मां को चंद्रघंटा नाम से संबोधित किया जाता है। इस रूप में मां के दस हाथ हैं, जिनमें से एक हाथ में कमल का फूल, एक में कमंडल, एक में त्रिशुल, एक में गदा, एक में तलवार, एक में धनुष और एक में बाण हैं। उनका एक हाथ हृदय पर, एक हाथ आशीर्वाद मुद्रा में और एक अभय मुद्रा में भक्तों के कल्याण के लिए रहता है। मां के गले में सफेद फूलों की माला रहती है और उनका वाहन बाघ है। देहधारियों में इस रूप का स्थान मणिपुर चक्र है। तीसरे दिन साधक इसी चक्र में ध्यान लगाते हैं। उनकी कृपा से श्रद्धालुओं को अलौकिक वस्तुओं के दर्शन होते हैं, दिव्य सुगंधियों का अनुभव होता है और दिव्य ध्वनियां सुनाई पड़ती हैं। मां सच्चे भक्त को शीघ्र फल देती हैं और कष्टों का निवारण करती हैं। उनका यह स्वरूप दानव, दैत्य, राक्षसों को कंपाने वाला तथा प्रचंड ध्वनि उनकी हिम्मत पस्त कर देने वाली होती है। जहां मां की घंटे जैसी ध्वनि बुरी शक्तियों को भगाने पर मजबूर करती है, वहीं भक्तों को उनका स्वरूप सौम्य, शांत और भव्य दिखाई देता है।

**कैसे करें प्रसन्न** : मां अंतर्मन में स्थित दैवीय शक्ति उद्घोष कर मार्गदर्शन करती हैं कि नवरात्रि के तीसरे दिन उनके चंद्रघंटा स्वरूप को दूध या इससे बने पदार्थों को अर्पित कर प्रसाद के रूप में भक्तों को वितरित करने से वे दुखों का नाश कर देती हैं।

## मां कूष्मांडा बढ़ाती हैं यश एवं आयु

ऋषि-महर्षियों के अनुसार, मां का चौथा विग्रह स्वरूप कूष्मांडा का है। नवरात्रि के चौथे दिन भक्त उनके इसी रूप की पूजा करते हैं। मंद और हल्की-सी मुस्कान मात्र से अंड को उत्पन्न करने वाली होने के कारण ही उनके इस रूप को कूष्मांडा कहा गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार था, तब मां ने महाशून्य में मंद हास से उजाला करते हुए 'अंड' की उत्पत्ति की, जो बीज रूप में ब्रह्म तत्व के मिलने से ब्रह्मांड बना और यही उनका अजन्मा तथा आद्यशक्ति का रूप है। जीवों में उनका स्थान 'अनाहत चक्र' में माना गया है। नवरात्र के चौथे दिन योगीजन इसी चक्र में ध्यान लगाते हैं। कूष्मांडा मां का निवास स्थान सूर्य लोक में है, क्योंकि उस लोक में निवास करने की क्षमता और शक्ति केवल उनमें ही है। उनके स्वरूप की कांति और तेज मंडल भी सूर्य के समान ही अतुलनीय है। मां का तेज और प्रकाश दसों दिशाओं में और ब्रह्मांड के चराचर में व्याप्त है। मां अष्टभुजा लिए हुए हैं, उनके सात हाथों में क्रमशः कमंडल, धनुष, बाण, कमल का फूल, अमृत कलश, चक्र तथा गदा है और आठवें हाथ में सर्वसिद्धि और सर्वनिधि देने वाली जप माला। मां का वाहन बाघ है। संस्कृत में कूष्मांड 'कूम्हडा' अर्थात पेठा या सीताफल को कहा जाता है।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के चौथे दिन मां के इस स्वरूप के समक्ष मालपुए का भोग लगाना चाहिए, तत्पश्चात इस प्रसाद को दान करें और स्वयं भी ग्रहण करें। ऐसा करने से भक्तों की बुद्धि का विकास होने के साथ ही उनके निर्णय लेने की क्षमता भी अच्छी होती है।

## मां स्कंदमाता करती हैं मनोकामनाएं पूरी

मां का पांचवां विग्रह स्वरूप स्कंदमाता है। उनके पार्वती स्वरूप के पुत्र हैं कुमार कार्तिकेय, जिन्हें स्कंद नाम से भी पुकारा जाता है। देव सेनापति बनकर तारकासुर का वध करने वाले तथा मयूर (मोर) को वाहन के रूप में अपनाने वाले स्कंद की माता होने के कारण ही मां के इस रूप को 'स्कंदमाता' के नाम से पुकारा जाता है। नवरात्रि के पांचवें दिन उनके इसी रूप की पूजा-अर्चना की जाती है। योगीजन इस दिन विशुद्ध चक्र में मन एकाग्र करते हैं। यही चक्र प्राणियों में उनके स्कंद स्वरूप का स्थान है। मां का विग्रह स्वरूप चार भुजाओं वाला है और उन्होंने गोद में भगवान स्कंद को बैठा रखा है। एक भुजा से धनुष बाणधारी, छह मुखों वाले (षडानन) बाल रूप स्कंद को पकड़ा है और दूसरी भुजा से मां भक्तों को आशीर्वाद एवं वर प्रदान करती हैं। शेष दोनों भुजाओं में कमल पुष्प है। मां का वर्ण पूरी तरह निर्मल कांति वाला सफेद है और वे कमलासन पर विराजती हैं, इसलिए उन्हें पद्मासना नाम से पूजा जाता है। मां ने वाहन के रूप में सिंह को अपनाया है। उनका यह विग्रह वात्सल्य से परिपूर्ण है, इसलिए उन्होंने कोई शस्त्र धारण नहीं किया। मां की उपासना से साधक को मृत्यु लोक में ही परम शांति और सुख मिलता है और वह विशुद्ध चैतन्य स्वरूप की ओर बढ़ता है।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के पांचवें दिन मां को प्रसन्न करने के लिए भक्तों को केले का भोग लगाना चाहिए या फिर इसे प्रसाद के रूप में दान करना चाहिए। इससे माता अपने भक्त को परिवार में सुख-शांति का वरदान प्रदान करती हैं।

## मां कात्यायनी दिलाती हैं विजय

सुनहले और चमकीले वर्ण, चार भुजाएं और रत्नाभूषणों से अलंकृत मां का छठा स्वरूप कात्यायनी का है। इस रूप में मां खूंखार और झपट पड़ने वाली मुद्रा में सिंह पर सवार हैं। मां का आभामंडल विभिन्न देवों के तेज अंशों से मिश्रित इंद्रधनुषी छटा देता है। मां का यह छठा विग्रह रूप है, जिसकी पूजा-अर्चना नवरात्र के छठे दिन भक्तगण करते हैं। प्राणियों में मां का वास 'आज्ञा चक्र' में होता है और योग साधक इस दिन अपना ध्यान आज्ञा चक्र में ही लगाते हैं। मां के इस स्वरूप में उनकी एक ओर की दोनों भुजाएं क्रमशः अभय देने वाली मुद्रा में और वर देने वाली मुद्रा में रहती हैं। दूसरी ओर की एक भुजा में मां ने चंद्रहास खड्ग (तलवार) धारण किया है और दूसरी भुजा में कमल का फूल धारण किया है। एकाग्रचित और पूर्ण समर्पित भाव से मां की उपासना करने वाला भक्त बड़ी सहजता से धर्म, अर्थ, काम, मोक्ष आदि चारों पुरुषार्थों की प्राप्ति कर लेता है और इस लोक में रहकर भी अलौकिक तेज तथा प्रभाव पा लेता है। उसके रोग, शोक, संताप और भय के साथ-साथ जन्म-जन्मांतर के पाप नष्ट हो जाते हैं। मां अमोघ फल देकर भक्त को प्रत्येक क्षेत्र में विजय दिलाती हैं।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के छठे दिन मां को प्रसन्न करने के लिए मधु यानी शहद का भोग लगाकर उनके इस रूप का ध्यान, स्तवन करने से मां साधक को सुंदर यौवन प्रदान करती हैं, साथ ही लक्ष्मी के रूप में उसके घर में वास भी करती हैं।

## मां कालरात्रि हरती हैं ग्रह-बाधा

घने अंधेरे की तरह एकदम गहरा काला रंग, तीन नेत्र, बिखरे हुए बाल, यही मां का सातवां विग्रह स्वरूप यानी कालरात्रि रूप है। मां के तीनों नेत्र ब्रह्मांड के गोले की तरह गोल हैं। उनके गले में विद्युत जैसी छटा देने वाली सफेद माला सुशोभित है। मां की चार भुजाएं हैं, जिनसे वे भक्तों को शुभ फल प्रदान करती हैं। इसी कारण मां को 'शुंभकरी' भी कहा जाता है। मां का वाहन गधा है। साधकों द्वारा उनका स्मरण सहस्त्रार चक्र में ध्यान केंद्रित करके किया जाता है। मां ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों की प्राप्ति के लिए राह खोल देती हैं और साधक को अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है। मां की चार भुजाओं में से दो में शस्त्र हैं- एक में चंद्रहास खड्ग और दूसरी में कांटेदार कटार। दूसरी ओर के एक हाथ अभय मुद्रा में और दूसरा वर मुद्रा में रखकर मां भक्तों को वर प्रदान करती हैं। मां का ऊपरी तन लाल रक्तिम वस्त्र से और नीचे का आधा भाग बाघ के चमड़े से ढका रहता है। मां नकारात्मक, तामसी और राक्षसी प्रवृत्तियों का विनाश करके भक्तों को दानव, दैत्य, राक्षस, भूत-प्रेत आदि भयावह शक्तियों से उनकी रक्षा कर अभय प्रदान करती हैं। उनकी उपासना से प्रतिकूल ग्रहों द्वारा उत्पन्न होने वाली बाधाएं भी समाप्त होती हैं और भक्त अग्नि, जल, जंतु, शत्रु आदि के भय से मुक्त हो जाते हैं।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के सातवें दिन इस रूप की पूजा-अर्चना कर गुड़ का नैवेद्य अर्पित करने से मां साधक को शोकमुक्त रहने का वरदान देती हैं और भक्तों के घर दरिद्रता भी नहीं आने देती हैं।

## मां महागौरी दिखाती हैं सफलता की राह

नवरात्रि के आठवें दिन मां महागौरी रूप में रहती हैं। इस दिन कंद, फूल, चंद्र अथवा श्वेत शंख जैसे निर्मल गौर वर्ण वाले आठवें विग्रह स्वरूप का भक्त दर्शन-पूजन करते हैं। मां के इस स्वरूप की आयु आठ वर्ष की है। उनके समस्त वस्त्राभूषण और वाहन भी हिम के समान सफेद या गौर रंग वाला वृषभ अर्थात बैल है। मां की चार भुजाएं हैं, जिनमें से एक हाथ अभय मुद्रा में अभय प्रदान करता है और दूसरा त्रिशूल थामे है। दूसरी ओर के एक हाथ में डमरू और दूसरा हाथ वर मुद्रा में रहकर सभी को आशीर्वाद प्रदान करता है। मां मनुष्य की प्रवृत्ति सत की ओर प्रेरित करके असत का विनाश करती हैं। मां का यह शक्ति विग्रह भक्तों को तुरंत और अमोघ फल प्रदान करता है। मां की कृपा से साधक पवित्र एवं अक्षय पुण्यों का अधिकारी हो जाता है और उसे अलौकिक सिद्धियों की प्राप्ति होती है। पार्वती रूप में जब मां ने भगवान शिव को पति रूप में प्राप्त करने के लिए कठोर तपस्या की, तब उनका शरीर क्षीण और वर्ण काला पड़ गया। अंत में उनकी तपस्या से संतुष्ट होकर जब भगवान शिव ने जटा से निकलती पवित्र गंगाधारा का जल उन पर डाला तो मां विद्युत प्रभा के समान अति कांतिमान और गौर वर्ण की हो गईं। तभी से मां के इस स्वरूप का नाम महागौरी पड़ा।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के आठवें दिन मां के इस रूप का ध्यान कर पूजा-अर्चना करने और श्रीफल (नारियल) का भोग लगाने से साधकों को मां सुख-समृद्धि प्रदान करती हैं। इसके साथ ही इस दिन नारियल को सिर से घुमाकर बहते हुए जल में प्रवाहित करने से हर प्रकार की बाधा दूर हो जाती है।

## मां सिद्धिदात्री देती हैं सिद्धि और मोक्ष

मां की नवीं शक्ति का नाम सिद्धिदात्री है। अपने इस विग्रह स्वरूप से मां अपने भक्तों को ब्रह्मांड की सभी सिद्धियां प्रदान करती हैं। भगवान शिव ने भी उनके इसी रूप की कृपा से सिद्धियों को प्राप्त किया था, जिसके फलस्वरूप भगवान शिव का आधा शरीर देवी का हुआ और वे लोक में अर्द्धनारीश्वर के रूप में स्थापित हुए। नवरात्रि पूजन के नवें दिन भक्त और योगी साधक मां के इसी रूप की शास्त्रीय विधि-विधान से पूजा करते हैं, जो कि चतुर्भुज और सिंहवाहिनी हैं। गति के समय मां सिंह पर तथा अचला रूप में कमल पुष्प के आसन पर बैठती हैं। मां के एक ओर के एक हाथ में चक्र और दूसरे हाथ में गदा रहता है। वहीं दूसरी ओर के एक हाथ में शंख और दूसरे हाथ में कमल पुष्प विद्यमान रहता है। नवरात्र के सिर्फ नवें दिन भी यदि कोई भक्त एकाग्रता और निष्ठा से मां की विधिवत पूजा करता है तो उसे सभी सिद्धियां प्राप्त हो जाती हैं। सृष्टि में भक्त के लिए कुछ भी असंभव नहीं रहता और शत्रुओं पर पूर्ण विजय प्राप्त करने का सामर्थ्य उसमें आ जाता है। साथ ही मां की कृपा प्राप्त करने वाले साधक की सभी लौकिक तथा पारलौकिक कामनाओं की पूर्ति हो जाती है।

**कैसे करें प्रसन्न** : नवरात्रि के नवें दिन मां की नवीं शक्ति की पूजा-अर्चना कर उन्हें विभिन्न प्रकार के अनाज, जैसे कि हलवा, पूरी, चना, खीर, पुए आदि का भोग लगाने से मां जीवन में सभी प्रकार की सुख-शांति का वरदान देती हैं।

# नेपाल में बाढ़, भूस्खलन के कारण करीब 200 लोगों की मौत

एजेंसी
काठमांडू



नेपाल में बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से मरने वालों की संख्या सोमवार को बढ़कर लगभग 200 हो गई जबकि कम से कम 30 लोग अब भी लापता हैं। पुलिस ने यह जानकारी दी। पिछले शुक्रवार से लगातार हो रही बारिश के कारण बाढ़ आई और जगह जगह भूस्खलन हुआ, जिससे हिमालयी राष्ट्र में तबाही मच गई। नेपाल पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि लगातार हो रही बारिश, बाढ़, भूस्खलन और पानी भर जाने की वजह से कम से कम 192 लोग मारे गए हैं। उन्होंने बताया कि इस आपदा में देश भर में 194 अन्य लोग घायल भी हुए हैं, जबकि 30 अन्य लापता हैं।

सिंह दरबार स्थित प्रधानमंत्री कार्यालय में रविवार को कार्यवाहक प्रधानमंत्री प्रकाश मान सिंह द्वारा बुलाई गई सर्वदलीय बैठक में भारी बारिश के कारण आई आपदा के दौरान बचाव, राहत और पुनर्वास प्रयासों को तेज करने का निर्णय लिया गया। गृह मंत्रालय ने कहा कि बाढ़ और भूस्खलन के बाद राहत कार्यों के लिए सभी सुरक्षा एजेंसी को तैनात किया गया है और नेपाल सेना, नेपाल पुलिस एवं सशस्त्र पुलिस बल के कर्मियों ने अब तक लगभग 4,500 आपदा प्रभावित व्यक्तियों को बचाया है। घायलों का मुफ्त उपचार कराया जा रहा है और बाढ़ से प्रभावित अन्य लोगों को भोजन और अन्य आपातकालीन राहत सामग्री प्रदान की गई है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, प्राकृतिक आपदा के बाद काठमांडू में सैकड़ों लोग भोजन, सुरक्षित पेयजल और गंदगी जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं। भूस्खलन के चलते प्रमुख राजमार्गों के अवरुद्ध होने के कारण देश के अन्य जिलों और भारत से सब्जियों की आवक अस्थायी रूप से बाधित हुई है जिससे बाजार में कीमतें भी बढ़ गई हैं। काठमांडू पोस्ट अखबार की खबर के अनुसार, पूरे देश में कई सड़कें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई हैं और राजधानी काठमांडू की ओर जाने वाले सभी मार्ग अब भी अवरुद्ध हैं जिससे हजारों यात्री फंसे हुए हैं। गृह मंत्रालय के प्रवक्ता ऋषिराम तिवारी ने कहा कि यातायात बहाल करने के लिए बाधित राजमार्गों को साफ करने के प्रयास जारी हैं। इंटरनेशनल सेंटर फॉर इंटीग्रेटेड माउंटेन डेवलपमेंट (आईसीआईएमओडी) की एक खबर में कहा गया है कि शुक्रवार और शनिवार को पूर्वी और मध्य नेपाल के बड़े हिस्से में लगातार बारिश के बाद काठमांडू की मुख्य नदी बागमती खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी। शनिवार को खबर में कहा गया कि असाधारण रूप से तीव्र बारिश का कारण बंगाल की खाड़ी में कम दबाव का क्षेत्र और मानसून ट्रफ था। मानसून ट्रफ पाकिस्तान के निचले हिस्से से लेकर बंगाल की खाड़ी तक फैला हुआ कम दबाव वाला क्षेत्र है। इसके कारण हिमालय पर्वतमाला के पूर्व-पश्चिमी भाग और खासी-जयंतिया पहाड़ियों के उत्तर-दक्षिण भाग में असामान्य वर्षा हो सकती है। वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण एशिया भर में वर्षा की मात्रा और समय में बदलाव हो रहा है और बाढ़ के प्रभाव में वृद्धि का एक प्रमुख कारण पर्यावरण की स्थिति में बदलाव है जिसमें विशेष रूप से बाढ़ के मैदानों में गैर नियोजित निर्माण बड़ी वजह है।

# उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं के उपकरणों की आपूर्तिकर्ताओं को संरक्षण की जरूरत: उद्योग जगत

एजेंसी
नई दिल्ली



उद्योग जगत ने सोमवार को कहा कि टिकाऊ उपभोक्ता सामान के लिए उपकरण बनाने वाली कंपनियों को शुल्क या गैर-शुल्क बाधाओं से संरक्षित किया जाना चाहिए, ताकि वे भारत में स्थानीयकरण को सफल बनाने के लिए निवेश कर सकें।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक और टिकाऊ सामान पर आयोजित शिखर सम्मेलन में उद्योग प्रतिनिधियों ने कहा कि मूल उपकरण विनिर्माताओं (ओईएम) को लागत कम करने और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी होने को लेकर घरेलू उद्योग के लिए आपूर्तिकर्ता परिवेश विकसित करने में भी निवेश करना होगा।

गोदरेज अप्लायंसेज के कारोबार प्रमुख और कार्यकारी उपाध्यक्ष कमल नंदी ने सम्मेलन में कहा, उपकरण विक्रेताओं को निवेश करने के लिए विश्वास दिलाने को लेकर संरक्षण होनी चाहिए। इसलिए शुल्क बाधाएं बेहद महत्वपूर्ण हैं। रेफ्रिजरेटर के लिए कम्प्रेसर का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, देश में 1.8 करोड़ की क्षमता के साथ हम अब भी रेफ्रिजरेटर कम्प्रेसर का आयात करते हैं, जबकि बाजार केवल 1.4 करोड़ का है।

उन्होंने कहा, क्षमता होने के बावजूद हम इसका इस्तेमाल नहीं कर रहे हैं और हम स्वदेशीकरण की बात कर रहे हैं। नंदी ने कहा, हमें शुल्क बाधाएं या गैर-शुल्क बाधाएं खड़ी करनी होंगी, ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि इस परिवेश में आने वाले विक्रेता विनिर्माण में निवेश करने और परिवेश का हिस्सा बनने को लेकर आश्वस्त हों। उन्होंने कहा कि इन घटकों के विनिर्माण की लागत चीन से प्राप्त होने वाले घटकों की तुलना में अधिक है और यह उद्योग के समक्ष बड़ी चुनौतियों में से एक है। कैरियर एयरकंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक सुदर्शन नारायणन ने भारत में उपकरणों का स्थानीयकरण करते समय पैमाने के महत्व पर बल दिया।

उन्होंने कहा, जब भी हम कंप्रेसर जैसे उच्च तकनीकी उत्पाद का स्थानीयकरण या स्थानीय विनिर्माण करने का प्रयास करते हैं, तो यह महत्वपूर्ण है कि हम इसे व्यापक रूप से करें। मुझे विश्वास है कि भारत ऐसे मोड़ पर है, जहां हम बहुत तेजी से इसे व्यापक स्तर पर कर पाएंगे।

एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के उपाध्यक्ष अतुल खन्ना ने भी आयात का बोझ कम करने की आवश्यकता बताई। उन्होंने कहा कि इसमें बड़े पैमाने पर होने वाले उत्पादन का लाभ महत्वपूर्ण है, अन्यथा भारत में विनिमार्ताओं को लागत क्षमता से संबंधित कई समस्याओं तथा चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

# चीनी वैज्ञानिकों ने कोशिका प्रतिरोपण से टाइप 1 मधुमेह को ठीक करने का दावा किया: रिपोर्ट

एजेंसी
बीजिंग



चीनी वैज्ञानिकों ने मूल कोशिका (स्टेम सेल) प्रतिरोपण के माध्यम से टाइप-1 मधुमेह के एक पुराने रोगी को ठीक करने का दावा किया है और इसे विश्व भर में अपनी तरह का पहला मामला बताया गया है। चीनी समाचार पत्र द पेपर की रिपोर्ट के अनुसार, 25 वर्षीय एक महिला एक दशक से अधिक समय से इस बीमारी से पीड़ित थी लेकिन छोटे से ऑपरेशन के जरिए कोशिका प्रतिरोपण के लगभग ढाई महीने बाद वह अपने रक्त शर्करा स्तर को प्राकृतिक तरीके से नियंत्रित करने में सक्षम है।

समाचार संस्थान साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के अनुसार, इस ऑपरेशन में सिर्फ आधे घंटे का समय लगा। यह ऑपरेशन करने वाली टीम ने पिछले सप्ताह पत्रिका सेल में अपने निष्कर्ष प्रकाशित किए। रिपोर्ट में कहा गया है कि अध्ययन में भाग लेने वालों में तियानजिन फर्स्ट सेंट्रल हॉस्पिटल एंड पेकिंग यूनिवर्सिटी के शोधकर्ता भी शामिल थे। अभी तक किसी मृत दाता के अग्न्याशय से आइलेट कोशिकाओं को निकालकर उन्हें टाइप 1 मधुमेह से पीड़ित व्यक्ति के यकृत में प्रतिरोपित किया जाता रहा है और इस प्रक्रिया को प्रभावी क्लीनिकल उपचार माना जाता है, लेकिन दाताओं की कमी के कारण इसमें बाधा आ रही है।

अग्नाशय में आइलेट कोशिकाएं इंसुलिन और ग्लूकागन जैसे हार्मोन का उत्पादन करती हैं, जो बाद में रक्तप्रवाह में शामिल हो जाते हैं और ग्लूकोज के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करते हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब मूल कोशिका उपचार पद्धति ने मधुमेह के उपचार की दिशा में नयी संभावनाएं खोल दी हैं।

## क्रेड का राजस्व 2023-24 में 66 प्रतिशत बढ़कर 2,473 करोड़ रुपये

नई दिल्ली। क्रेडिट कार्ड बिल भुगतान ऐप क्रेड का राजस्व वित्त वर्ष 2023-24 में 66 प्रतिशत बढ़कर 2,473 करोड़ रुपये रहा। कंपनी ने सोमवार को बताया कि सदस्यों की संख्या में वृद्धि और उपयोगकर्ता अधिग्रहण लागत में गिरावट के कारण उसकी आय बढ़ी। कंपनी ने एक बयान में कहा कि परिचालन घाटा वित्त वर्ष 2022-23 के 1,024 करोड़ रुपये से 41 प्रतिशत कम होकर वित्त वर्ष 2023-24 में 609 करोड़ रुपये रह गया। क्रेड के संस्थापक कुणाल शाह ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें इन नतीजों का भरोसा था और अब हकीकत में ऐसा देखकर उन्हें खुशी है।

# ब्रिटेन का आखिरी कोयला बिजली संयंत्र बंद, 142 साल पुरानी कोयला बिजली खत्म होगी

एजेंसी
लंदन



ब्रिटेन का आखिरी कोयला आधारित बिजली संयंत्र सोमवार को बंद हो जाएगा, जिससे देश में औद्योगिक क्रांति को जन्म देने वाली कोयला विद्युत की 142 साल पुरानी व्यवस्था समाप्त हो जाएगी। मध्य इंग्लैंड स्थित रैटक्लिफ-ऑन-सोर स्टेशन अपनी अंतिम पाली के साथ आधी रात से हमेशा के लिए विराम ले लेगा।

ब्रिटेन सरकार ने 2030 तक देश के लिए समूची ऊर्जा नवीकरणीय स्रोतों से उत्पन्न करने के प्रयासों में एक मील के पत्थर के रूप में कोयला आधारित बिजली संयंत्र के बंद होने की सराहना की।

ऊर्जा मंत्री माइकल शैंक्स ने कहा, संयंत्र का बंद होना एक युग के अंत का प्रतीक है और कोयला श्रमिक 140 वर्षों से अधिक समय से हमारे देश को बिजली प्रदान करने वाले अपने काम पर गर्व कर सकते हैं। एक देश के रूप में हम पीढ़ियों के प्रति ऋणी हैं।

उन्होंने कहा, कोयले का युग शायद खत्म हो रहा है, लेकिन हमारे देश के लिए अच्छी ऊर्जा वाली नौकरियों का एक नया युग अभी शुरू हो रहा है।

## हज यात्रा कराने का वादा कर 1.2 करोड़ रुपये की ठगी, आरोपी गिरफ्तार

भुवनेश्वर। ओडिशा पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने हज यात्रा का वादा कर राज्य के 189 लोगों से 1.20 करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में मुंबई से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। इसमें कहा गया है कि आरोपी को 27 सितंबर को मुंबई में पकड़ा गया और ट्रांजिट रिमांड पर भुवनेश्वर लाया गया। भद्रक जिले के धामनगर क्षेत्र के मीर खुर्शीद नामक व्यक्ति ने इस मामले में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी जिसके आधार पर यह गिरफ्तारी की गयी। शिकायत के अनुसार मुंबई स्थित दो टूर और ट्रैवल एजेंसियों ने 2019-23 की अवधि के दौरान सऊदी अरब की तीर्थयात्रा की व्यवस्था करने के लिए 189 संभावित हज यात्रियों से कथित तौर पर 1.20 करोड़ रुपये एकत्र किए थे। बयान में कहा गया है कि उन्होंने 45,786 रुपये और 50,786 रुपये प्रति व्यक्ति के दो टूर पैकेज के तहत धन एकत्र किया था।

# सोलेक्स एनर्जी 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेगी, 24,000 से अधिक लोगों को देगी नौकरी

एजेंसी
नई दिल्ली



सौर मॉड्यूल बनाने वाली घरेलू कंपनी सोलेक्स एनर्जी ने विनिर्माण क्षमता बढ़ाने और सौर सेल विनिर्माण के क्षेत्र में कदम रखने के लिए वर्ष 2030 तक 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करने की सोमवार को घोषणा की। साथ ही कंपनी 24,000 से अधिक लोगों को रोजगार भी देगी। गुजरात की कंपनी सोलेक्स एनर्जी ने अपनी विस्तार योजना के तहत 2030 तक मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता मौजूदा 1.5 गीगावाट से बढ़ाकर 15 गीगावाट करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ कंपनी ने दो गीगावाट की शुरूआती क्षमता के साथ सौर सेल बनाने का कारखाना लगाने की भी योजना बनायी है। सोलेक्स एनर्जी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक चेतन शाह ने यहां संवाददाताओं से कहा, हम विजन 2030 के तहत मॉड्यूल विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर 15 गीगावाट करने और सौर सेल बनाने के क्षेत्र में कदम रखने के लिए 2030 तक 8,000 करोड़ रुपये का निवेश करेंगे। इस विस्तार योजना के तहत 24,000 से अधिक लोगों को रोजगार दिये जाएंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा, अभी कंपनी के कर्मचारियों की संख्या 600 से अधिक है। हम इसे बढ़ाकर 2025 मार्च तक 1,000 और 2030 तक 25,000 करेंगे। शाह ने कहा कि सौर क्षेत्र में प्रशिक्षित कार्यबल की जरूरत को देखते हुए कंपनी स्थानीय लोगों को हुनरमंद बनाने पर जोर देगी। निवेश राशि के स्रोत के बारे में पूछे जाने पर शाह ने कहा, यह राशि कर्ज और इक्विटी के जरिये जुटायी जाएगी। इसमें इक्विटी हिस्सेदारी ज्यादा होगी। हम संयुक्त उद्यम के जरिये भी पूंजी जुटा सकते हैं। कोष जुटाने को लेकर हमारी बातचीत जारी है और इस बारे में जल्द ही घोषणा की जाएगी। गुजरात की कंपनी ने इस मौके पर आयताकार सेल-आधारित सौर मॉड्यूल (पैनल) भी पेश किया। कंपनी का दावा है कि यह एन टाइप टॉपकॉन प्रौद्योगिकी पर आधारित देश का पहला आयताकार सेल आधारित सौर मॉड्यूल है। कंपनी इसे तापी-आर ब्रांड के तहत बेचेगी।

कंपनी के अनुसार एन टाइप टॉपकॉन प्रौद्योगिकी पर आधारित आयताकार सौर पैनल काफी दक्ष होते हैं और यह लंबे समय तक चलता है। परंपरागत पैनल के मुकाबले सात प्रतिशत अधिक बिजली सृजित करता है। कंपनी का गुजरात के सूरत में सौर मॉड्यूल बनाने का बड़ा कारखाना है।

इसके अलावा कंपनी विस्तार योजना के तहत सौर सेल बनाने के लिए मध्य प्रदेश, ओडिशा और तमिलनाडु जैसे राज्यों में कारखाना लगाने की संभावना तलाश रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कंपनी का राजस्व 2023-24 में 363 करोड़ रुपये था जो अगले साल बढ़कर 800 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।

# निवेशक सम्मेलन के लिए 12.5 लाख करोड़ रुपये के समझौते पर हस्ताक्षर: भजन लाल शर्मा

एजेंसी
नई दिल्ली



जयपुर में दिसंबर में आयोजित होने वाले 'राइजिंग राजस्थान' निवेशक शिखर सम्मेलन से पहले मुंबई और दिल्ली में उद्योग के साथ बैठकों के दौरान 12.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए हैं। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को यह जानकारी दी।

उन्होंने यहां दिल्ली में बैठक को संबोधित करते हुए कहा, "मुंबई में (अगस्त में) बैठकों के दौरान नवीकरणीय ऊर्जा, सीमेंट, वाहन कलपुर्जे और बैटरी भंडारण सहित विभिन्न क्षेत्रों में निवेश के लिए 4.5 लाख करोड़ रुपये के समझौतों पर हस्ताक्षर किए गए।"

शर्मा ने कहा कि इससे राजस्थान में सात लाख रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राजस्थान में निवेश के काफी अवसर हैं और नीतियां निवेश के लिए अनुकूल हैं। शर्मा ने कहा कि कुल मिलाकर 12.5 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव (दिल्ली और मुंबई) मिल चुके हैं।

# केरल के मंत्री ने जेपीसी अध्यक्ष के साथ बैठक में वक्फ संशोधन विधेयक को लेकर चिंता जताई

एजेंसी
तिरुवनंतपुरम



केरल के वक्फ एवं हज तीर्थयात्रा मंत्री वी अब्दुर्रहीमान ने चेन्नई में संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) के अध्यक्ष जगदंबिका पाल के साथ एक बैठक के दौरान वक्फ संशोधन विधेयक पर आपत्तियां और चिंताएं जतायी हैं। केरल वक्फ बोर्ड के चेयरमैन एम के साकिर भी बैठक में मौजूद थे। मंत्री ने इससे पहले केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू से मुलाकात कर उन्हें अपनी चिंताओं से अवगत कराया था।

विज्ञप्ति के अनुसार, केरल में लगभग 12,000 पंजीकृत वक्फ संपत्तियां हैं, तथा उतनी ही संख्या में गैर पंजीकृत संपत्तियां भी हैं। विज्ञप्ति में कहा गया है, इस स्थिति को देखते हुए, मंत्री ने केरल में जेपीसी की एक विशेष बैठक का अनुरोध किया ताकि वक्फ संशोधनों के बारे में राज्य के विभिन्न वर्गों से राय एकत्र की जा सके। जेपीसी अध्यक्ष ने संकेत दिया कि इस अनुरोध पर विचार किया जाएगा।

मंत्री ने यह भी मांग की कि वक्फ के मूल सिद्धांतों के खिलाफ जाने वाले किसी भी संशोधन को वापस लिया जाना चाहिए। दस अगस्त को केरल में वक्फ संशोधनों का विस्तार से विश्लेषण करने के लिए एक कार्यशाला आयोजित की गई थी। विज्ञप्ति में कहा गया है, कार्यशाला का निष्कर्ष यह था कि केंद्र सरकार को संशोधन वापस लेना चाहिए। कार्यशाला के सुझाव कि संशोधन वक्फ संस्थानों पर किस तरह से नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं, जेपीसी को सौंपे गए हैं। वक्फ (संशोधन) विधेयक, 2024 को रिजिजू द्वारा लोकसभा में पेश किए जाने के बाद आठ अगस्त को संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) को भेजा गया था।

## गिरावट से निवेशकों को करोड़ों डूबे

# घरेलू शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट, सेंसेक्स 1272 अंक फिसला

एजेंसी
मुंबई



पश्चिमी एशिया में बढ़ते तनाव और जापानी बाजार में कमजोर रुख के बीच सोमवार को घरेलू शेयर बाजारों में दिग्गज कंपनियों के शेयरों में बिकवाली का जोर रहने से बड़ी गिरावट आई। सेंसेक्स 1272 अंक फिसल गया जबकि निफ्टी ने 368 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईसीआईसीआई बैंक और एचडीएफसी बैंक में भारी बिकवाली के अलावा विदेशी पूंजी की निकासी होने से भी बाजार में गिरावट रही। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 1272.07 अंक यानी 1.49 प्रतिशत लुढ़कते हुए 84,299.78 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय सेंसेक्स 1,314.71 अंक तक फिसलकर 84,257.14 पर आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी भी 368.10 अंक यानी 1.41 प्रतिशत की बड़ी गिरावट के साथ 25,810.85 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से रिलायंस इंडस्ट्रीज और एक्सिस बैंक के शेयरों में तीन प्रतिशत से अधिक की गिरावट दर्ज की गई। इनके अलावा आईसीआईसीआई बैंक, नेस्ले, टेक महिंद्रा, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी, बजाज फिनसर्व, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और टाटा मोटर्स में भी गिरावट का रुख रहा। दूसरी तरफ जेएसडब्ल्यू स्टील, एनटीपीसी, टाटा स्टील, टाइटन और एशियन पेंट्स के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, पश्चिम एशिया में भू-राजनीतिक जोखिम बढ़ने के खतरे और जापानी मुद्रा येन की दरों में बढ़ोतरी से वैश्विक बाजारों में उठापटक की स्थिति रही। इसके उलट चीन के बाजार में बड़े प्रोत्साहन पैकेज से सुधार का रुख रहा। नायर ने कहा कि वैश्विक बाजारों के दबाव और उच्च मूल्यांकन की वजह से भारतीय बाजार भी गिरावट पर रहे। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की बड़ी गिरावट के साथ बंद हुए जबकि चीन के शंघाई कंपोजिट एवं हांगकांग के हैंगसेंग में तेजी का रुख देखने को मिला। जापान का मानक सूचकांक निक्की 225 करीब पांच प्रतिशत तक लुढ़क गया। इसके उलट शंघाई कंपोजिट में आठ प्रतिशत का बड़ा उछाल देखा गया।

विदेशी संस्थागत निवेशक (एफआईआई) ने जमकर बिकवाली की। शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, एफआईआई ने शुक्रवार को 1,209.10 करोड़ रुपये मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। इस बीच वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.19 प्रतिशत गिरकर 71.84 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 264.27 अंक गिरकर 85,571.85 अंक पर बंद हुआ था जबकि एनएसई निफ्टी 37.10 अंक कमजोर होकर 26,178.95 अंक पर रहा था।

## संक्षिप्त-समाचार

### अमेरिका में हेलेन तूफान के कारण मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर करीब 100 हुई

पेरी । अमेरिका के दक्षिण-पूर्वी क्षेत्र में हेलेन तूफान के कारण हुई भारी बारिश और तेज आंधी से जुड़ी घटनाओं में मारे गए लोगों की संख्या बढ़कर रविवार को 100 हो गई और प्राधिकारियों को प्रभावित क्षेत्र में पानी और अन्य आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। नॉर्थ कैरोलाइना की बनकॉम्बे काउंटी में तूफान के कारण 30 लोगों की मौत होने की सूचना मिली। इस काउंटी में पर्वतीय शहर एशविले भी आता है। नॉर्थ कैरोलाइना में रविवार को कई अन्य लोगों की मौत होने से विभिन्न राज्यों में मारे गए लोगों की कुल संख्या कम से कम 91 हो गई। अलग-थलग पड़े शहर के आस-पास के इलाकों में हवाई मार्ग से आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति की जा रही है। बनकॉम्बे काउंटी प्रबंधक एवरिल पिंडर ने वादा किया है कि सोमवार तक एशविले में भोजन और पानी पहुंचा दिया जाएगा। नॉर्थ कैरोलाइना के गवर्नर ने कहा कि बचाव दल के अलग-अलग इलाकों में पहुंचने पर मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। हेलेन तूफान ने क्षेत्र में व्यापक तबाही मचाई है। फ्लोरिडा के बिग बेंड गांव में बृहस्पतिवार देर रात हेलेन तूफान ने दस्तक दी थी और उस दौरान 225 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चली थीं। इसके बाद तूफान ने जॉर्जिया की ओर रुख किया। हेलेन तूफान के कारण कैरोलाइना और टेनेसी में मूसलाधार बारिश

### यमन के हुती विद्रोहियों ने अमेरिका निर्मित एक और ड्रोन को मार गिराने का दावा किया

दुबई। यमन के हुती विद्रोहियों ने सोमवार को दावा किया कि उन्होंने देश के ऊपर अमेरिका निर्मित एक और एमक्यू-9 रीपर ड्रोन को मार गिराया। उन्होंने वीडियो भी साझा किया जिसमें कथित तौर पर सतह से हवा में मार करने वाली एक मिसाइल ड्रोन को निशाना बनाती दिखती है। अमेरिकी सेना ने इस बारे में तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की है। दावा ऐसे समय किया गया है जब गाजा पट्टी में इजराइल-हमास युद्ध को लगभग एक साल होने वाला है। हुती विद्रोही लाल सागर से यात्रा करने वाले जहाजों को निशाना बनाते रहे हैं और अमेरिका के नेतृत्व वाले हवाई हमलों ने यमन में हुती की स्थिति को प्रभावित किया है। उन्होंने इजराइल को निशाना बनाकर मिसाइलें दागना जारी रखा है, जिसके जवाब में इस सप्ताह के अंत में बंदरगाह शहर होदेइदा पर इजराइल ने हवाई हमले किए। हुती संचालित प्रसारक अल-मसीरा ने एमक्यू-9 को मार गिराने का दावा किया। इससे संबंधित एक वीडियो ऑनलाइन प्रसारित हुआ जिसमें कथित तौर पर मिसाइल यमन के सादा प्रांत के ऊपर ड्रोन से टकराती दिखी। ऑनलाइन आई एक तस्वीर में एमक्यू-9 से मिलता-जुलता मलबा दिखा। अमेरिकी सेना ने एसोसिएटेड प्रेस की टिप्पणी के अनुरोध का जवाब नहीं दिया। इससे पहले, अमेरिकी सेना ने स्वीकार किया था कि हुती विद्रोहियों ने सितंबर में दो एमक्यू-9 को मार गिराया।

### उप्र : मेडिकल छात्र की मृत्यु के मामले में तीन डॉक्टरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

प्रयागराज। मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के एमएस के छात्र डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव की संदिग्ध स्थिति में मृत्यु के मामले में कोतवाली पुलिस ने स्वरूपरानी नेहरू (एसआरएन) अस्पताल के तीन डॉक्टरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त (नगर) अभिषेक भारती ने बताया कि मृतक की बहन डॉक्टर अदिति श्रीवास्तव की तहरीर पर एसआरएन के डॉक्टर शिवम गुप्ता, डॉक्टर सचिन यादव और डॉक्टर अनामिका के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 103 (हत्या) के तहत रविवार देर रात मामला दर्ज किया गया। उन्होंने बताया कि मृतक कार्तिकेय श्रीवास्तव की पोस्टमार्टम की अंतिम रिपोर्ट आनी बाकी है जिसके बाद ही मृत्यु के वास्तविक कारण का पता चल सकेगा। प्राथमिकी में अदिति का आरोप है कि उनका भाई जब जूनियर रेजीडेंट (1) में था तब से ही उसके द्वितीय वर्ष के सीनियर शिवम गुप्ता उसका शारीरिक और मानसिक शोषण करते थे। इस बारे में कार्तिकेय ने कई बार एसोसिएट प्रोफेसर (आर्थो) सचिन यादव से शिकायत की थी, लेकिन सचिन ने कोई कार्रवाई नहीं की। तहरीर के मुताबिक, कार्तिकेय के पैर में डीवीटी की समस्या है, यह जानते हुए भी सचिन यादव ने उससे 36 से 48 घंटे खड़े करके ड्यूटी कराई जाती थी। इसके अलावा, वर्तमान में जेआर (2) नेत्र रोग विशेषज्ञ अनामिका नाम की लड़की एक वर्ष तक कार्तिकेय की मित्र रही जिसने अचानक कार्तिकेय से बात करना बंद कर दिया। तहरीर में कहा गया कि जब कार्तिकेय ने इस बारे में अनामिका से बात की तो उसने कहा कि वह किसी और के साथ है। इसके बाद, कार्तिकेय ने कभी उसे फोन नहीं किया, लेकिन अनामिका बीच-बीच में उसे फोन करती थी। तहरीर में आशंका जताई गई है कि अनामिका के मित्र ने कार्तिकेय को रास्ते से हटाने के लिए उसकी हत्या की हो। उल्लेखनीय है कि आर्थो (हड्डी रोग) विभाग के एमएस के द्वितीय वर्ष के छात्र डॉक्टर कार्तिकेय श्रीवास्तव मोतीलाल नेहरू मेडिकल से संबद्ध एसआरएन अस्पताल में शनिवार की रात अपनी कार में मृत पाए गए थे।

### एमएसीटी ने सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्ति को 42.64 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया

ठाणे। महाराष्ट्र के ठाणे जिले में मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण (एमएसीटी) ने वर्ष 2020 में यहां एक बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हुए 45 वर्षीय व्यक्ति को 42.64 लाख रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया है। एमएसीटी के सदस्य एस.एन. शाह ने 28 अगस्त को पारित आदेश में कहा कि याचिकाकर्ता को स्थायी विकलांगता का सामना करना पड़ा है, जो उसकी भविष्य में आजिविका कमाने की क्षमता को प्रभावित करता है। आदेश की प्रति रविवार को उपलब्ध हुई। याचिकाकर्ता विजय देवाजी बारस्कर की ओर से पेश वकील सचिन एल. माने ने न्यायाधिकरण को बताया कि बारस्कर 19 अक्टूबर, 2020 को काशीमीरा पुलिस थाने के पास एक पुल के नीचे खड़े थे और इसी दौरान एक तेज रफ्तार सरकारी बस ने उन्हें टक्कर मार दी। उन्होंने कहा कि टक्कर लगने से बारस्कर को गंभीर चोटें आईं, जिसके चलते उन्हें तत्काल अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा और मीरा रोड क्षेत्र के एक अस्पताल में सर्जरी करानी पड़ी। माने ने बताया कि बारस्कर का इलाज आज भी जारी है और उन्हें 60 प्रतिशत स्थायी आंशिक विकलांगता का सामना करना पड़ा है। वकील ने न्यायाधिकरण को यह भी बताया कि बारस्कर एक निजी कंपनी में काम करते थे और 20,680 रुपये प्रति माह कमाते थे।


# प्रदेश में रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा ट्राउट मछली का उत्पादन: सुखविंदर सिंह सुक्खू

## गत वर्ष के मुकाबले 15.70 फीसदी ज्यादा हुआ उत्पादन

सिटी दर्पण
शिमला

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज यहां कहा कि प्रदेश में ट्राउट मछली के उत्पादन में गत वर्ष के मुकाबले 15.70 फीसदी वृद्धि दर्ज हुई है और प्रदेश में ट्राउट का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में वर्ष 2022-23 में ट्राउट मछली का उत्पादन 1170.50 मीट्रिक टन था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 1388 मीट्रिक टन का आंकड़ा पार कर गया है। वहीं, वर्ष 2021-22 में ट्राउट मछली का उत्पादन 913.50 मीट्रिक टन रहा था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है ताकि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को ज्यादा से ज्यादा लाभ सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हजारों परिवार अपनी अजीविका के लिए मछली पालन पर निर्भर हैं, इसलिए राज्य सरकार प्रदेश में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए नीति बनाने जा रही है ताकि मछुआरों की आर्थिकी सुदृढ़ हो सके। उन्होंने ट्राउट के उत्पादन में वृद्धि का श्रेय मछुआरों और सरकार के संयुक्त प्रयासों को दिया। उन्होंने कहा कि ट्राउट के उत्पादन में वृद्धि मछुआरों के कठोर परिश्रम और सरकार की सहायक नीतियों का सार्थक परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में सरकारी क्षेत्र में नौ ट्राउट मत्स्यशालाएं (हैचरी) और निजी क्षेत्र में छह ट्राउट मत्स्यशालाएं चल रही हैं जोकि मछली पालकों को बीज उपलब्ध करवा रही हैं। इसके अलावा मत्स्य विभाग द्वारा मछली पालकों को ट्राउट पालन के लिए आधुनिक तकनीक से संबंधित प्रशिक्षण भी मुहैया करवाया जा रहा है। शिमला जिले के दूर-दराज क्षेत्र डोडरा क्वार में पहली बार लोगों के लिए विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। सिरमौर, शिमला, चंबा, किन्नौर और कुल्लू जिले में भी इस तरह के प्रशिक्षण शिविर लगाए गए।



मुख्यमंत्री ने कहा कि कुल्लू और मंडी जिले में ट्राउट पालन व्यावसायिक स्तर पर पहुंच गया है। चंडीगढ़ और दिल्ली के पांच सितारा होटलों में ट्राउट की भारी मांग है। ट्राउट पालन की बढ़ती प्रसिद्धि राज्य के पर्यटन क्षेत्र को भी नए आयाम दे रही है। उन्होंने कहा कि उन्नत कृषि तकनीक और बाजार में बढ़ती मांग के साथ ट्राउट उत्पादन में और अधिक वृद्धि की संभावना है जिससे किसानों और राज्य को लाभ होगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि ट्राउट पालन के लिए हिमाचल प्रदेश का शीतल और ऑक्सीजनयुक्त पानी उपयुक्त वातावरण प्रदान करता है। पिछले कुछ वर्षों में हिमाचल ट्राउट पालन के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनकर उभरा है और अब देश का सर्वश्रेष्ठ राज्य बन गया है। ट्राउट पालन आज प्रदेश के हजारों किसानों के लिए आय का एक उपयुक्त साधन बन गया है और इससे राज्य की ग्रामीण आर्थिकी को बल मिल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार मछुआरों को उच्च गुणवत्ता वाले ट्राउट ब्रूड स्टॉक और रेनबो ट्राउट बीज प्रदान करने के लिए जिला कुल्लू के पतलीकूहल में ट्राउट ब्रूड बैंक स्थापित करने पर भी विचार कर रही है। यह कदम राज्य में ट्राउट उत्पादन को बढ़ाने के अलावा ट्राउट पालकों की आर्थिकी को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन

सिटी दर्पण
शिमला

सीटू राष्ट्रीय जनरल काउंसिल के आह्वान पर ठेका, आउटसोर्स, कैजुअल, मल्टी टास्क, मल्टी पर्पज व फिक्स टर्म कर्मियों की मांगों को लेकर सीटू राज्य कमेटी हिमाचल प्रदेश द्वारा जिला व ब्लॉक मुख्यालयों पर जोरदार प्रदर्शन किए गए। प्रदेशभर में हुए प्रदर्शनों में हजारों मजदूरों ने भाग लिया।




सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने कहा है कि सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों व प्रतिष्ठानों, निजी तथा सरकारी सेवाओं में कार्यरत ठेका ,आउटसोर्स, कैजुअल ,मल्टी टास्क, मल्टी पर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों को आमतौर पर समान और एक जैसा काम करने के बावजूद नियमित मजदूरों से बहुत कम वेतन दिया जाता है। उन्हें कानूनी रूप से मिलने वाली सामाजिक सुरक्षा व आय लाभों से वंचित रखा जाता है। ठेका ,आउटसोर्स,कैजुअल ,मल्टी टास्क, मल्टी पर्पज व फिक्स टर्म मजदूरों की भर्ती में एक ओर राजनीतिक नेताओं, सरकारी अधिकारियों व कंपनियों की कमीशनखोरी बढ़ी है वहीं दूसरी ओर इन कर्मचारियों पर शोषण का शिकंजा मजबूत हुआ है। इन कर्मचारियों का भारी शोषण हो रहा है। इन कर्मचारियों को स्थाई कर्मचारियों के मुकाबले बेहद कम वेतन दिया जा रहा है। कर्मचारियों से 8 के बजाए 12 घंटे कार्य लिया जाता है। इनके लिये इपीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, पेंशन, बोनस, छुट्टियों आदि की सुविधा लागू नहीं की जाती है। इनके लिए मेडिकल सुविधा कर कोई प्रावधान नहीं है। इन्हें समय पर वेतन भी नहीं मिलता है। कई बार कई महीनों के उपरान्त यह वेतन मिलता है। इनके लिए ईपीएफ, ई. एस. आई. के दोनों हिस्से भी कई बार ठेका व आउटसोर्स कर्मियों के वेतन से ही काटे जाते हैं। श्रम कानून लागू करने की मांग पर इन्हें अपनी नौकरी तक से हाथ धोना पड़ता है। हि.प्र. में लगभग 30 हजार आउटसोर्स कर्मी, हजारों ठेका कर्मी, मल्टी टास्क, मल्टी पर्पज, फिक्स टर्म कर्मी राज्य सेवाओं में कार्यरत है। केन्द्र सरकार के विभिन्न विभागों के अधीन कार्यरत ऐसे कर्मियों की संख्या भी हि. प्र. में हजारों में है। केंद्र की मोदी सरकार के पिछले दस वर्ष के कार्यकाल में स्थाई नौकरियों में भारी कटौती हुई है तथा कॉन्ट्रैक्ट, आउटसोर्स, फिक्स टर्म प्रणाली पर रोजगार का बोलबाला बढ़ा है। इस से कर्मचारियों की सामाजिक सुरक्षा खतरे में पड़ी है। हिमाचल प्रदेश की भूतपूर्व भाजपा सरकार आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए पॉलिसी बनाने का वायदा कर इन्हें ठगती रही।

# नशे की रोकथाम के लिए एकजुटता से कार्य करने की आवश्यकता: अनुपम कश्यप



सिटी दर्पण
शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहाँ जिला स्तरीय नार्को समन्वय केंद्र (एनकॉर्ड) की बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि जिला में बढ़ते नशे के चलन पर रोक लगाने के उद्देश्य से सभी विभागीय अधिकारी एवं हितधारक आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करें। बैठक में ड्रग-तस्करी से संबंधित मुद्दों और उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि जिला में नशे की रोकथाम के लिए सभी को एकजुटता से कार्य करने की आवश्यकता है तथा लोगों के बीच इस सन्दर्भ में जागरूकता लाना भी अत्यंत आवश्यक है ताकि बढ़ते नशे के चलन पर काबू पाया जा सके।

उन्होंने कहा कि ग्रामीण स्तर पर महिला मंडल एवं युवक मंडलों को भी नशा मुक्त अभियान में शामिल किया जाएगा। नशे के खिलाफ बेहतर कार्य करने तथा नशे के कारोबार में संलिप्त लोगों की सुचना देने वाले युवक मंडलों एवं महिला मंडलों को प्रोत्साहित भी किया जाएगा।


# पार्टी लाइन सर्वप्रथम, पर आवाम के हितों की रक्षा करना भी मेरा प्रथम: विक्रमादित्य

सिटी दर्पण
शिमला

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के जो ज्वलंत मुद्दे हैं, उन्हें सकारात्मकता व पूरी मजबूती से उठाने में हम पीछे नहीं हटेंगे। पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह के मूल्यों पर आगे बढ़ते रहेंगे। सोमवार को शिमला में आयोजित पत्रकार वार्ता में विक्रमादित्य ने कहा, मैं कांग्रेस पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूं और पार्टी के निर्देश को आगे लेकर जाना, विचारधारा को प्रदेश में लागू करना और पार्टी के मूल सिद्धांतों के साथ आगे बढ़ना यह भी हमारा दायित्व व जिम्मेदारी है।श स्ट्रीट वेंडर्स को लेकर बीते कुछ दिनों में हुए घटनाक्रम पर विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि जिस विषय पर हमने बात की थी, वह एक महत्वपूर्ण विषय है। स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट 2014 में लागू किया गया और 2016 में हिमाचल में संशोधित के बाद लागू किया गया।

2010 व 2012 में इस कानून को पूरी मजबूती से लागू करने की बात कोर्ट ने कही। सिंह ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट को लागू करने के लिए प्रदेश में पहले से ही प्रक्रिया चली हुई है। अब इस मामले को लेकर विधानसभा अध्यक्ष की ओर से एक सर्वदलीय कमेटी बनाई गई है। इसमें ये देखा जाएगा कि सभी तहबाजारियों प्रदेश व प्रदेश के बाहर के लिए कानून समान होगा। इसमें मैंने जो बयान दिया था, उसे सांप्रदायिक रंग देने व दूसरे राज्य से जोड़ने की कोशिश की गई, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि मैंने कानून के अनुसार ही कहा था।

मामले पर हाईकमान की ओर से तलब किए जाने पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में रेलवे बोर्ड अध्यक्ष के साथ बैठक व शहरी विकास का कार्यक्रम पहले से तय था। इसलिए दिल्ली गए थे। इस दौरान हाईकमान के समक्ष भी हिमाचल के मसले उठाए गए। हाईकमान को कहा कि पाटीर्लाइन हमारे लिए सर्वप्रथम है, साथ ही ये भी कहा कि हिमाचल के मसले, मुद्दे व प्रदेश की 70 लाख आवाम की आवाज को उठाना व



उनके हितों की रक्षा करना भी मेरा प्रथम दायित्व है। इस जिम्मेदारी से कभी पीछे नहीं हटेंगे। हम जनता की आवाज को हर मंच पर उठाएंगे। कहा कि 3 अक्तूबर को कमेटी की बैठक उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान की अध्यक्षता में होगी। बैठक में अन्य दलों के नेता भी रहेंगे। बैठक में विस्तारपूर्वक चर्चा की जाएगी कि स्ट्रीट वेंडर्स एक्ट को कैसे अमलीजामा पहनाना है।

सिंह ने कहा कि हिमाचल देश का एक महत्वपूर्ण अंग है। किसी भी राज्य, किसी भी धर्म-जाति का व्यक्ति रोजगार के लिए हिमाचल में आ सकता है। हम उनका स्वागत करते हैं, लेकिन कानून के अनुसार सत्यापन जरूरी है, चाहे हिमाचली हैं या गैर हिमाचली हैं। यह प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा के लिए जरूरी है। आंतरिक सुरक्षा हर हालत में सुनिश्चित होनी चाहिए। इसमें भी कानून के अनुसार ही कार्रवाई होगी। विक्रमादित्य सिंह ने फिर दोहराया कि पार्टी की विचारधारा हमारे के लिए सबसे महवत्वपूर्ण है और हम उससे बाहर नहीं जाएंगे। लेकिन हिमाचल के हित भी हमारे लिए उतने ही महत्वपूर्ण है। जनता के हितों से कभी समझौता नहीं होने दिया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने शिमला नगर निगम की ओर से प्रदेश के छह बार के मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के लिए रिज मैदान पर भूमि चयन करने पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि यह सम्मान प्रदेश की जनभावना का है।

# वक्फ कानून रद्द कर नया कानून बनाए केंद्र, विहिप की मांग

सिटी दर्पण
शिमला

विश्व हिंदू परिषद (विहिप) ने मांग की है कि केंद्र सरकार वक्फ कानून को रद्द करके संसद में नया कानून पारित करे। उसका कहना है कि पुराना कानून हिंदुओं और सरकार की संपत्ति पर मुसलमानों का कब्जा कराने की साजिश के तहत बनाया गया था। इस खतरनाक कानून में 44 संशोधन करके भी कुछ भी हासिल नहीं होगा। उमंग फाउंडेशन के ट्रस्टी विनोद योगाचार्य ने बताया कि विहिप के प्रांत मंत्री तुषार डोगरा ने उमंग फाउंडेशन के वेबीनार में मुख्य वक्ता के तौर पर यह मांग उठाई। वेबीनार का विषय था ष्वक्फ कानून और उसमें संशोधन की आवश्यकताष्। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में इतिहास के प्रोफेसर (डॉ.) अरुण सिंह ने की। संस्था के अध्यक्ष प्रो. अजय श्रीवास्तव ने वेबीनार के विषय की रूपरेखा और उद्देश्य पर प्रकाश डाला।



तुषार डोगरा ने बताया कि 1954 में बने वक्फ कानून में 1995 में कांग्रेस सरकार ने संशोधन करके वक्फ बोर्डों को असीमित शक्तियां दे दी। इस कानून के अंतर्गत वक्फ बोर्ड किसी भी सरकारी अथवा निजी संपत्ति को अपना बताकर कब्जा कर सकता है। तमिलनाडु के एक पूरे गांव को इसी कानून के तहत अपने नाम कर लिया और वहां एक 1500 साल पुराना मंदिर भी है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा संरक्षित स्मारक ताजमहल पर भी वक्फ बोर्ड ने दावा ठोक दिया है जो सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है। हैरानी की

**वक्फ जायदाद तेजी से बढ़ कर 9 लाख एकड़ 7 हुई**

बात यह है कि किसी भी संपत्ति पर वक्फ बोर्ड द्वारा दावा करने पर उसे अपने स्वामित्व का कोई दस्तावेज नहीं देना होता। बोर्ड को बस विश्वास होना चाहिए कि वह संपत्ति उसकी है। जबकि संपत्ति के मालिक को यह सिद्ध करना पड़ता है कि वह उसका स्वामी है। विवाद की स्थिति में ये मामले जिला न्यायालय की बजाय वक्फ ट्रिब्यूनल में जाते हैं जो भारत में धार्मिक आधार पर बना एकमात्र ट्रिब्यूनल है।

उन्होंने कहा बेंगलुरु में रामलीला मैदान को ईदगाह मैदान बता कर वक्फ बोर्ड अपना दावा कर रहा है। इसी तरह सूरत में नगर निगम बिल्डिंग को वह अपना बता रहा है। देश भर में हजारों सरकारी अथवा निजी संपत्तियों पर कब्जे के लिए उसने दावा ठोक दिया है। तुषार डोगरा ने कहा कि वक्फ कानून में ले गए खतरनाक संशोधन के समय 1995 में वक्फ बोर्ड के पास सिर्फ चार लाख एक-ड़ जमीन थी जो बढ़कर अब 9 लाख 4 हजार एकड़ हो चुकी है। रक्षा मंत्रालय और रेलवे के बाद सबसे ज्यादा जमीन वक्फ बोर्ड के पास है।

विहिप नेता ने कहा कि वक्फ कानून में 44 संशोधन प्रस्तावित किए गए हैं जिनसे कोई नतीजा हासिल नहीं होगा। इसलिए इस कानून को पूरी तरह रद्द कर नया कानून बनाया जाना चाहिए। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर अरुण सिंह ने भी इस बात पर सहमति जताई कि सरकार को नया वक्फ कानून संसद में लाना चाहिए। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति के कारण देश में सामाजिक और सांप्रदायिक सद्भाव को भारी नुकसान हुआ है। कार्यक्रम के संचालन में उमंग फाउंडेशन की युवा टीम के सदस्यों- उदय वर्मा, निकिता चौधरी और श्वेता शर्मा आदि ने सहयोग दिया।

# राजमिस्त्री एवं युवा स्वयंसेवक के प्रशिक्षण के संदर्भ बैठक का आयोजन



सिटी दर्पण
शिमला

उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहां जिला में राजमिस्त्री एवं युवा स्वयंसेवक के प्रशिक्षण के सन्दर्भ बैठक का आयोजन किया गया।

उपायुक्त ने कहा कि योजना अंतर्गत जिला शिमला की प्रत्येक पंचायत से 5 राजमिस्त्रियों का प्रशिक्षण करवाया जाएगा ताकि सुरक्षित एवं आपदा प्रतिरोधी भवनों का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि मास्टर ट्रेनर द्वारा खंड स्तर पर राजमिस्त्रियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके साथ-साथ जिला की प्रत्येक पंचायत से 10 से 15 युवा स्वयंसेवकों का भी प्रशिक्षण दिया जाएगा ताकि आपदा प्रतिक्रिया में बेहतर कार्य का निष्पादन हो सके। उन्होंने खंड विकास अधिकारियों को जिला की प्रत्येक ग्राम पंचायतों में 10 से 15 युवा स्वयंसेवकों की सूची तैयार करने को कहा ताकि उनका प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जा सके।

## संक्षिप्त-समाचार

### मुख्यमंत्री ने जवान की शहादत पर शोक व्यक्त किया

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान शहीद हुए सैनिक विनय की शहादत पर गहरा शोक व्यक्त किया है। श्री विनय मंडी जिला के पोहल गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर जवान विनय ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए तथा राष्ट्र उनके सर्वोच्च बलिदान को हमेशा याद रखेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में शोक संतप्त परिवार के साथ है और प्रभावित परिवार को हर संभव सहायता प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोक संतप्त परिवार के सदस्यों को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

### बिजली बोर्ड को न बनाया जाये प्रोयगशाला: पावर इंजीनियर एसोसिएशन

शिमला। पावर इंजीनियर एसोसिएशन की कार्यकारी समिति की बैठक हुई जिसमे विभिन्न मुद्दों पे चर्चा हुईद्य इसमें मुख्यता अभियंताओं की रुकी हुई पदोन्नति और सरकार द्वारा गठित उप समिति की प्रथम बैठक मैं हुआ चर्चा पे विचार विमर्श हुआ। पावर इंजीनियर एसोसिएशन के अध्यक्ष लोकेश ठाकुर ने कहा की उप समिति की प्रथम बैठक के जो कार्यवृत्त (मिनट्स ऑफ मीटिंग) सोशल मीडिया पे प्रसारित रहे हैं उन्हें पड़ के यह लगता है जिसने भी उप समिति के सामने प्रस्तुति दी है, वह पावर सेक्टर के कार्य प्रणाली से अनिभिज्ञ था। सभी सदस्यों ने ऐसा महसूस किया की कहीं न कहीं सरकार को गुमराह किया जा रहा है। पावर इंजीनियर एसोसिएशन ने यह फैसला किया की वह उप समिति से यह अनुरोध करेंगे की कोई भी फैसला लेने से पहले, उनके एक प्रतिनिधि मंडल को उप समिति के समक्ष अपनी बात रखने का मौका दिया जाये । इसके अलावा सदस्यों ने इस बात पे गहरी चिंता जताई की बिजली बोर्ड मैं अभियंताओं की पदोन्नति लगभग 6 महीने से नहीं हुई है, जिसके चलते केवल बिजली बोर्ड मैं ही 7 अधीक्षण अभियंता पद खाली चल रहे हैं। लोकेश ठाकुर ने कहा की जहाँ इस में कोई शक नहीं है की बिजली बोर्ड मैं नीचले स्तर पे फील्ड टेक्निकल स्टाफ की भारी कमी है, पर अभियंता स्तर पे कृत्रिम कमी पैदा करने से बोर्ड का कामकाज पर आगे जा कर काफी फर्क पड़ेगाद्य इसके अलावा समय पर पदोन्नति न मिलने से अभियनता भी काफी हताश है। पावर इंजीनियर एसोसिएशन ने कहा की मौजूदा सरकार ने एक चीफ इंजीनियर और एक अधीक्षण अभियंता का पद सृजित किया है जिस से यह स्पष्ट है की सरकार को यह अहसास है की आने वाले समय में अभियन्तों का काम और बढ़ने वाला है। बिजली किसी आम कमोडिटी की तरह नहीं है जिसको सिर्फ खरीदना और बेचना होता हैद्य इस सेक्टर मैं बहुत चुनौतियां है जो आने वाले समय में बढ़ने वाली है, क्योंकि इलेक्ट्रिकल व्हीकल, सोलर एनर्जी , और रिन्यूएबल एनर्जी के जमाने मैं बिजली उत्पादन और वितरण दोनों ही चुनौतीपूर्ण होने वाले हैं।मीटिंग के अंत में सभी सदस्यों ने मुख्या मंत्री की अच्छे स्वस्थ की कामना की, और यह फैसला लिया की उनके स्वस्थ होने के बाद एक प्रतिनिधि मंडल उनसे मिल करके उन्हें सभी मुद्दों से अवगत करवाएगा।

### 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर केलांग मुख्यालय में सर्वोदय योग सत्र योजना का होगा शुभारंभ

केलांग । जिला आयुष अधिकारी लाहौल स्पीति डॉक्टर बनीता शर्मा ने जिला वासियों से आग्रह किया है कि जिला आयुष हॉस्पिटल केलांग में नियमित रूप से निशुल्क सर्वोदय योग सत्र प्रारंभ हो रहे हैं। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती पर केलांग मुख्यालय में आयोजित होने वाले स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम से सर्वोदय योग सत्र योजना का भी शुभारंभ किया जाएगा। डॉक्टर बनीता शर्मा ने बताया कि यह योग सत्र सुबह 7 से 8 बजे तक रोजाना करवाए जाएंगे जिसका लाभ लेने के लिए सभी जन मानस से निवेदन है कि यह योग सत्र आयुष विभाग के सभी हेल्थ एवं वैलनेस केंद्रों में भी नियमित रूप से आयोजित किये जाएंगे। लिहाजा सभी लोगों से निवेदन है कि अपने लिए समय निकालकर योग सत्र का लाभ लें और नियमित व्यायाम करें व स्वस्थ रहें। डॉ बनीता शर्मा ने यह भी कहा कि आज की आधुनिक जीवन शैली में स्वास्थ्य की देखभाल करना नितांत आवश्यक है चूंकि योग का भी महत्व बढ़ता जा रहा है, इसी कड़ी में आयुष विभाग लाहौल स्पीति इस और प्रयासरत है कि प्रत्येक मनुष्य योग प्राणायाम को अपने जीवन शैली का हिस्सा बनाएं और निरोगी रहें तथा योग सर्वोदय सत्र योजना का लाभ उठाएं।

### विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया का संशोधित प्रवास कार्यक्रम जारी

चंबा। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया के प्रवास कार्यक्रम में आंशिक बदलाव हुआ है । विधानसभा अध्यक्ष के संशोधित प्रवास कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि वह 1 अक्तूबर को देर सांय शिमला से सिंहुता पहुंचेंगे। कुलदीप सिंह पठानिया 2 अक्तूबर को दोपहर बाद 3 बजे राइजिंग स्टार वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय उदयपुर के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उन्होंने बताया कि कुलदीप सिंह पठानिया 3 अक्टूबर को प्रातः 11:30 बजे ग्राम पंचायत बलेरा के तहत भुल्की नाला से पिही नाला संपर्क मार्ग निर्माण की आधारशिला रखेंगे तथा दोपहर बाद जिला कांगड़ा के मलकवाल विद्यावती इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय कनिष्ठ कुराश प्रतियोगिता-2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि भाग लेंगे।

### उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपने हाथों मरीजों, तीमारदारों को भोजन परोसा, फल वितरित किए

ऊना। प्रख्यात शिक्षाविद् स्वर्गीय प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की जयंती के उपलक्ष्य पर सोमवार को क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में लंगर सेवा का आयोजन किया गया। इस पुनीत कार्य में प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री के पति प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने विशेष रूप से शिरकत की और उन्होंने स्वयं अपने हाथों से मरीजों, तीमारदारों और अस्पताल के स्टाफ को भोजन परोसा। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित लोगों को फल भी वितरित किए। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो. सिम्मी अग्निहोत्री की समाज के प्रति सेवा भावना अनुकरणीय रही है। बीमारों, गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा के लिए उनका समर्पण और भावना प्रेरणादायी है।

## विभिन्न लोकार्पण व शिलान्यास कर आम लोगों के हित में आरंभ की विकासात्मक योजनाएं

# राजस्व मंत्री ने किन्नौर की सांगला वैली को प्रदान की 18 करोड़ 15 लाख रुपये की सौगात

सिटी दर्पण
रिकांग पिओ

राजस्व, बागवानी, जनजातीय विकास एवं जन-शिकायत निवारण मंत्री जगत सिंह नेगी ने आज जनजातीय जिला किन्नौर की सांगला तहसील में 18 करोड़ 15 लाख रुपये की विभिन्न विकासात्मक योजनाओं का आम जन-मानस के लिए लोकार्पण व शिलान्यास किया। कैबिनेट मंत्री ने आज 14 करोड़ 62 लाख रुपये की राशि करच्छम-सांगला-छितकुल सड़क मार्ग के विस्तारिकरण के लिए प्रदान की जिससे 11 पंचायतें जिनमें किल्बा, सापनी, ब्रुआ, शोंग, चांसू, कामरू, सांगला, बटसेरी, थेमगरंग, रकच्छम व छितकुल के लोगों को राहत मिलेगी तथा किसान, बागवानों और देश एवं विदेशों से आने वाले पर्यटकों को लाभ मिलेगा। इस दौरान उन्होंने 01 करोड़ 78 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले थापासारिंग से केतरा सम्पर्क सड़क मार्ग की आधारशिला रखी। इसके उपरान्त उन्होंने 01 करोड़ 50 लाख रुपये से बनने वाली सीवरेज उपचार संयंत्र चरण 02 से 05 की आधारशिला रखी जिससे क्षेत्र के 3300 लोगों लाभान्वित होंगे।

राजस्व मंत्री ने इसके उपरान्त रेशववाल महिला मण्डल भवन से अप्पर रेश्वाल तक सम्पर्क सड़क मार्ग तथा बौद्ध मंदिर प्रागंण के नजदीक वर्षा शालिका का शिलान्यास किया। इसके उपरान्त उन्होंने बौद्ध मंदिर में दीयाघर सांगला का लोकार्पण किया। इस दौरान उन्होंने 16 लाख रुपये की लागत से निर्मित होने वाले सनतंग बैठक स्थल का शिलान्यास भी किया। कैबिनेट मंत्री ने इस दौरान रेश्वाल महिला मंडल को 10 हजार रुपये की राशि प्रदान करने की घोषणा की। बागवानी मंत्री ने आयुर्वैदिक स्वास्थ्य केंद्र सांगला का निरीक्षण किया तथा वहां पर उपचाराधीन मरीजों का कुशल-क्षेम जाना। इसके उपरान्त उन्होंने बस स्टैंड सांगला का भी निरीक्षण किया तथा



स्थानीय लोगों से सीधा संवाद स्थापित किया और चरणबद्ध तरीके से उनकी जन-समस्याओं का निवारण करने का आश्वासन दिया।

इसके उपरान्त जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने सांगला में आयोजित 02 दिवसीय टुकपा वैली उत्सव के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस अवसर पर जनता को सम्बोधित करते हुए कहा कि मेले एवं त्योहार हमारे आपसी भाईचारे को बनाए रखने में सहयोग प्रदान करते हैं क्योंकि आज की व्यस्तम जीवनशैली के दृष्टिगत एक-दूसर से मेल-जोल का आभाव देखने को मिलता है। ऐसे में इन मेलों व त्योहारों के आयोजन से आपसी सद्भाव व भाईचारे के साथ प्रेम-भाव भी बरकरार रहता है। कैबिनेट मंत्री ने इस अवसर पर युवा पीढ़ी से आह्वान किया कि वे जनजातीय जिला किन्नौर की समृद्ध संस्कृति को संजोए रखें और इस पर गर्व महसूस करें। उन्होंने युवाओं से किन्नौर के रीति-रिवाज, खान-पान व पहरावे को अपने जीवन में बनाए रखने का आग्रह किया ताकि आने वाली पीढ़ी को जिला किन्नौर की समृद्ध संस्कृति विरासत के रूप में मिल सके। इस दौरान उन्होंने सरकारी विभागों द्वारा जिनमें पशुपालन, सामाजिक न्याय एवं आधिकारिता, जलशक्ति, आपदा प्रबंधन, उद्यान एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया तथा कहा कि इन प्रदर्शनियों के माध्यम से आमजन को वर्तमान प्रदेश सरकार की जन-हितैषी योजनाओं एवं नीतियों का लाभ मिल रहा है तथा उनके जीवन स्तर में सुधार हो रहा है। उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा स्थापित किन्नौर के व्यंजनों के स्टॉल से उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होता है और उद्यमिता को बढ़ावा मिलता है।

इसके उपरान्त जनजातीय विकास मंत्री ने 25 लाख रुपये की राशि से निर्मित किए गए वन विश्राम गृह सांगला के अतिरिक्त कमरों का आम जनता की सहुलियत के लिए लोकार्पण किया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अभिषेक शेखर, जिला कांग्रेस अध्यक्ष उमेश नेगी, राज्य सहकारी बैंक के निदेशक पिताम्बर नेगी, किनफैड के अध्यक्ष चंद्र गोपाल नेगी, पंचायत समिति कल्पा की अध्यक्षा ललिता पंचारस, उपमण्डलाधिकारी कल्पा डॉ. मेजर शशांक गुप्ता, वनमण्डलाधिकारी अरविंद कुमार, अधिशाषी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग आनंद कुमार शर्मा, अधिशाषी अभियन्ता जल शक्ति विभाग अभिषेक शर्मा, अधिशाषी अभियन्ता विद्युत टाशी नेगी, तहसीलदार सांगला हरदयाल सिंह, प्रधान ग्राम पंचायत सांगला देव सांकी, प्रधान कामरू इंदु लक्ष्मी नेगी, प्रधान चांसू बीरबल लोकटस, प्रधान थेमगरंग मनोहर देवी नेगी सहित कांग्रेस पार्टी के पदाधिकारी गण एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भारत ने दूसरे टेस्ट में बांग्लादेश पर शिकंजा कसा, आखिरी दिन निकल सकता है नतीजा

एजेंसी
कानपुर



स्टार आफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने वषार्बाधित दूसरे क्रिकेट टेस्ट के चौथे दिन का खेल खत्म होने से पहले बांग्लादेश के दो विकेट चटकाकर भारत को मजबूत स्थिति में पहुंचा दिया और अब आखिरी दिन भी परिणाम निकलने की उम्मीद दिख रही है । बारिश और गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं होने के बाद चौथे दिन सोमवार को मैच में काफी उतार चढाव देखने को मिले । पूरे दिन में 18 विकेट गिरे, भारत ने सबसे तेज 50, 100 और 200 रन बनाये , विराट कोहली ने 27000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किये तो रविंद्र जडेजा ने 300 वां विकेट लिया । बांग्लादेश ने मोमिनुल हक के शतक की मदद से पहली पारी में 233 रन बनाये जिसके बाद भारत ने टी20 तेवरों से बल्लेबाजी करते हुए पहली पारी नौ विकेट पर 285 रन पर घोषित की । जवाब में चौथे दिन का खेल समाप्त होने पर बांग्लादेश ने दो विकेट 26 रन पर गंवा दिये और वह अभी भी भारत के पहली पारी के स्कोर से 26 रन पीछे है । भारत के लिये यशस्वी जायसवाल ने 51 गेंद में 72 रन बनाये । जायसवाल ने पहले ही ओवर में तेज गेंदबाज हसन महमूद को तीन चौके जड़े । रोहित ने खालिद अहमद को दो छक्के लगाये जिनमें से एक पर गेंद स्टेडियम की छत पर जा गिरी । भारत ने पचास रन तीसरे ओवर में ही पूरे कर लिये । तेज गेंदबाजों को नाकाम होता देख बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो ने स्पिनर मेहदी हसन मिराज को गेंद सौंपी जिन्होंने रोहित का कीमती विकेट लिया ।

जायसवाल ने बायें हाथ के स्पिनर तैजुल इस्लाम की गेंद पर एक रन लेकर अपना अर्धशतक पूरा किया । उन्होंने अपनी पारी में 12 चौके और दो छक्के लगाये । उन्होंने दूसरे विकेट के लिये शुभमन गिल के साथ 72 रन जोड़े । गिल 39 रन बनाकर शाकिब का शिकार हुए जिनका कैच महमूद ने लपका शाकिब ने इसके बाद कोहली को पवेलियन भेजा जो अर्धशतक बनाने से तीन रन से चूक गए । कोहली ने 35 गेंद में 47 रन बनाये जिसमें चार चौके और एक छक्का शामिल है । इस पारी के दौरान कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले चौथे बल्लेबाज बने । इस सूची में सचिन तेंदुलकर (34,357), श्रीलंका के कुमार संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है।

भारत के लिये केएल राहुल ने 43 गेंद में 68 रन बनाये जो मेहदी हसन मिराज की गेंद को आगे निकलकर खेलने के प्रयास में चूके और लिटन दास की स्टम्पिंग का शिकार हो गए । भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बनाकर इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था । भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया । भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से 12.2 ओवर में तिहरा अंक छुआ था ।

इसके बाद भारत ने सबसे तेज 200 रन का आस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा जो उसने पाकिस्तान के खिलाफ 2017 के सिडनी टेस्ट में बनाया था । भारत ने 24 . 2 ओवर में ही 200 रन बना डाले । इससे पहले भारत के लिये तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने तीन जबकि मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और आर अश्विन ने दो दो विकेट लिये । रविंद्र जडेजा 300 विकेट लेने वाले सातवें भारतीय गेंदबाज बन गए जब उन्होंने खालिद महमूद का विकेट लिया । वह 300 टेस्ट विकेट और 3000 टेस्ट रन सबसे तेजी से पूरे करने वाले इंग्लैंड के इयान बाथम के बाद दूसरे खिलाड़ी भी बन गए ।

# कोहली अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले चौथे बल्लेबाज बने

एजेंसी
कानपुर



भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली सोमवार को यहां बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 27,000 रन पूरे करने वाले दुनिया के चौथे बल्लेबाज बन गये।

इस टेस्ट मैच के शुरूआती तीन दिनों में बारिश से लगभग आठ सत्र का खेल प्रभावित होने के बाद भारतीय टीम ने चौथे दिन अपनी पहली पारी में आक्रामक बल्लेबाजी की जिसमें कोहली ने 35 गेंद में 47 रन का योगदान दिया। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के सभी प्रारूपों को मिलाकर वह 27,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले महान सचिन तेंदुलकर के बाद वह दूसरे भारतीय बल्लेबाज है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन तेंदुलकर के नाम है। उन्होंने 34,357 रन बनाये है।

इस सूची में दूसरे स्थान पर श्रीलंका के कुमार संगकारा (28,016) और तीसरे स्थान पर ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग (27,483) है। कोहली के नाम टेस्ट में 8,870 से अधिक रन है जबकि उन्होंने 295 वनडे में 13,906 और 125 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 4,188 रन बनाये है। उन्होंने इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गये टी20 विश्व कप के बाद खेल के सबसे छोटे प्रारूप को अलविदा कह दिया था। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने एक्स पर लिखा, विराट कोहली के शानदार करियर में एक और बड़ा मील का पत्थर, उन्होंने 27,000 अंतरराष्ट्रीय रन पूरे किए। आपका जुनून, निरंतरता और उत्कृष्टता हासिल करने की भूख क्रिकेट जगत के लिए प्रेरणादायक है। बधाई हो कोहली आपकी यह यात्रा लाखों लोगों को प्रेरित करती रहेगी। तेंदुलकर ने भारत के लिए अपने 24 साल के करियर में 200 टेस्ट में 15,921, जबकि 463 एकदिवसीय में 18,426 रन बनाये हैं। उन्होंने एकमात्र टी20 अंतरराष्ट्रीय में 10 रन बनाये हैं।

# दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर समूह ने हैम्पशर काउंटी में बहुमत हिस्सेदारी हासिल की

एजेंसी
लंदन

इंडियन प्रीमियर लीग की फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स के सह-मालिक जीएमआर समूह ने सोमवार को इंग्लिश काउंटी क्लब की टीम हैम्पशर में बहुमत हिस्सेदारी खरीदने के करार को पूरा कर लिया। जीएमआर समूह के पास शुरूआत में हैम्पशर में 53 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी, जिससे यह विदेशी स्वामित्व वाली पहली काउंटी टीम बन जाएगी। अगले 24 महीनों में चरणबद्ध तरीके से भारतीय समूह 100 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल कर लेगा। क्लब ने वेबसाइट पर जारी एक बयान में कहा, यूटिलिटा बाउल साइट और हैम्पशर क्रिकेट के मालिक हैम्पशर स्पोर्ट एंड लीजर होल्डिंग्स लिमिटेड ने जीएमआर ग्लोबल पीटीई लिमिटेड (जीजीपीएल) के साथ करार पर हस्ताक्षर कर उनका आदान-प्रदान किया है। यह एक एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदारी की शुरूआत है। जीएमआर समूह के कॉर्पोरेट अध्यक्ष किरण कुमार ग्रंथी ने कहा कि उनका उद्देश्य उभरती प्रतिभाओं को अवसर प्रदान करना होगा। उन्होने कहा, अमेरिका, दुबई और भारत में हमारे निवेश के बाद इस अधिग्रहण के साथ जीएमआर वैश्विक युवाओं के जुड़ने के लिए तैयार है। हम युवा प्रतिभाओं के लिए अवसर पैदा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। ग्रंथी ने कहा, हमारा दृष्टिकोण खेल को एक ऐसे मंच में बदलना है जो लोगों और संस्कृतियों को एकजुट करने के साथ वैश्विक उत्कृष्टता को बढ़ावा दे और भविष्य के विश्व चैंपियनों के निर्माण करें। जीएमआर के पास मौजूदा समय में दिल्ली कैपिटल्स (आईपीएल और डब्ल्यूपीएल), दुबई कैपिटल्स (आईएलटी20) और प्रिटोरिया कैपिटल्स (एसए20) में 50 प्रतिशत हिस्सेदारी है। जीएमआर समूह ने इसके साथ ही अमेरिका के मेजर लीग क्रिकेट में सिएटल ऑर्कास में निवेश किया है। इस निवेश के बावजूद हैम्पशर से जुड़े अधिकारियों में कोई बदलाव नहीं होगा। रॉड ब्रैंसग्रोव कम से कम 30 सितंबर 2026 तक समूह अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे और डेविड मान समूह सीईओ के रूप में अपनी भूमिका बरकरार रखेंगे। ईसीबी (इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गाउल्ड ने भी इस अधिग्रहण का स्वागत किया। उन्होंने कहा, यह हैम्पशर क्रिकेट के लिए एक रोमांचक समय है। मैं हैम्पशर की क्रिकेट टीमों को विकसित करने और यूटिलिटा बाउल में सुविधाओं को बढ़ाने के लिए जीजीपीएल की प्रतिबद्धता को देखकर प्रसन्न हूं। यह घोषणा इंग्लैंड एवं वेल्स में क्रिकेट में निवेश में वैश्विक रुचि और काउंटी क्रिकेट बढ़ती लोकप्रियता को दशार्ती है।

# ईरानी कप आज से, रोचक मुकाबले की उम्मीद

एजेंसी
लखनऊ



रणजी चैम्पियन मुंबई और शेष भारत की टीमें मंगलवार से ईरानी ट्रॉफी के लिए लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में जोर आजमाइश करेंगी। इस अहम मुकाबले से पहले मुंबई को करारा झटका लगा है। उसके प्रमुख ऑलराउंडर मुशीर खान हाल ही में हुए एक सड़क हादसे में जख्मी होने के कारण इस मुकाबले से बाहर हो गए हैं। मुशीर ने इस महीने की शुरूआत में दलीप ट्रॉफी में भारत बी के लिये खेलते हुए भारत ए के खिलाफ 181 रन बनाये थे। ईरानी कप मौजूदा रणजी चैम्पियन और देश के शेष राज्यों के खिलाड़ियों की टीमों के बीच घरेलू क्रिकेट कैलेंडर का अहम मुकाबला होता है।

नवाबों के शहर लखनऊ में पहली बार ईरानी कप का मुकाबला खेला जाएगा। इकाना स्टेडियम की पिच आमतौर पर बल्लेबाजों और गेंदबाजों दोनों के ही लिये मुफीद मानी जाती है। ऐसे में यहां एक अच्छा मुकाबला होने की सम्भावना है। रणजी चैम्पियन मुम्बई अब तक 14 बार ईरानी कप पर कब्जा कर चुकी है जबकि शेष भारत 30 बार यह ट्रॉफी अपने नाम कर चुका है। पिछले साल इस ट्रॉफी के लिये हुए मुकाबले में शेष भारत ने तत्कालीन रणजी चैम्पियन सौराष्ट्र को 175 रनों से हराया था। मुम्बई की बल्लेबाजी का दारोमदार कप्तान अजिंक्य रहाणे, पृथ्वी साव और तनुष कोटियान पर होगा जबकि गेंदबाजी में अनुभवी शार्दुल ठाकुर और शम्स मुलानी के प्रदर्शन पर निगाहें होंगी।

शेष भारत की बल्लेबाजी का जिम्मा प्रमुख रूप से उप कप्तान अभिमन्यु ईश्वरन, ईशान किशन और कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के कंधों पर होगा जिन्होंने हाल ही में सम्पन्न दलीप ट्राफी टूनार्मेंट में जोरदार प्रदर्शन किया था। वहीं, आलराउंडर मानव सुथार और तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा के प्रदर्शन पर भी सबकी निगाहें होंगी। टीमें इस प्रकार हैं।

**मुंबई :** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), सिद्धांत अद्धतराव, मोहित अवस्थी, रॉयस्टन डायस, हिमांशु सिंह, श्रेयस अय्यर, तनुष कोटियान, सिद्धेश लाड, आयुष म्हात्रे, मोहम्मद जुनैद खान, शम्स मुलानी, पृथ्वी साव, सूर्यांश शेडगे, हार्दिक तमोरे और शार्दुल ठाकुर।

**शेष भारत :** रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), अभिमन्यु ईश्वरन (उप कप्तान), खलील अहमद, रिकी भुई, राहुल चाहर, ईशान किशन, सारांश जैन, ध्रुव जुरेल, मुकेश कुमार, देवदत्त पडिक्कल, प्रसिद्ध कृष्णा, शाश्वत रावत, साईं सुदर्शन, मानव सुथार और यश दयाल।

मैच का समय :सुबह 9.30 से।

## संक्षिप्त-समाचार

### यह गलत धारणा है कि समयसीमा का पालन करना है, रिहैब में धैर्य जरूरी : लक्ष्मण

बेंगलुरू। बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र ( सेंटर आफ एक्सीलैंस) के प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण ने कहा है कि चोटिल क्रिकेटरों की रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया में पूर्व निर्धारित समय सीमा की बजाय जरूरी प्रोटोकॉल का पालन करते हुए धैर्य के साथ आगे बढना महत्वपूर्ण है। पिछले दो साल में ऋषभ पंत, जसप्रीत बुमराह, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल और प्रसिद्ध कृष्णा जैसे शीर्ष क्रिकेटरों ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में कई महीने बिताये हैं। अब यही अकादमी सेंटर आफ एक्सीलैंस बन गई है। ये सभी क्रिकेटर पूरी तरह फिट होकर मैदान पर लौटे। लक्ष्मण ने यहां सेंटर के उद्घाटन के मौके पर चुनिंदा पत्रकारों से कहा , यह गलत धारणा है कि समय सीमा का पालन करना है। मैं समझता हूं कि कई बार आपको लगता है कि आप इस समय सीमा में फिट हो जायेंगे लेकिन कई बार ऐसा नहीं हो पाता। उन्होंने कहा , मेरा मानना है कि प्रोटोकॉल का संयम के साथ पालन करना जरूरी है लेकिन कई बार रिकवरी में देर भी हो जाती है। हमने ऋषभ पंत का मामला देखा है और जस्सी का भी। कई खिलाड़ी यहां आये और कड़ी मेहनत की जिसका परिणाम भी मिला। लक्ष्मण ने कहा कि रिकवरी के दौरान सबसे अहम मानसिक रूप से मजबूत बने रहना था। उन्होंने कहा , रिहैबिलिटेशन में सबसे चुनौतीपूर्ण होता है कि पूरे दिन में दो तीन घंटे ही यह प्रक्रिया होती है और बाकी दिन खिलाड़ी के पास करने के लिये कुछ नहीं होता। ऐसे खिलाड़ी जिनको रोज छह से आठ घंटे खेलने या अभ्यास करने की आदत है , वे अचानक रिहैब रूम तक सिमट जाते हैं। उन्होंने कहा , रिकवरी के बाद अधिकतम चार से पांच घंटा मैदान पर जाते हैं। इसके लिये मानसिक रूप से मजबूत होना बहुत जरूरी है।

### कुछ ओवरों का अभ्यास मिलना अच्छा क्योंकि आस्ट्रेलिया में काफी गेंदबाजी करनी होगी : बुमराह

कानपुर। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह घरेलू श्रृंखला में अपना कार्यभार धीरे धीरे बढा रहे हैं क्योंकि उन्हें पता है कि आस्ट्रेलिया में पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला में काफी गेंदबाजी करनी होगी। बांग्लादेश के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के बाद भारतीय टीम को आस्ट्रेलिया जाने से पहले न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट खेलने हैं। बुमराह ने चौथे दिन के खेल से पहले मेजबान प्रसारक से कहा ,आस्ट्रेलिया में फिट रहने के लिये चतुर बनना होगा। इसलिये यहां कुछ ओवर अधिक मिलना अच्छा है क्योंकि वहां काफी गेंदबाजी करनी होगी। कानपुर टेस्ट में गीली आउटफील्ड के कारण दूसरे और तीसरे दिन का खेल नहीं हो सका। बुमराह ने कहा , मौसम हमारे हाथ में नहीं है लेकिन कुछ समय आराम मिलना भी अच्छा रहा। चेन्नई से आने के बाद यहां हालात के अनुरूप तुरंत ढलना था। भारत और आस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी श्रृंखला 22 नवंबर से पर्थ में शुरू होगी। बुमराह ने कहा , मेरा पसंदीदा प्रारूप टेस्ट है। मैं उसमें अपना सर्वश्रेष्ठ देना चाहता हूं।

### भारतीय निशानेबाज जूनियर विश्व चैंपियनशिप दो कांस्य पदक जीतकर शीर्ष पर

नई दिल्ली। भारतीय राइफल और पिस्टल निशानेबाजों ने पेरू के लीमा में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) की जूनियर विश्व चैंपियनशिप में क्रमशः 10 मीटर मिश्रित टीम स्पधार्ओं में दो कांस्य पदक जीते। प्रतियोगिता के दूसरे दिन कांस्य पदक जीतने के साथ ही भारत के पदकों की संख्या पांच हो गई जिसमें दो स्वर्ण और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। राइफल निशानेबाजों के क्वालीफिकेशन दौर में गौतमी भनोट व अजय मलिक की भारतीय जोड़ी 628.9 का संयुक्त स्कोर बनाकर 34 टीमों में तीसरे स्थान पर रही। इसके बाद कांस्य पदक मुकाबले में भारतीय टीम ने क्रोएशिया को 17-9 से हराया। वहीं चीन ने फाइनल में फ्रांस को हराकर प्रतियोगिता का अपना पहला स्वर्ण पदक जीता। इसी स्पर्धा में भारत के अभिनव साव व शाम्भवी क्षीरसागर की दूसरी जोड़ी 628.1 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रही। मिश्रित पिस्टल स्पर्धा में दोनों भारतीय जोड़ियां क्वालीफिकेशन में क्रमशः तीसरे और चौथे स्थान पर रहीं, जिससे उनके बीच कांस्य पदक के लिए मुकाबला खेल गया। लक्षिता व प्रमोद की जोड़ी ने कनिष्का डागर व मुकेश नेलावली की जोड़ी पर 16-8 से जीत दर्ज की। जर्मनी ने स्वर्ण जीता जबकि यूक्रेन को रजत पदक मिला। लक्षिता का यह प्रतियोगिता का दूसरा पदक था। इससे पहले उन्होंने शनिवार को एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में भी स्वर्ण पदक जीता था।

### एटलेटिको प्रशंसकों ने मैदान पर फेंका सामान

मैड्रिड। मेजबान एटलेटिको मैड्रिड और रीयाल मैड्रिड के बीच ला लीगा फुटबॉल टूनार्मेंट का रविवार का मैच बीच में रोकना पड़ा जब एटलेटिको के प्रशंसकोंने मैदान पर सामान फेंकना शुरू कर दिया। मेट्रोपोलिटानो स्टेडियम में हुए मैच में करीब 70वें मिनट में व्यवधान पैदा हुआ और खिलाड़ियों को 'लॉकर रूम' में भेज दिया गया। मैड्रिड ने उस समय पहला गोल दागा था जो एटलेटिको के प्रशंसकों के सामने इस गोल का जश्न मना रहे थे। इसके 15 मिनट से अधिक समय के बाद मैच को दोबारा शुरू किया गया जो 1-1 की बराबरी पर समाप्त हुआ। रियाल के गोलकीपर थिबॉट कोर्टोइस ने रेफरी को मैदान पर फेंकी जा रही चीजों के बारे में सचेत किया जिसमें लाइटर भी शामिल था। वहीं एटलेटिको के कोच डिएगो सिमोन ने प्रशंसकों को कई बार समझाया। स्टेडियम के लाउडस्पीकर पर ऐलान किया गया कि 15 मिनट तक खेल रोकना पड़ा है और अगर दर्शकों का ऐसा ही व्यवहार रहा तो इसे निलंबित कर दिया जाएगा। स्पेनिश लीग ने एक दिन पहले कहा था कि वह पुलिस से उन सोशल मीडिया अभियान के प्रचारकों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग करेगी जिनका उद्देश्य विनिसियस जूनियर (खिलाड़ी) के खिलाफ नस्लवादी हरकतों को बढ़ावा देना था।

### रेलवे ने आईओसी को हराकर एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी खिताब जीता

चेन्नई। गत चैम्पियन भारतीय रेलवे ने आरएसपीबी ने इंडियन आइल कारपोरेशन को 5 . 3 से हराकर 95वां अखिल भारतीय एमसीसी मुरूगप्पा गोल्ड कप हॉकी टूनार्मेंट जीत लिया। आरएसपीबी ने आक्रामक शुरूआत की और सातवें ही मिनट में गुरसाहिबजीत सिंह ने पेनल्टी कॉर्नर पर गोल कर दिया। सिमरनजोत सिंह ने दो मिनट बाद बढत दुगुनी कर दी। युवराज वाल्मीकि ने 18वें और 58वें मिनट में गोल दागे जबकि मुकुल शर्मा ने 35वें मिनट में पांचवां गोल किया।

# सीएसए ने सुरक्षा आकलन के बाद बांग्लादेश दौरे को स्वीकृति दी

जोहानिसबर्ग। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने सोमवार को सीनियर पुरुष टीम के दो टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए बांग्लादेश दौरे को मंजूरी दे दी। बांग्लादेश दौरे पर आए प्रतिनिधिमंडल द्वारा हिंसाग्रस्त एशियाई देश की सुरक्षा आकलन के बाद दौरे को स्वीकृति दी गई। बांग्लादेश में तब से उथल-पुथल मची हुई है जब प्रधानमंत्री शेख हसीना पांच अगस्त को कई सप्ताह तक चली अशांति के बाद देश छोड़कर चली गईं। इसके बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) को महिला टी20 विश्व कप यूएई में स्थानांतरित करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका 16 अक्टूबर को ढाका पहुंचेगा। पहला टेस्ट 21 से 25 अक्टूबर तक ढाका में और दूसरा 29 अक्टूबर से दो नवंबर तक चटगांव में खेला जाएगा। ईएसपीएनक्रिकइंफो के अनुसार सीएसए ने बोर्ड के संचालन प्रबंधक, टीम सुरक्षा प्रबंधक, सुरक्षा सलाहकार और दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर्स संघ के एक प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण के बाद दौरे को झंडी दे दी।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम के पाकिस्तान दौरे पर फैसला सरकार को करना है: बीसीसीआई

एजेंसी
कानपुर



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने सोमवार को कहा कि राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के अगले साल चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान के दौरे को लेकर अंतिम फैसला भारत सरकार को करना है। पाकिस्तान 19 फरवरी से नौ मार्च तक एकदिवसीय प्रारूप में खेले जाने वाले इस आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) टूनार्मेंट की मेजबानी करने वाला है। शुक्ला ने यहां बांग्लादेश के खिलाफ जारी दूसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन के खेल के इतर संवाददाताओं से कहा, अभी तक कोई निर्णय नहीं लिया गया है। हमारी नीति यह है कि अंतरराष्ट्रीय दौरों के लिए हम हमेशा सरकार की अनुमति लेते हैं। यह सरकार तय करती है कि हमारी टीम को किसी देश के दौर पर जाना चाहिए या नहीं। उन्होंने कहा, इस मामले में भी सरकार जो भी फैसला करेगी हम उसका पालन करेंगे। मुंबई में 2008 में हुए आतंकवादी हमलों के बाद से भारतीय टीम पाकिस्तान के खिलाफ को द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं खेली है। दोनों टीमें का आमना सामना सिर्फ आईसीसी और एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के टूनार्मेंटों में होता है। पाकिस्तान की टीम ने पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप के लिए सात साल के अंतराल के बाद भारत का दौरा किया था। बीसीसीआई आईसीसी से टूनार्मेंट को पाकिस्तान से हटाकर श्रीलंका या दुबई में आयोजित करने का अनुरोध कर सकता है।

# बांग्लादेश के खिलाफ भारत ने सबसे तेज 50, 100 और 200 रन बनाये

कानपुर। भारतीय बल्लेबाजों ने बेहद आक्रामक शुरूआत करते हुए बांग्लादेश के खिलाफ वषार्बाधित दूसरे टेस्ट के चौथे दिन सोमवार को सबसे तेज 50, 100 और 200 रन पूरे किये। यशस्वी जायसवाल ने दस चौके और एक छक्के की मदद से भारत के लिये चौथा सबसे तेज अर्धशतक बनाया। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 गेंद में 23 रन बनाकर आउट हुए। भारत ने तीसरे ही ओवर में 50 रन बना डाले। इसके साथ ही इंग्लैंड का सबसे तेज टीम अर्धशतक का रिकॉर्ड तोड़ा जिसने इस साल जुलाई में ट्रेंट ब्रिज में वेस्टइंडीज के खिलाफ 4.2 ओवर में अर्धशतक बनाया था। भारत ने सौ रन 11वें ओवर में पूरे करके अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया। भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 2023 में पोर्ट आफ स्पेन टेस्ट में सबसे तेजी से 12.2 ओवर में तिहरा अंक छुआ था। इसके बाद भारत ने सबसे तेज 200 रन का आस्ट्रेलिया का रिकॉर्ड तोड़ा।

# बाबर और कोहली की तुलना बेबुनियाद, कोहली काफी आगे : जहीर अब्बास

एजेंसी
शारजाह



पाकिस्तान के महान बल्लेबाज जहीर अब्बास का मानना है कि विराट कोहली और बाबर आजम के बीच तुलना बेबुनियाद है क्योंकि कोहली काफी आगे हैं। एक समय कोहली, केन विलियमसन, स्टीव स्मिथ और जो रूट के साथ फैब फाइव का हिस्सा रहे बाबर इस समय खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। अब्बास ने यहां क्रिकेट प्रीडिक्टा कांक्लेव से इतर पीटीआई से कहा , ये फिजूल की बातें हैं। विराट कोहली हर मैच में रन बनाता है और बाबर किसी मैच में नहीं। आप कैसे तुलना कर सकते हैं। जो रन बनाता है, वही बड़ा खिलाड़ी है।

कोहली 80 अंतरराष्ट्रीय शतक जमा चुके हैं जबकि उनसे काफी छोटे बाबर के नाम 31 अंतरराष्ट्रीय शतक हैं। अब्बास ने कहा कि भारत ने विभिन्न प्रारूपों में लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है और वह चैम्पियंस ट्रॉफी में खिताब की प्रबल दावेदार टीम होगी। उन्होंने कहा , भारतीय टीम शानदार है। उनके बल्लेबाज और गेंदबाज अच्छा खेल रहे हैं।यह काफी संतुलित टीम है और सोच समझकर खेलती है। उनके पास बहुत अच्छा कप्तान है जो क्रिकेट को बखूबी समझता है। सब कुछ अनुकूल हो तो काम आसान हो सकता है और भारत के साथ ऐसा ही है। अब्बास ने कहा , वे चैम्पियंस ट्रॉफी में भी प्रबल दावेदार होंगे क्योंकि इतनी शानदार टीम है। अपने खेलने के दिनों में एशिया के ब्रैडमैन कहे जाने वाले अब्बास ने कहा कि टेस्ट क्रिकेट खिलाड़ी के कौशल की कसौटी है।

# ग्रीन पार्क में तंबाकू से संबंधित ब्रांड के विज्ञापनों में काफी कमी आई

एजेंसी
कानपुर

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच के दौरान ग्रीन पार्क स्टेडियम के अंदर गुटखा जैसे धूम्ररहित तंबाकू उत्पादों का अप्रत्यक्ष विज्ञापन कोई आश्चर्य की बात नहीं है क्योंकि कानपुर पान मसाला के उत्पादन और व्यापार के लिए प्रसिद्ध है। हालांकि उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ (यूपीसीए) ने भारत और बांग्लादेश के बीच चल रहे दूसरे टेस्ट के दौरान लोकप्रिय तंबाकू ब्रांड को दिए जाने वाले विज्ञापन स्थान में काफी कमी की है। शिखर और शुद्ध प्लस जैसे ब्रांड के बिलबोर्ड यहां आम हैं जबकि सीमा रेखा पर इलेक्ट्रॉनिक डिस्प्ले बोर्ड पर विमल और राज निवास चमकते रहते हैं। हालांकि पिछले दिनों की तुलना में इस बार ऐसे ब्रांड को कम जगह दी गई है। यह केवल प्रेस बॉक्स के दोनों ओर दर्शकों के स्टैंड पर दिखाई देता है जबकि अन्य दीघाओं में टायर और खाद्य मसालों जैसे विभिन्न उत्पादों के विज्ञापन हैं। ग्रीन पार्क में पहले दिख चुके कई पान मसाला ब्रांड इस बार गायब हैं लेकिन उनमें से चार के विज्ञापन अब भी यहां नजर आ रहे हैं। हालांकि यूपीसीए अधिकारियों ने कहा कि ये ब्रांड केवल माउथ फ्रेशनर का प्रचार कर रहे हैं, पान मसाले का नहीं। आयोजन स्थल के निदेशक संजय कपूर ने पीटीआई से कहा, वे अब पान मसाले का प्रचार नहीं कर रहे हैं, वे इलायची का प्रचार कर रहे हैं। कपूर को बताया गया कि इलाइची शब्द का उल्लेख नहीं किया गया है तो क्या यह सरोगेट विज्ञापन नहीं होगा? उन्होंने कहा, मैं इस पर क्या टिप्पणी करू? हम ऐसे उत्पादों का प्रचार नहीं करते जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हों। बस इतना ही। सरोगेट विज्ञापन एक मार्केटिंग तकनीक है जिसके माध्यम से कंपनियां ऐसे उत्पादों को बढ़ावा देती हैं जिनका सीधा विज्ञापन प्रतिबंधित है। सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए) 2003, सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पादों के सीधे विज्ञापन को प्रतिबंधित करता है।

## अभी तक समारोह तक नहीं हुआ आयोजित

# ओलंपिक पदक विजेताओं का सम्मान नहीं करने के लिए उषा ने कार्यकारी समिति के सदस्यों को लताड़ा

एजेंसी
नई दिल्ली



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने सोमवार को कहा कि यह बेहद चिंताजनक है कि कार्यकारी समिति के सदस्य ओलंपिक पदक विजेताओं को सम्मानित करने में विफल रहे। उन्होंने वित्त समिति पर पेरिस खेलों की भारतीय खिलाड़ियों की तैयारी के लिए निर्धारित कोष को जारी करने से रोकने का आरोप लगाया। युवा निशानेबाज मनु भाकर के दो ऐतिहासिक कांस्य पदक सहित भारत ने पेरिस खेलों में छह पदक जीते लेकिन उषा ने कहा कि कार्यकारी समिति उनकी सफलता का जश्न नहीं मनाना चाहती और इससे वह बेहद दुखी हैं। उषा ने बयान में कहा, इन खिलाड़ियों ने देश को गौरवांवित किया है और यह आईओए की जिम्मेदारी है कि वे उस सम्मान के साथ उनकी उपलब्धियों का जश्न मनाएं जिसके वे हकदार हैं। यह बेहद चिंताजनक है कि अगस्त के मध्य में (खिलाड़ियों के) स्वदेश लौटने के बावजूद कार्यकारी समिति इस बारे में चर्चा करने या औपचारिक सम्मान समारोह आयोजित करने की दिशा में कदम उठाने में नाकाम रही है।

उन्होंने खुलासा किया कि ओलंपिक के लिए जाने वाले प्रत्येक खिलाड़ी को दो लाख रुपये और प्रत्येक कोच को एक लाख रुपये का तैयारी अनुदान देने के प्रस्ताव को वित्त समिति, विशेषकर आईओए कोषाध्यक्ष सहदेव यादव ने रोक दिया। उषा ने कहा, मेरा दृढ़ विश्वास है कि इस अनुदान से हमारे खिलाड़ियों और उनके कोचों को ओलंपिक खेलों से पहले के महत्वपूर्ण दौर में वह सहायता मिल जाती जिसकी उन्हें आवश्यकता थी। उन्होंने कहा, इस कोष को वितरित करने से इनकार करना खिलाड़ियों की आवश्यकताओं की समझ की कमी को दशार्ता है और उनकी तैयारी और देखभाल के प्रति पूर्ण उपेक्षा को दशार्ता है। पिछले नेतृत्व के कार्यों की ओर इशारा करते हुए उषा ने कहा कि तोक्यो ओलंपिक के सात पदक विजेताओं के लिए कोविड-19 महामारी के बावजूद सम्मान समारोह का आयोजन किया गया था।


उषा ने कार्यकारी समिति के कुछ पूर्व सदस्यों, विशेषकर पूर्व खिलाड़ियों की प्रतिबद्धता पर सवाल उठाते हुए कहा, अगर मेरे पूर्ववर्ती वैश्विक महामारी के दौरान हमारे खिलाड़ियों की उपलब्धि का जश्न मना सकते हैं तो फिर कार्यकारी समिति के मौजूदा सदस्यों को ऐसा करने से कौन रोक रहा है। उन्होंने कहा, विश्व मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले व्यक्ति के रूप में मैं हमारे खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत, बलिदान और जीत को मान्यता देने के महत्व को समझती हूं। यह देखना निराशाजनक है कि पद पर बैठे अन्य लोग इस कर्तव्य को निभाने में विफल रहे हैं, खासकर वे जिन्होंने देश का प्रतिनिधित्व किया है।

# राजनाथ सिंह ने रायपुररानी में किया भाजपा का घोषणा पत्र जारी

## कालका को मिलेगा अभूतपूर्व विकास का तोहफा : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह

सिटी दर्पण

रायपुररानी



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रायपुररानी में भाजपा का बहुप्रतीक्षित चुनावी घोषणापत्र जारी करते हुए रायपुररानी के विकास के लिए कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की घोषणा की। कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा, पंचकूला से प्रत्याशी ज्ञानचंद गुप्ता, हिमाचल के पूर्व सीएम जयराम ठाकुर, पूर्व केंद्रीय मंत्री पंडित विनोद शर्मा, और राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा, राज्य सभा सांसद सिकंदर और पवन कुमारी आदि मौजूद रहे। शक्ति रानी शर्मा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को तलवार भेंट की। विनोद शर्मा ने शॉल और सांसद कार्तिकेय ने भी स्वागत किया।

इस अवसर पर राजनाथ सिंह ने जोर देते हुए कहा कि भाजपा की सरकार क्षेत्रीय विकास के लिए समर्पित है और कालका को हरियाणा का सबसे प्रमुख शहर बनाने की दिशा में कार्य करेगी। घोषणापत्र के अनुसार रायपुर रानी को एक स्वतंत्र सब डिवीजन के रूप में स्थापित किया जाएगा। रायपुर रानी क्षेत्र में शुगर मिल की स्थापना की जाएगी, जिससे स्थानीय किसानों की आय में सुधार होगा। क्षेत्र को नशे से निजात दिलाने के लिए एक आधुनिक नशा मुक्ति केंद्र स्थापित किया जाएगा। नए औद्योगिक क्षेत्रों का विकास और लॉजिस्टिक पार्कों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएंगे। पीने के पानी और सिचाई की सुविधाओं में सुधार के लिए एक व्यापक समाधान पेश किया जाएगा। टूटी हुई सड़कों का पुनर्निर्माण किया जाएगा और कच्ची सड़कों को पक्का किया जाएगा। साथ ही सिविल हॉस्पिटल का आधुनिकीकरण किया जाएगा। क्षेत्र में 4 सर्व-सुविधायुक्त स्टेडियम स्थापित किए जाएंगे। फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित की जाएगी। रायपुर रानी रेलवे स्टेशन पर शताब्दी एक्सप्रेस का ठहराव सुनिश्चित किया जाएगा, जिससे यात्रा की सुविधा में बढ़ोतरी होगी। नागरिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए रायपुर रानी क्षेत्र में स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएँगी। भाजपा प्रत्याशी शक्ति रानी शर्मा ने भी इस अवसर पर कालका के नागरिकों को भरोसा दिलाते हुए कहा, ₹मैंने जो वादे किए हैं, वे सब पूरे किए जाएंगे। भाजपा की सरकार के नेतृत्व में कालका को हरियाणा का नंबर एक शहर बनाया जाएगा। विकास की हर योजना पर काम होगा, और यहां के युवाओं को रोजगार मिलेगा।₹ कालका में नशे ने युवाओं को बर्बाद कर दिया है। हम यहां से नशा के कारोबार को समाप्त कर दूंगी। कालका के विकास के लिए चारों मंडलों का अलग से घोषणा पत्र जारी किया जा रहा है ताकि कालका का संपूर्ण विकास हो सके। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा क्षेत्रवाद की राजनीति की। कालका का विकास नही किया। कांग्रेस ने खर्ची पर्ची का सिस्टम शुरू किया और युवाओ के साथ धोखा किया। कांग्रेस विधायक ने कालका के लिए कभी काम नहीं किया। हरियाणा में भी तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। राजनाथ सिंह ने मंच से घोषणा की कि शक्ति रानी शर्मा का नेतृत्व कालका के लिए स्वर्णिम युग की शुरूआत करेगा।

नायाब सैनी भाजपा के सीएम बनेंगे। पिछले 10 वर्षों में हरियाणा में कोई घोटाला नहीं हुआ। लेकिन कांग्रेस हमेशा से घोटाला करने में विश्वास करती है। हरियाणा में ये रिवायत है कि जिसकी केंद्र में सरकार होती है उसकी हरियाणा में भी सरकार बनती है। एक देश एक चुनाव का हम बिल लेकर आएंगे। आज पीएम मोदी के कारण भारत की हैसियत पूरी दुनिया में बढ़ी है।

# रीडिंग सर्कल में छात्रों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुत की रचनाएं



सिटी दर्पण

चंडीगढ़

### एसडी कॉलेज के रीडर्स क्लब ने आयोजित किया पहला रीडिंग सर्कल

सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज लाइब्रेरी के रीडर्स क्लब ने 'वॉयसेज एंड वर्सेस' शीर्षक से अपना पहला रीडिंग सर्कल 2024-25 सैशन आयोजित किया। यह कार्यक्रम नए सदस्यों को क्लब की प्रमुख परंपरा से परिचित कराने के लिए आयोजित किया गया था। कार्यक्रम की शुरूआत रीडर्स क्लब की अध्यक्ष अनन्या अबरोल की ओर से किए गए स्वागत से हुई। क्लब के सभी सदस्यों ने कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया और स्वयं रचित और कवियों द्वारा लिखित कविताएँ और गद्य और सभी उपस्थित लोगों के लिए साहित्यिक अनुभव को समृद्ध बनाया।

कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. अजय शर्मा ने छात्र समुदाय के बीच जीवंत साहित्यिक संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए क्लब के सदस्यों को बधाई दी। वहीं, संयोजक डॉ. गुरप्रीत सिंह ने क्लब के बारे में अपना दृष्टिकोण व्यक्त करते हुए कहा कि यह छात्रों के लिए अपनी रचनात्मकता को अभिव्यक्त करने तथा बौद्धिक चर्चा में भाग लेने का एक मंच है। प्रतिभागियों की रचनाओं में सामाजिक मुद्दे, प्रकृति, प्रेम, साहस आदि अनेक विषय शामिल थे, जिनमें डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम, बुल्ले शाह, रॉबर्ट ब्राउनिंग और जिमी ऑसबोर्न जैसे लेखकों की मौलिक रचनाएं शामिल थीं। 'वॉयसेज एंड वर्सेस' का उद्घाटन संस्करण पूरी तरह से सफल रहा, जिसने कॉलेज में महत्वाकांक्षी कवियों और लेखकों की प्रतिभा को प्रदर्शित किया और छात्र समुदाय के बीच साहित्य के प्रति प्रेम को प्रेरित किया।

# तीन स्कूलों के छात्रों को पहुंचाया लाभ



सिटी दर्पण

चंडीगढ़

राजनेता ओर समाजसेवी संजय टंडन की अगुवाई वाली कम्पीटेंट फाउंडेशन द्वारा स्कूली शिक्षा के साथ जमीनी स्तर पर खेल प्रतिभाओं को बढ़ाने की दिशा में शुरू किए गए हंसते खेलतेह्ल नामक स्पोर्ट्स किट डिस्ट्रीब्यूशन प्रोग्राम की कड़ी में सोमवार को तीन स्कूली बच्चों को लाभांवित किया गया। संजय टंडन ने सेक्टर 20 स्थित गवर्नमेंट गर्ल्स मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल, सेक्टर 7 स्थित गर्वमेंट माडल हाई स्कूल और मनीमाजरा स्थित इंदरा कालोनी स्थित गवर्नमेंट मॉडल हाई स्कूल का दौरा किया और कबड्डी तथा खो खो की स्पोर्ट्स किट उन उभरते हुई खिलाड़ियों को भेंट स्वरुप दी जो वित्तीय तंगी के चलते खेल का खर्चा उठाने में असमर्थ हैं। इस अवसर पर इस प्रोजेक्ट की संयोजिका उमंग टंडन भी शामिल थी जो कि इस प्रोग्राम में अधिक से अधिक उभरते हुये खिलाड़ियो को लाभ प्रदान करवाने में प्रयासरत हैं। इस अवसर पर स्कूली बच्चियों को हाईजिन किट भी भेंट की गई। कार्यक्रम के दौरान स्कूलों के प्रिंसिपल भूपिंदर पाल और बीना रानी भी शामिल हुए जिन्होंनें फाउंडेशन के इन प्रयासों की सराहना की और उम्मीद जताई कि यह प्रयास अवश्य सार्थक होंगें।

# 17वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट 2024 का हुआ शुभारंभ

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



यूटी प्रशासन की वित्त एवं पर्यटन सचिव हरगुनजीत कौर द्वारा सोमवार को सेक्टर 42 स्थित चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट में 17वें ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट 2024 का उद्घाटन किया गया। जिसमें अमेरिका, स्पेन, नीदरलैंड, बुल्गारिया, रोमानिया, मिस्र, मॉरीशस, मलेशिया, नेपाल, भारत जैसे देशों से लोग भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में चितकारा यूनिवर्सिटी की प्रो वाइस चांसलर डॉ. मधु चितकारा, युवसत्ता के फाउंडर प्रमोद शर्मा और सीआईएचएम, चंडीगढ़ के प्रिंसिपल विशाल कालिया शामिल थे।

उद्घाटन सत्र में हरगुनजीत कौर ने दस अलग-अलग देशों के बारह युवा नेताओं को जीवाईपीएफ 2024 युथ लीडरशिप अवॉर्ड से सम्मानित किया। इनमें चंडीगढ़ इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी के प्रिंसिपल विशाल कालिया, स्पेन के ओपन यूरोप विभाग की जूलिया विलाफ्रेंका, अमेरिका के हेलेन वुडवर्ड एनिमल सेंटर की जैकलीन केल्हेर और हेली ब्लेक, मलेशिया के सेपुतेह हिंदू युवा आगेनाईजेशन के प्रवीण और डॉ. लोशसेनी, चेन्नई के वेलम्मल ग्रुप ऑफ स्कूल्स की वाइस प्रिंसिपल हेमलता श्री, मॉरीशस के ग्रैंड रिवर साउथ ईस्ट यूथ सर्कल के अध्यक्ष चंद्रवीर लछमुन, मॉरीशस के नेशनल यूथ काउंसिल की अंशिका रामदीन और नेमराज डूमकी, पंजाब के चितकारा यूनिवर्सिटी की डीन डॉ. संगीता पंत, नेपाल के सेंटर फॉर सोशल चेंज के पवन रॉय, तमिलनाडु के एकता परिषद के अजीत राजगोपाल और महाराष्ट्र के बॉम्बे सर्वोदय मंडल के लक्ष्मण गोले शामिल थे।

इस पूरे प्रयास के पीछे के विचार को साझा करते हुए, युवसत्ता के फाउंडर प्रमोद शर्मा ने कहा कि आज दुनिया इतिहास में युवा पीढ़ी आबादी का एक बड़ा हिस्सा हैं। ऐसे में, युवा सशक्तिकरण विश्व में शांति, प्रगति और समृद्धि के लिए एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है, जिसे कोई भी सरकारी या गैर-सरकारी संगठन नहीं कर सकता। वार्षिक ग्लोबल यूथ पीस फेस्ट युवाओं को लेट्स डू मोर और लीव नो वन बिहाइंड' के नारों के साथ नेटवर्क और साथ मिलकर काम करने के लिए एक मंच प्रदान करता है।

आज, स्पेन, अमेरिका और बुल्गारिया के संसाधन व्यक्तियों के साथ लैंगिक समानता, अंतर्राष्ट्रीय भागीदारी और युवाओं और अन्य लोगों के लिए मानव शिक्षा पर सत्र आयोजित किए गए। आज कार्यक्रम का समापन सीआईएचएम के छात्रों द्वारा रंगारंग ह्यहिमाचल प्रदेश के नाटी-लोक नृत्यह्ल के साथ हुआ, जिसमें विदेशी प्रतिनिधियों के साथ-साथ प्रमुख गणमान्य व्यक्तियों ने भी भाग लिया। बाद में वे सभी सुखना झील पर प्रकृति की सैर और फुरसत के पल बिताने गए।

## संक्षिप्त-समाचार

### हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. मट्टू ने ध्यान व शौक के माध्यम से तनाव प्रबंधित करने की दी सलाह

चंडीगढ़। सेक्टर 34 स्थित मुकुट अस्पताल ने चण्डीगढ़ सीनियर सिटिजंस एसोसिएशन के सहयोग से विश्व हृदय दिवस के अवसर पर हृदय स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने को लेकर एक समारोह आयोजित किया जिसमें इस स्वास्थ्य संस्थान से स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर चुके पूर्व हृदय रोगी भी विशेष तौर पर उपस्थित हुए। उन्होंने अस्पताल एवं अपने हृदय रोग को लेकर अनेक उपयोगी बातें मौजूद जनों से सांझा की। विख्यात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. आसिफ मट्टू (इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट) ने हृदय रोगों की रोकथाम के लिए जल्दी पहचान, हृदय के लिए स्वस्थ आदतों को अपनाने और हृदय रोगों के जोखिमों के बारे में जागरूक रहने के महत्व पर एक प्रेरणादायक चर्चा की। उन्होंने विशेष रूप से युवा वर्ग के लिए विश्व हृदय दिवस पर ट्रांस वसा और शर्करा में कम स्वस्थ आहार बनाए रखने, नियमित शारीरिक गतिविधियों जैसे चलने, दौड़ने या खेलों में भाग लेने, धूम्रपान और शराब का सेवन न करने, माइंडफुलनेस, ध्यान व शौक के माध्यम से तनाव प्रबंधित करने एवं नियमित स्वास्थ्य जांच कराने की सलाहों से परिपूर्ण एक उपयोगी व्याख्यान दिया। कार्यक्रम में हृदय रोगों की रोकथाम, जीवनशैली टिप्स और फिटनेस तथा पोषण पर इंटरैक्टिव सत्रों सहित विभिन्न गतिविधियां शामिल थीं जिसमें अस्पताल की डायरेक्टर हरमिंदर बत्रा, माय एफएम के आरजे जस्सी, डॉ. रमेश अग्रवाल व डॉ. तान्या, चण्डीगढ़ सीनियर सिटिजंस एसोसिएशन के अध्यक्ष एससी अग्रवाल, गुरदीप कौर, अर्चना सूद, लवलीन कौर, सुदेश गुप्ता, वीके जुनेजा, नेचाल सिंह, एसपी बावेजा, अध्यक्ष, रेल विहार सोसायटी, जीरकपुर भी सम्मिलित हुए।

### स्व. डॉ. ओमप्रकाश विग की 100वीं जयंती के उपलक्ष्य में पीयू में आज मनाया जाएगा स्थापना दिवस

चंडीगढ़। पंजाब यूनिवर्सिटी मंगलवार को अपना स्थापना दिवस भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद द्वारा स्थापना दिवस व्याख्यान के साथ मनाएगा। इस वर्ष का स्थापना दिवस समारोह विशेष महत्व रखता है क्योंकि यह स्वर्गीय डॉ. ओम प्रकाश विग की 100 वीं जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जा रहा है, जो एक प्रतिष्ठित रसायनज्ञ और पंजाब विश्वविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष थे। रसायन विज्ञान के क्षेत्र में उनके अग्रणी योगदान ने भारतीय शिक्षा जगत पर एक अविस्मरणीय छाप छोड़ी और उनका प्रभाव पीयू से कहीं आगे तक फैला। उनकी शताब्दी के सम्मान में, भारत सरकार के प्रधान वैज्ञानिक सलाहकार प्रो. अजय कुमार सूद स्वर्गीय डॉ. विग के जीवन, उपलब्धियों और वैज्ञानिक योगदानों पर आधारित एक जीवनी जारी करेंगे। इस अवसर पर प्रो. ओपी विग की विरासत को अमर बनाने और भविष्य के वैज्ञानिकों को प्रेरित करने के लिए भारतीय डाक द्वारा एक विशेष कवर रिलीज का भी अनावरण किया जाएगा। स्थापना दिवस समारोह विश्वविद्यालय की समृद्ध विरासत तथा शैक्षिक एवं अनुसंधान उत्कृष्टता के प्रति इसकी सतत प्रतिबद्धता पर चिंतन करने का अवसर प्रदान करता है। इस अवसर पर पीयू की वाइस चांसलर प्रो. रेणु विग प्राण नाथ वोहरा प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगी। पीयू के पूर्व वीसी प्रो. अरुण ग्रोवर पीयू स्थापना दिवस पर परिचय देंगे। प्रो. एसएस बारी और प्रो. राजेंद्र सिंह रसायन विज्ञान विभाग के पूर्व अध्यक्ष, एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. ओपी विग का संक्षिप्त परिचय देंगे। यूनिवर्सिटी इंस्ट्रक्शन की डीन प्रो. रुमिना सेठी और सभी वरिष्ठ अधिकारी भी समारोह में भाग लेंगे। प्रख्यात इतिहासकार प्रो. रोमिला थापर ने अक्टूबर, 2012 में पहला पीयू स्थापना दिवस व्याख्यान दिया था। ज्ञानपीठ पुरस्कार विजेता, प्रो. गुरदयाल सिंह ने वर्ष 2013 में दूसरा व्याख्यान दिया; श्रृंखला का तीसरा व्याख्यान प्रोफेसर श्रीकुमार बनर्जी, भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र , मुंबई में होमी भाभा चेयर के प्रोफेसर ने 2014 में दिया था; चौथा पीयू स्थापना दिवस व्याख्यान पीयू के पूर्व छात्र और मैसाचुसेट्स विश्वविद्यालय के एक प्रख्यात जीवविज्ञानी, प्रोफेसर कमलजीत बावा, एफआरएस द्वारा 2015 में दिया गया था। 2016 में, महात्मा गांधी चेयर प्रोफेसर श्रीमती इला भट्ट ने पांचवां स्थापना दिवस व्याख्यान दिया।

# एमसीएम ने योगासन और एकांकी नाटक प्रतियोगिताओं के माध्यम से मादक द्रव्यों के दुष्प्रभाव से अवगत करवाया

सिटी दर्पण

चंडीगढ़




मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के विक्ट्री अगेंस्ट ड्रग एब्यूज (वाडा क्लब) ने शारीरिक शिक्षा विभाग के सहयोग से भारत सरकार के सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत योगासन प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना और मादक द्रव्यों के दुरुपयोग के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाना था। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासनों में दक्षता का प्रदर्शन किया, जिससे स्वस्थ, नशा मुक्त जीवन शैली को बल मिला। इस कार्यक्रम में चक्रासन, पश्चिमोत्तानासन, भुजंगासन, सूर्य नमस्कार, हलासन, त्रिकोणासन और पादहस्तासन जैसे प्रमुख योगासन शामिल थे। एक अन्य कार्यक्रम में, वाडा क्लब ने ह्यसे नो टू ड्रग्स, से यस टू लाइफह्ल विषय पर एकांकी नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य मादक पदार्थों के दुरुपयोग के उत्पन्न खतरों और समाज पर पड़ने वाले इसके हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाना था। प्रतिभागियों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग से संबंधित विभिन्न मुद्दों को एकांकी के माध्यम से संबोधित किया, जिसमें परिवार, शिक्षा और समग्र स्वास्थ्य पर इसका नकारात्मक प्रभाव शामिल था। अपने रचनात्मक प्रदर्शन के माध्यम से, विद्यार्थियों ने मादक द्रव्यों के दुरुपयोग से व्यक्ति व उनके प्रियजनों को प्रभावित करने वाले भावनात्मक, शारीरिक और मनोवैज्ञानिक पहलुओं पर भी प्रकाश डाला। एकांकी नाटकों ने नशीली दवाओं के दुरुपयोग के खिलाफ सामूहिक कार्रवाई की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित किया और सकारात्मकता और उद्देश्यपूर्ण जीवन जीने का संदेश दिया। दोनों प्रतियोगिताओं के विजेताओं को नकद पुरस्कार और प्रमाण पत्र दिए गए।

# कहानी संग्रह कागज की कश्ती पर हुई चर्चा

सिटी दर्पण

चंडीगढ़



पंजाब यूनिवर्सिटी के हिंदी-विभाग में विगत दिवस पुस्तक परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत चंडीगढ़ की प्रसिद्ध लेखिका रेखा मित्तल के कहानी संग्रह कागज की कश्ती कृति की समीक्षा डॉ० सुधीर मेहरा (आचार्य अंग्रेजी विभाग पीयू चंडीगढ़), रेखा मौर्य (शोधार्थी) तथा साहिल (छात्र ट्रांशलेशन) ने की। डॉ० सुधीर मेहरा ने इस किताब की समीक्षा करते हुए कहा कि यह किताब कागज की वह कश्ती है जिसमें बैठकर रिश्तों की सही समझ पैदा हो सकती है। आज के समय में कागज की कश्ती एक ऐसी किताब है जो हम अपने बच्चों को बिना किसी संकोच के उपहार में दे सकते हैं। शोधार्थी रेखा मौर्य ने कहा कि आज के व्यस्ततम समय में लघु कलेवर की कहानियां पाठक को आकर्षित करती हैं। रेखा मित्तल की कहानियां बाल मनोविज्ञान और सामाजिक विसंगतियों के ऊपर आधारित हैं जो समाज को एक दिशा देने का काम कर रही हैं। साहिल ने कहानी संग्रह में संकलित कहानी 'कागज की कश्ती', 'गुड टच बैड टच', 'भाभी मां', 'पहला प्यार', 'हौसलों की उड़ान' आदि कहानियों पर चर्चा करते हुए कहा कि यह कहानी संग्रह लेखिका द्वारा गागर में सागर भरने का सार्थक प्रयास है। साथ ही उन्होंने कहानियों की विषयवस्तु पर अपना समीक्षात्मक वक्तव्य प्रस्तुत किया। पुस्तक समीक्षा के पश्चात कहानीकार रेखा मित्तल ने विभागाध्यक्ष तथा सभी वक्ताओं और श्रोताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहानी लेखन का अनुभव साझा करते हुए कहा कि कहानी हम लिखते नहीं बल्कि वो हमें लिखने के लिए मजबूर करती है। उन्होंने इस कहानी संग्रह से संबंधित श्रोताओं की जिज्ञासाओं का निवारण किया। विभागाध्यक्ष प्रो० अशोक कुमार ने सबका धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में रिश्तों में प्रेम और समर्पण की भावना कम होती जा रही है। ऐसे समय में समाज के लिए ऐसे साहित्य की आवश्यकता है जो उसे सही राह दिखा सके और 'कागज की कश्ती' कहानी संग्रह एक ऐसी कृति है जो समाज में इन मूल्यों और भावनाओं का संचार करने में सक्षम है। अंत में रेखा मित्तल ने विभागाध्यक्ष तथा सभी वक्ताओं व वशिष्ठ अतिथियों को उपहार देकर सम्मानित किया।

**समापन** — बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में हुआ हिन्दी पखवाड़ा का बेहतरीन समापन

# हिन्दी भाषा को डिजिटल अनुप्रयोग से और सशक्त समृद्ध किया जा सकता है: दानिश आजाद अंसारी

सिटीदर्पण

चंडीगढ़



बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय में दिनांक 30 सितम्बर को हिन्दी प्रकोष्ठ एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'हिन्दी पखवाड़ा' का बेहतरीन समापन हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर माननीय राज्यमंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण मुस्लिम वक्फ व हज विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, श्री दानिश आजाद अंसारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त मंच पर विशिष्ट अतिथि के तौर पर पद्मश्री एवं बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो. रणबीर चंद्र सोबती, विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा, कुलसचिव डॉ. अश्विनी कुमार सिंह, एनसीसी अधिकारी डॉ. राजश्री एवं विश्वविद्यालय हिन्दी अधिकारी श्री शिवकुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन एवं बाबासाहेब के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करने के साथ हुई। इसके पश्चात आयोजन समिति की ओर से अतिथियों एवं शिक्षकों को पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम संस्कृत एवं वैदिक अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. रिपुसूदन सिंह ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को स्वागत किया। इसके पश्चात हिन्दी अनुवाद अधिकारी श्रीमती संध्या दीक्षित ने सभी को अतिथियों के परिचय से अवगत कराया। मंच संचालन का कार्य डॉ. राजश्री ने किया और कहा कि सामाजिक एकता और अखंडता में हिन्दी का बहुत बाद योगदान रहा है।

माननीय राज्यमंत्री श्री दानिश आजाद अंसारी जी ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि, बीते कुछ वर्षों में हिन्दी का पुनरूत्थान हुआ है, जिससे समाज को एक नई दशा एवं दिशा मिली है। साथ ही डिजिटल युग में हिन्दी भाषा के लिए सॉफ्टवेयर, एप्लीकेशन एवं वेबसाईट का निर्माण हो रहा है, जो कि प्रशंसनीय है। हम सभी का कर्तव्य है कि हिन्दी भाषा के विकास एवं पुनर्जागरण हेतु ईमानदारी से कार्य करें।

पद्मश्री एवं बीबीएयू के पूर्व कुलपति प्रो. रणबीर चंद्र सोबती ने हिन्दी की महत्ता का वर्णन करते हुए कहा कि हिन्दी विश्व की सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषाओं में से एक तथा भारतीय एकता, सरलता, सहजता, सामाजिकता एवं आध्यात्मिकता की प्रतीक है। साथ ही हिन्दी पखवाड़ा का उद्देश्य हिन्दी के प्रति जागरूकता बढ़ाना, कार्यक्षेत्र में अधिक से अधिक हिन्दी को प्रयोग में लाना एवं युवा पीढ़ी को हिन्दी के प्रति आकर्षित करना है। इसके अतिरिक्त उन्होंने विदेशों में हिन्दी की उपयोगिता, साहित्यिक ग्रंथों एवं हिन्दी वर्तनी का महत्व, हिन्दी भाषा को बढ़ावा देने में मीडिया का योगदान, सतत विकास लक्ष्यों एवं मानव सेवा पर भी विस्तृत चर्चा की।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. एन.एम.पी. वर्मा ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम हिन्दी बेहद ही रोचक एवं रोमांचकारी भाषा है, जो कि दुनिया भर के देशों में प्रसिद्ध है। विभिन्न साहित्यकारों एवं लेखकों ने प्राचीन काल से ही हिन्दी के विकास में कार्य किया है। इसके अतिरिक्त बॉलीवुड में हिन्दी भाषा के प्रयोग ने हिन्दी को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई है।

समापन सत्र के दौरान 'हिन्दी पखवाड़ा' के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को माननीय अतिथियों द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अंत में धन्यवाद ज्ञापन का कार्य डॉ. बलजीत श्रीवास्तव ने किया। समस्त कार्यक्रम के दौरान प्रॉक्टर प्रो. संजय कुमार, आईक्यूएसी डायरेक्टर प्रो. राम चंद्रा, आईक्यूएसी डिप्टी डायरेक्टर प्रो. शिल्पी वर्मा, प्रो. सुदर्शन वर्मा, प्रो. नवीन कुमार अरोड़ा, प्रो शुरा दरापुरी, विभिन्न संकायों के संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, अधिकारीगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी एवं विद्यार्थी मौजूद रहें। विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओ के नाम इस प्रकार हैं। एकल गायन प्रतियोगिताः छात्र वर्ग में प्रथम- गौरी एन, द्वितीय-रितम राय, अभिषेक कुमार, तृतीय- आर्यन सिंह, वैशणवी मिश्रा, सांत्वना- देवांशी श्रीवास्तव, अंतरी सेन गुप्ता, शिक्षक & कर्मचारी वर्ग में, प्रथम- संजय शर्मा, द्वितीय-डॉ राजश्री, तृतीय- डॉ जवाहर लाल जाट, सांत्वना- डॉ कुवंर सुरेन्द्र बहादुर

हिंदी टंकण प्रतियोगिता प्रथम- सर्वेश कुमार, द्वितीय- अंकित कुमार, यादव, तृतीय- सचिन साहू, सांत्वना- विनीत गौर

हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता प्रथम- दया शंकर, द्वितीय- अमितेश सिंह, तृतीय- आशुतोष पटेल, सांत्वना- रमेश चन्द्र रावत

युगल गायन प्रतियोगिता- छात्र वर्ग में, प्रथम- रितम रॉय, आर्यन सिंह, द्वितीय- गौरी एन, देवांशी, तृतीय- सुधांशु, दुर्गेश, सांत्वना रोहित कुमार, अनुभव सिंह, शिक्षक & कर्मचारी वर्ग में प्रथम- के बी एल श्रीवास्तव, अंकित, द्वितीय- डॉ राजश्री, संध्या दीक्षित तृतीय- निकिता त्रिपाठी, संजय शर्मा, सांत्वना- संजय शर्मा, कशिश गौतम

टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता- प्रथम- सचिन साहू, द्वितीय- अंचल कुमार जैन, गीता अरोड़ा, तृतीय- मो0 कैफ खान, विनीत गौर, सांत्वना- मो0 आरिफ, रमेश कुमार यादव

कविता पाठ प्रतियोगिता, छात्र वर्ग में दुर्गेश शर्मा, अश्विनी कांत शुक्ला, आंचल गुप्ता, शिक्षक & कर्मचारी वर्ग में प्रथम- के बी एल श्रीवास्तव, द्वितीय- संजय शर्मा, तृतीय- गीता अरोड़ा, अमित, सांत्वना- सतविंदर कौर, अविनाश कौर।